राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ,मंगलवार, 21 मई 2024
वर्ष 05, अंक 231, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

आखिर कब होगी बिना प्रस्ताव व एस्टीमेट की हटाई गई हाई टेंशन लाइन के जिम्मेदारों पर कार्यवाही...06

सुप्रीम लीडर खामनेई ने कर दिया ऐलान, रईसी की मौत बाद मोखबर को मिली ईरान की कमान...12

इज़रायली पीएम के ख़िलाफ़ युद्ध अपराधों को लेकर गिरफ़्तारी वॉरंट जारी हो- अंतरराष्ट्रीय कोर्ट

● अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के मुख्य अभियोजक करीम ख़ान ने इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री याओव गैलेंट के साथ ही तीन हमास नेताओं के ख़िलाफ़ भी युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों का हवाला देते हुए अरेस्ट वॉरंट जारी करने की मांग की है.

स्वतंत्र प्रभात

नई दिल्ली- अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट-आईसीसी) ने गाजा में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए गिरफ्तारी वॉरंट की मांग की है. रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने इजरायली रक्षा मंत्री याओव गैलेंट और तीन हमास नेताओं-याह्या सिनवार, मोहम्मद दीब इब्राहिम अल-मसरी (डीफ) और इस्माइल हनियेह के लिए भी समान वॉरंट जारी करने की मांग उठाई है. अदालत के मुख्य अभियोजक (चीफ प्रासीक्यूटर) करीम खान द्वारा जारी एक बयान में इन नेताओं के खिलाफ आरोपों का विवरण देते हुए जोड़ा गया है कि उनके कार्यालय ने इन आरोपों के समर्थन में सबूत जमा किए हैं।

नेतन्याहू और गैलेंट द्वारा युद्ध अपराध

करीम खान के बयान है कि उनके कार्यालय द्वारा जमा किए गए और जांचे गए सबूतों के आधार पर उनके पास यह मानने का उचित आधार है कि इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री याओव गैलेंट 8 अक्टूबर 2023 से फिलिस्तीन राज्य के क्षेत्र (गाजा पट्टी) में किए गए युद्ध अपराधों (वॉर क्राइम) और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं. उन्होंने आगे बताया है कि युद्ध अपराधों के तहत नागरिकों को भुखमरी के लिए मजबूर करना, उन्हें शारीरिक हानि पहुंचना, क्रूर बर्ताव, उन पर हमले करवाना आदि आता है, जो कई अंतरराष्ट्रीय कानूनों का हनन है।

खान ने आगे कहा कि मानवता के खिलाफ किए गए अपराध सरकारी नीति के अनुसार फिलिस्तीनी आबादी के खिलाफ व्यापक और व्यवस्थित तरीके से किए गए थे और उनका आकलन बताता है कि अब भी ये अपराध जारी हैं. उन्होंने जोड़ा कि इज़रायल ने यह मकसद ही बना लिया है कि गाजा के नागरिकों को जानबूझकर और व्यवस्थित रूप से उन बुनियादी चीज़ों से वंचित रखा जाए जो ज़िंदा रहने के ज़रूरी हैं।

उनके बयान में कहा गया, 'यह सब गाजा में घेराबंदी किए जाने से शुरू हुआ, जिसमें 8 अक्टूबर 2023 से तीन सीमा पार बिंदुओं-राफा, केरेम शालोम और इरेज़ को लंबे समय के लिए बंद करना और फिर सीमा खुलने पर खाने और दवाओं सहित आवश्यक चीजों की आपूर्ति को मनमाने ढंग से प्रतिबंधित करना शामिल था. इसी समय, 9 अक्टूबर 2023 से इजरायल से गाजावासियों के स्वच्छ पानी के प्रमुख स्रोत- यानी सीमा पार से आ रही पानी की पाइपलाइनों को काटा गया. 8 अक्टूबर 2023 से आज तक बिजली की आपूर्ति में कटौती भी जारी है. इस बीच नागरिकों पर अन्य हमले भी हो रहे थे, जहां खाना लेने के लिए कतार में खड़े लोग भी मारे गए थे; मानवाधिकार एजेंसियों के मदद पहुंचाने के अभियानों में बाधा डाली गई, सहायता कर्मियों पर हमले हुए और उनकी हत्या हुई, जिसके चलते कई एजेंसियों को गाजा में अपना अभियान बंद या सीमित करने के लिए मजबूर होना पड़ा.' खान के अनुसार, इज़रायल ने 'भुखमरी को जंग के तरीके की तरह इस्तेमाल करने' की योजना बनाई थी. नतीजन, गाजा के कुछ क्षेत्रों में अकाल पड़ चुका है और अन्य कई क्षेत्रों में ऐसे हालात बस आने ही वाले हैं।

हमास नेताओं पर आरोप

हमास नेताओं पर लगे आरोपों पर खान ने कहा है कि उनके पास मौजूद प्रमाणों के आधार पर वे यह कह सकते हैं कि कि याह्या सिनवार (गाजा पट्टी में इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन (हमास) के प्रमुख), मोहम्मद दीब इब्राहिम अल-मासरी, जिसे आमतौर ष्ठश्वढ्ढस्न (हमास की सैन्य शाखा के कमांडर-इन-चीफ, जिसे अल-कसम ब्रिगेड के नाम से जाना जाता है), और इस्माइल हनीयेह (हमास राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख) 7

अक्टूबर 2023 से इज़रायल और फ़िलिस्तीन राज्य (गाज़ा पट्टी में) क्षेत्र में कई युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के जिम्मेदार हैं।

युद्ध अपराधों के ब्योरे में कहा गया है कि उन्होंने भीषण विध्वंस, हत्याओं, लोगों को बंधक बनाने, बलात्कार, यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों को अंजाम दिया, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सीधा उल्लंघन हैं. खान का कहना है कि ये तीनों 7 अक्टूबर 2023 को हमास (विशेष रूप से इसकी सैन्य शाखा, अल-कसम ब्रिगेड) और अन्य सशस्त्र समूहों द्वारा किए गए हमलों में सैकड़ों इजरायली नागरिकों की हत्या और कम से कम 245 लोगों को बंधक बनाने के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार हैं।

क्या होगी अगली कार्रवाई

खान ने कहा है कि इन सभी के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट की मांग और इससे जुड़ी सामग्री तैयार करने में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कानून के विशेषज्ञों के एक पैनल से सलाह ली, जो सभी इस आह्वान से सहमत हैं.

आईसीसी न्यायाधीशों का एक पैनल अब गिरफ्तारी वॉरंट के लिए खान के आवेदन पर विचार करेगा. ज्ञात हो कि हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के आतंकी हमले के बाद इज़रायल ने गाजा में एक सैन्य अभियान शुरू किया. 7 अक्टूबर को हमास के हमले में 1,200 लोग मारे गए और 252 लोगों को बंधक बना लिया गया. तब से, गाजा में इज़रायल के सैन्य अभियान में 35,090 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं. इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया के विभिन्न देशों द्वारा किए जा रहे युद्धविराम के सभी आह्वानों को नजरअंदाज किया है।

दक्षिण अफ्रीका ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में इज़रायल के खिलाफ नरसंहार का मामला दायर किया है. जनवरी में अपने अंतरिम आदेश में कोर्ट ने इजराइल को जिनेवा कन्वेंशन का पालन करने को कहा था. हालांकि, इज़रायल की कार्रवाइयों में कोई कमी नहीं आई. मार्च में आईसीजे ने नए आदेश में कहा था कि इज़रायल 'संयुक्त राष्ट्र के साथ पूर्ण सहयोग से, बिना किसी देरी के, पूरे गाजा में फ़िलिस्तीनियों को बुनियादी सेवाओं और मानवीय सहायता की तत्काल ज़रूरतों को पूरा करने के सभी आवश्यक और प्रभावी उपाय करेगा। '

ईडी सीएम अरविंद केजरीवाल के सरेंडर करने से पहले पहुंची कोर्ट, अंतरिम जमानत खत्म होते ही हिरासत की मांग की

शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 2 जून को कोर्ट के समक्ष सरेंडर करेंगे. इससे पहले ईडी ने उनकी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की है. इस पर कोर्ट ने कहा कि आपने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत क्यों मांगी है? वो अंतरिम जमानत पर हैं.

स्वतंत्र प्रभात

कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से 10 मई को जमानत मिली थी. 2 जून को उनको कोर्ट के समक्ष सरेंडर करना होगा. इससे पहले ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने सरेंडर के समय उनकी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट में आवेदन किया है. इसमें कहा है कि आवेदन बहुत सावधानी से पेश किया जा रहा है. हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते, जहां वो कहें कि हमने समय पर इसे पेश नहीं किया. कोर्ट ने कहा कि आपने न्यायिक हिरासत क्यों मांगी है? वो अंतरिम जमानत पर हैं।

ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने कोर्ट के सवाल के जवाब में कहा है कि यह तब के लिए है, जब वो आत्मसमर्पण करेंगे. हम ऐसी स्थिति नहीं चाहते, जहां दूर-दूर तक यह भी कहा जाए कि हमने समय पर उन्हें पेश नहीं किया. इसे लंबित रखा जा सकता है. कोर्ट ने कहा कि उन्हें कहां आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया है? कोर्ट में या जेल में? क्योंकि 2 तारीख को रविवार है।

हम इस आवेदन को लंबित रखेंगे- कोर्ट

ईडी ने कहा कि भले ही आत्मसमर्पण जेल में हो लेकिन उस दिन से उनकी हिरासत वहीं होनी चाहिए. आवेदन लंबित रखा जाए. कोर्ट ने कहा कि हम इस आवेदन को लंबित रखेंगे लेकिन 2 तारीख रविवार है. हम पहले से कोई आदेश पारित नहीं कर सकते.

राउज ऐवेन्यू कोर्ट में 2 जून को सुनवाई

जांच एजेंसी ने कहा कि इसे रिकॉर्ड पर लिया जा सकता है और 2 तारीख को उनके निवास से लिया जा सकता है. कोर्ट ने कहा कि या फिर ड्यूटी पर मौजूद जज इसे देख सकते हैं. हम इसे इस निर्देश के साथ रिकॉर्ड पर ले सकते हैं कि इसे 2 तारीख को ड्यूटी पर मौजूद जज द्वारा लिया जा सकता है।

ईडी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है, इसलिए हमें यह मानकर चलना होगा कि वो आत्मसमर्पण कर देंगे. दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली हुई है. सुप्रीम कोर्ट ने 2 जून को केजरीवाल को सरेंडर करने का निर्देश दिया है. केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने के ईडी के आवेदन पर राउज ऐवेन्यू कोर्ट में 2 जून को सुनवाई होगी.

सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर कल भी सुनवाई

दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले में क्रक्र-नेता के. कविता समेत अन्य के खिलाफ दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर कल भी सुनवाई जारी रहेगी. राउज एवेन्यू कोर्ट पहले कविता के खिलाफ दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर सुनवाई कर रहा है. इसके बाद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर सुनवाई करेगा।

संक्षिप्त ख़बरें

छेड़छाड़ का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद हरदोई। मझिला थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए जा रही किशोरी को बदनीयती से जबरदस्ती पकड़ने, विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मझिला थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी के पिता ने बताया उसकी 17 वर्षीय किशोरी सुबह 4 बजे शौच के लिए खेत की तरफ गई थी। तभी गांव निवासी युवक ने बदनीयती से उसे जबरदस्ती पकड़ लिया।विरोध करने पर विपक्षी ने उसकी पुत्री को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

ईवीएम मशीन खराब होने से 40 मिनट बाधित रहा मतदान

शिवगढ़,रायबरेली। प्राथमिक विद्यालय अछई में बनाए गए पोलिंग बूथ संख्या 281 में पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे ईवीएम मशीन खराब हो गई जिसकी जानकारी पीठासीन अधिकारी द्वारा उच्चधिकारियों को दी गई। करीब 40 मिनट बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट ने मशीन बदलवाकर मतदान को चालू कराया।

कुम्हरावां में पीठासीन अधिकारी व अभिकर्ताओं के बीच हुई कहासुनी

समय 11:30 पर कुम्हरावां के बूथ संख्या 198 पर पीठासीन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह व पोलिंग पार्टी के कर्मचारी अपनी कुर्सी छोड़कर बगल के कक्ष में भोजन करने चले गए। वहीं मतदाता चिलचिलती धूप एवं भीषण गर्मी में वोट डालने के लिए लाइन में खड़े रहे जिसको लेकर पीठासीन अधिकारी व अभिकर्ताओं में झड़प हो गई। धूप में खड़ी महिला मतदाता शिवदेवी, गीता, रीता,रामरानी ने बताया कि वोट डालने आए हैं यहां कोई मौजूद नहीं है। कुछ देर में पहुंचे पीठासीन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मतदाता नहीं थे बूथ खाली था इसलिए हम लोग भोजन करने चले गए थे।

नहीं रुक रहा चोरियों का सिलसिला, आए दिन हो रही चोरियां, नही हो पा रहे खुलासे

स्वतंत्र प्रभात

मितौली खीरी। थाना क्षेत्र कस्बे में थाना मुख्यालय से महज सौ मीटर दूर व क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सामने स्थित बियर की दुकान में उन्नीस मई की रात चोरों ने पुलिस गस्त को धता बताते हुए हजारों की नगदी, डी वी आर कैमरे चोरी हो गए। सुबह जब बियर विक्रेता द्वारा दुकान कों खोला गया वह देख कर दंग रह गया। विक्रेता दुकान मालिक को सूचना दी। सेल्स मैन द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उन्नीस मई की रात दुकान अनुज्ञापी मालती देवी की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के पीछे से प्लाई काटकर दुकान से शनिवार व रविवार की बिक्री लगभग इक्याशी हजार दो सौ रुपए नगद, 10 केन वियर, दुकान में लगे कैमरे तथा डी बी आर चुरा ले गए पांच मई की रात थाना क्षेत्र के गांव डहर में एक हीं रात में राधेश्याम पुत्र ब्रम्हादीन, कपिल पान्डे पुत्र राम लोटन तथा रवि पुत्र रामगोपाल के घरों में नगदी, जेवर समेत लाखो की चोरी कर चोर मौके से फरार हो गए थे ।

गृह स्वामियों ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। किंतु दस दिनों से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है किंतु आज तक चोरियो का खुलासा एक राज बना हुआ है।

वहीं गुरुवार को कस्ता में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर पुलिस पिकेट से करीब दो सौ मीटर दूर अनाज की खरीददारी कर रहे व्यापारी से उचक्कों द्वारा बैग दिन दहाड़े रुपयों से भरा थैला छीन फरार हो गए थे। चोरियों और छिनैतियों का खुलासा न होने से और अपराध बढ़ सकते है।

पीलीभीत उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जिले में बिजली कटौती को लेकर किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जिले में अघोषित बिजली कटौती तथा आये दिन होने वाले फाल्टों की समस्या के चलते बिजली आपूर्ति में आ रही बाधाओं के खिलाफ सोमवार को अधिशासी अभियंता कार्यालय पर ज़िला अध्यक्ष एम ए जीलानी की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने एक ज्ञापन देकर चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होता तो व्यापार मंडल अधिशासी अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर आंदोलनात्मक कार्यवाही करेगा। श्री जीलानी ने कहा इस भीषण गर्मी के बीच जनपद में बिजली की अघोषित कटौती ने इन दिनों शहरवासियों का हाल बेहाल कर दिया है। कभी सुधार के नाम पर तो कभी जर्जर संसाधनों में आई खराबी के नाम पर घंटो बिजली गुल हो रही है। तारों का टूटना और आग लगना भी आम बात है। जिसके पीछे विद्युत विभाग कर्मचारी ओवरलोड और मरम्मत का बहाना बता कर खुद को अपनी जिम्मेदारी से बचते नज़रआ रहे है। रविवार को ही सुबह 4 बजे से सुबह 7 बजे तक के लिए अधिशासी अभियंता पंकज भारती ने लिखित सूचना दी थी कि मरम्मत की वजह से उपरोक्त समय में बिजली बाधित रहेगी। लेकिन सुबह 7 बजे बिजली आने के बजाय दिन में 10 बजे लाइट आई और उसके बाद 10 मिनट लाइट का आना और घंटो के लिए चले जाना का क्रम जारी रहा। इससे पूरे दिन बिजली आपूर्ति सामान्य नहीं हो सकी। इसको लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक वा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव वा ज़िला अध्यक्ष कंचन सक्सेना के नेतृत्व में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने सोमवार कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड एकत्रित होकर विरोध प्रकट कर एक ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड पंकज कुमार भारती को दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस भीषण गर्मी के बीच बिजली की अघोषित कटौती में इन दिनों शहर वासियों का हाल बेहाल कर दिया है। सारा व्यापार चौपट हैं। कभी सुधार के नाम पर तो कभी जर्जर संसाधनों में आई खराबी के नाम पर घंटो बिजली गुल रहती हैं, तारो का टूटना और आग लगना आम बात है। विद्युत विभाग कर्मचारी ओवर लोड और मरमम्त का बहाना बता कर खुद की जिम्मेदारियों से बचना चाहाते है, इसको लेकर

व्यापारी वर्ग व आम जनमानस में आक्रोश बढ़ता जा रहा हैं।

जहानाबाद युवा अध्यक्ष हसन खां के साथ आए व्यापारी साथियों ने जहानाबाद की समस्या से अवगत कराया और सुधार की मांग की!

ज्ञापन मे चेतावनी दी गयी है कि अविलम्ब इस समस्या का समाधान किया जाएग अन्यथा एक सप्ताह बाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंण्डल आपके कार्यालय पर धरना देने पर मजबूरन हो जायेगा। जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने इस बात पर नाराजगी प्रकट की कि अधिकारी और अभियंता अपने सरकारी सीयूजी नंबर नहीं उठाते है। इससे आम जनता को सही समय पर सूचना नहीं मिल पाती है। अधिशासी अभियंता ने आश्वस्त किया कि विभाग जल्द से जल्द समस्या के समाधान का प्रयास करेगा। प्रदर्शन में ज़िला अध्यक्ष एम ए जिलानी के अलावा ज़िला चेयरमैन अनिल महेंद्रु, ज़िला संरक्षक प्रकाश वीर सिंह ,ज़िला महामंत्री पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल,विक्रांत मिश्र, विक्रम सिंह,संजय पांडे,अनिल अरोड़ा, सुनील वर्मा, वीरेंद्र रस्तोगी, ऋषि कन्नौजिया, रजत सागर सैनी ,जलील अहमद, हसन खां जहानाबाद, अनिल अरोड़ा , प्रवीण मोहन अग्रवाल,राशिद अंसारी,हेमंत रस्तोगी, गौतम गोहा,मयंक जैसवाल, मोहम्मद अतहर, संजीव सक्सेना, शेर सिंह, सुधीर पाल सिंह,जमाल ख़ान, राम स्वरूप मौर्य,नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, शलभ सिंह, मुस्तकीम, साजिद अंसारी, मोबीन,युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा , युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी ,महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव, महिला ज़िला अध्यक्ष कंचन सक्सेना, सागर सैनी, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

सर्वोच्च न्यायालय के शख्त निर्देश के बावजूद किसान धड़ल्ले से अवशेषों में लगा रहे आग

स्वतंत्र प्रभात

कछौना, हरदोई। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण व सर्वोच्च न्यायालय के सख्त निर्देश के बावजूद कछौना क्षेत्र में फसल के अवशेषों को किसान धड़ल्ले से आग लगा रहे हैं। जिससे आग लगने की घटनाओं की संभावना बनी रहती है। वहीं पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। वर्तमान समय में रवी की फसल ज्यादातर किसान श्रमिकों से न कटवा कर कंबाइन मशीन से फसल कटाते हैं। जिससे फसल के अवशेष रह जाते हैं। इनमें किसान आग लगा देते हैं, आग के विकराल रूप के कारण आग की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। फसल अवशेष को जलाने से वातावरण प्रदूषित होता है। मिट्टी के पोषक तत्वों की अत्यधिक क्षति एवं मिट्टी की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। वही मिट्टी के हजारों की

संख्या में कीड़े मकोड़ों की आग जलने से मृत्यु हो जाती है। इस आग की घटनाओं के कारण वायु की गुणवत्ता में कमी व आंखों में जलन एवं फेफड़ों की बीमारी फैलती है। फसल अवशेषों को जलाने से मृदा ताप में बढ़ोतरी होती है। जिसके कारण वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं। पशुओं के चारे की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। आसपास के खेतों व आबादी क्षेत्र में अग्निकांड होने की संभावना रहती है। कछौना क्षेत्र के किसानों द्वारा लगातार अवशेष में आग लगाने की घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। जिसके चलते कभी भी आग लगने की घटना की संभावना बनी हुई है। अवशेषों में आग लगाने के मामले पर तहसीलदार सण्डीला ने बताया दोषी किसानों पर जुर्माना की कार्यवाई की जाएगी, साथ में पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी राजस्व विभाग द्वारा कराई जा रही है।

एंबुलेंस के फर्जी चक्कर लगाने के मामले में अभी जांच अधूरी

● चुनाव बाद जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

चुनाव की वजह से जांच पूरी नहीं हो पाई है चुनाव बाद जांच पूरी कर फाइल जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी- सीएमओ

स्वतंत्र प्रभात

अम्बेडकरनगर। एंबुलेंस के फर्जी चक्कर लगाने के मामले में खबर प्रकाशित हुई है कि एम्बुलेंस के फेरे में अनियमितता बरती गई है इसकी पुष्टि जांच से लगभग हो चुकी है। जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने तीन आशाओं, पांच एंबुलेंस कर्मियों व अन्य 10 लोगों के बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार की है। आज सोमवार को तीन सदस्यीय जांच टीम अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंपेंगी। सीएमओ जिलाधिकारी को जांच आख्या भेजेंगे। जिलाधिकारी स्तर से आरोपित कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।जीवीके संस्था से संचालित जिले में जिला चिकित्सालय के साथ स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 58 एंबुलेंस संचालित हो रही हैं। मरीजों व घायलों को जिला चिकित्सालय एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर

पहुंचाने के लिए 26 एंबुलेंस 102, 26 एंबुलेंस 108 तथा चार एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस संचालित हैं। एंबुलेंस को फर्जीवाड़ा कर दौड़ाया गया और इसी के नाम पर डीजल और मरम्मत दिखाकर लाखों रुपए किया गया है। बताया जाता है कि एक एंबुलेंस को प्रतिदिन 30 चक्कर लगाने की अनिवार्यता है और इसी लक्ष्य को पूर्ण करने में कर्मचारियों ने फर्जीवाड़ा कर नामित एजेंसी ने दस्तावेज तैयार कर दिया था। अब यह उन्हीं के गले का फांस बन गया है। शनिवार व रविवार को जांच टीम में शामिल चिकित्साधिकारियों ने जिन आशाओं के मोबाइल नंबर से फोन कर एंबुलेंस बुलाई गई थी, उन सभी का बयान दर्ज किया। इसके साथ एंबुलेंस कर्मियों का भी बयान लिया गया है।

क्या बोले सीएमओ

एंबुलेंस के फर्जी चक्कर लगाने के मामले में जब सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी से टेलीफोन से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि चुनाव के चलते अभी जांच पूरी नहीं हो पाई है जब यह पूछा गया क्या अभी जांच नहीं पूरी हो पाई है उन्होंने बताया कि चुनाव की वजह से जांच पूरी नहीं हो पाई है चुनाव बाद जांच पूरी कर फाइल जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी।

संक्षिप्त ख़बरें

एडीजी जोन गोरखपुर नें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए एडीजी जॉन गोरखपुर ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

बस्ती बस्ती जिले में पॉलिटेक्निक बस्ती के प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 मई को बस्ती प्रोग्राम को देखते हुए एडीजी जॉन गोरखपुर डॉ. के एस प्रताप कुमार द्वारा आईजी बस्ती आर के भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के मौजूदगी में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज परिसर,हेलीपैड, पार्किंग आदि का तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान शांति सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात के सुचारु रूप से संचालन हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर विनय कुमार चौहान तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा मकान मालिक घायल

बस्ती। बस्ती जिले में हाईवे पर रविवार की भोर में गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जा रही एक ट्रक अनियंत्रित होकर तिलकपुर मंदिर के पास हाईवे किनारे एक घर में घुस गया। हादसे में मकान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बरामदे में सो रहे मकान मालिक रिटायर्ड शिक्षक जयप्रकाश मिश्र (68) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। रिटायर्ड शिक्षक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना भोर में तकरीबन 5.30 बजे की बताई जा रही है। गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जा रहे ट्रक चालक को झपकी आ गई और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बिजली के पोल और पेड़ों को उखाड़ते हुए एक घर में घुस गया। इस हादसे में घर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि पूरा मकान हिल गया। बरामदे में रिटायर्ड शिक्षक जयप्रकाश तख्त पर बैठकर चाय पी रहे थे। वह भी ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने आनन-फानन में शिक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर चौकी इंचार्ज फुटहिया दुर्गा प्रसाद पाण्डेय मौके पर पहुंचे और परिजनों से तहरीर देने की बात कही।

भीषण गर्मी चलते बेजुबानों के पानी पीने हेतु रखा गया नांद

बांदा। रविवार को मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि बांदा जनपद में इस समय गर्मी का पारा 43 डिग्री पार करता दिख रहा है जोकि बेहद ही खतरनाक साबित हो सकता है। आम जनमानस तो अपना बचाव किसी न किसी तरह कर लेंगे, लेकिन बेजुबान जानवरो के हालात पानी न मिलने के वजह से खराब हो सकते हैं। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के तत्वाधान में इसी बात को ध्यान में रखते हुए बांदा जनपद के शहरी क्षेत्रों में कई जगहों पर नांद रखकर उनमें पानी भरा जा रहा है, और एक अभियान चलाया जा रहा है जिससे गौवंश के साथ ही साथ अन्य बेजुबान जानवरो को भी गर्मी में पानी प्राप्त हो सके। इसी कड़ी में आज रविवार को खुटला में इमामबाड़ा के पास एक नांद रखवाया गया है जिससे कि जानवर पानी पी सके और गर्मी से थोड़ा राहत प्राप्त कर सकें। इस दौरान समित के जिलाध्यक्ष ने सभी से निवेदन किया कि आम जनमानस भी अपने आसपास के क्षेत्रों में बेजुबानों पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें क्युकी ये सभी हम सब पर ही तो आश्रित हैं इसलिए हमे इन सबका भी ध्यान रखना है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया नगर अध्यक्ष कुलदीप नामदेव लोग मौजूद रहे।

बस्ती पहुंचे अखिलेश यादव ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बस्ती में सोमवार को बस्ती जिले के जीआईसी ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने गठबंधन के प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर। जनसभा को संबोधित करते हुए बिना नाम लिए बहुजन समाज पार्टी पर तंज कसा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंच से कहा- एक दल है जिसका एक विधायक गलती से जीत गया है, उन्होंने अंदर ही अंदर बीजेपी से हाथ मिला लिया है। बहुजन समाज के लोगों से अपील है ये लोग संविधान को बदलकर हक छिनना चाहते हैं, इसलिए चुनाव में वोट करते समय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने का काम करना।

इंडिया गठबंधन के पक्ष में समर्थन मांगाअखिलेश ने कहा, ये 2024 का चुनाव बहुत अलग होता जा रहा है। जनता द्वारा इस बार सारी सीमाओं को तोड़ते हुए पूरे तरीके से इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया जा रहा है। अभी मैं और राहुल गांधी प्रयागराज-फूलपुर गए हुए थे। वहां भी लोगों का खूब समर्थन देखने को मिला। जैसे चुनाव बढ़ता जा रहा जनता का गुस्सा भाजपा के लिए बढ़ता जा रहा है। 7वें चरण में गुस्सा सांतवें आसमान पर होगा। भाजपा के लोग संविधान को हटाना चाहते हैं और हम लोग संविधान की रक्षा करने निकले हैं।आप लोग भी संकल्प लीजिए, संविधान बदलने वालों को आप लोग बदल देंगे। सरकार तो बदलेगी ही उसके साथ मंत्री मंडल भी बदलेगा और मीडिया मंडल भी बदलेगा। पिछले 10 सालों से आप लोगों ने सब कुछ झूठ ही देखा है। किसानों की आय दोगनी की बात करते थे, लेकिन किसी की आय नहीं बढ़ी। उल्टा लागत बढ़ा दी। साथ ही खाद्य, डीजल, कीटनाशक और महंगा कर दिया। किसान लगातार कर्ज से घिरा हुआ है।

अल्पसंख्यक सम्मेलन में खादिम हुसैन ने दिखाई ताकत

● भारतीय जनता पार्टी बस्ती का जिला अल्पसंख्यक सम्मेलन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में आज भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सभागार में पार्टी के अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं और समर्थकों का एक सम्मेलन आयोजित किया गया, सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष कुंअर बासित अली ने संबोधित किया, अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सभी वर्गों का सम्मान हुआ है ,सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों के साथ-साथ बड़े पैमाने पर मुस्लिम समाज के लोगों को भी मिल रहा है,

शासन की जितनी योजनाएं चल रही है उनमें सर्वाधिक लाभ मुस्लिम समाज का हो रहा है, देश में और प्रदेश में कहीं भी देंगे नहीं हो रहे हैं, मुसलमानो की जान माल इज्जत आबरू की हिफाजत हो रही है, देश और प्रदेश में अमन चैन कायम है, मुसलमान तरक्की कर रहा है उन्होंने सम्मेलन में आए सभी लोगों से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और मा.हरीश द्विवेदी को तीसरी बार सांसद बनने का आवाहन किया , इस सम्मेलन को प्रमुख रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता खादिम हुसैन, जिला अध्यक्ष आलम चौधरी, वरिष्ठ नेता मोहम्मद शमीम उर्फ बब्बू खान, महासचिव मुनव्वर हुसैन, गुलाब अहमद, हाजी रफीक अंसारी, मौलाना रहमत अली, सलमान फारसी सहित कई लोगों ने संबोधित कियासम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रधान एजाज अहमद शौकत अली, मोहम्मद वसीम, इरफान अहमद, रहमतुल्लाह ,मोहम्मद नसीम , मोहम्मदकलीम, सुल्तान अहमद, अनवर शाह, अखलाक हुसैन, मोहम्मद इमरान, गुड्डू खान, मोहम्मद मुनीर सहित हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के सम्मानित लोग मौजूद थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आलम चौधरी और संचालन महामंत्री मुनव्वर हुसैन ने किया।

ओम प्रकाश राजभर का सपा-कांग्रेस पर कसा तंज राहुल अखिलेश को बच्चा और खुद को बताया चच्चा

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती बस्ती जिले में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने बस्ती के दो स्थानों पर चुनावी जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी सांसद हरीश द्विवेदी के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए मतदाताओं के समक्ष बात रखी। मतदाताओं से कहा कि जो रुपये बांटने आए, उसका रुपया छीनकर रख लो। कुछ पुलिस को दे दो। शराब बांटने आए तो ले लो और कमल का बटन दबा दो। कांग्रेस नेता राहुल और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसा और कहा कि यह दोनों बच्चा हैं, हम उनके चच्चा हैं। चुटीले अंदाज में पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी के कामों की तारीफ की। उनकी जनसभा कुदरहा विधानसभा क्षेत्र के पाऊं और सदर विधानसभा क्षेत्र के वाल्टरगंज के भरौली बाबू गांव में हुई।वही पांऊ में सोमेश्वरनाथ मंदिर के मैदान में भाजपा के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कांग्रेस और सपा पर जमकर तंज कसे। कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारों ने सिर्फ दलित और पिछड़ों का हक छीनने का काम किया है। इन पार्टियों को राजभर समाज की याद सिर्फ चुनाव में आती है। मोदी और योगी सरकार ने महाराज सुहेलदेव के नाम से आजमगढ़ में विश्वविद्यालय खोला। महाराज सुहेलदेव एक्सप्रेस और डाक टिकट भी जारी किया। नरेन्द्र मोदी की सरकार में बिजली का बिल माफ हो जाएगा। उन्होंने खुले शब्दों में कहा कि यदि 10 लाख रुपये बांटने आए तो रुपया ले लो। नौ लाख रुपये आपस में बांट लो। एक लाख रुपये पुलिस को बुलाकर दे दो और नोट बांटने के आरोप में गिरफ्तार करा दो। शराब बांटने आए तो पुलिस के हवाले कर दो। पूछने आए तो कहो नशे में कर दिया। इस पर जनसभा में हंसी के फौव्वारे छूट गए। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगा। सांसद हरीश द्विवेदी ने आभार जताया। पूर्व विधायक रवि सोनकर, ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे, रघुनाथ सिंह, ब्रह्मदेव यादव देवा, वृंदावन चंद्रभान पांडेय, आसमान सिंह आदि मौजूद रहे।

सड़क कीदशा काफीखराब होने से ग्रामीणों मेंहैरोष, चौड़ीकरण व सुंदरीकरण करवाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। अंतरराष्ट्रीय लुंबिनी दुद्धी मार्ग पर स्थित अन्देउरा चौराहे से पूर्व विकासखंड रुधौली के ग्राम पंचायत मल्हवार, मदरहना, चौथिया, भीटा, तिघरा, तिघरी सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति बद से बदतर हो जाने के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने आइजीआरएस, ट्विटर एक्स सहित अन्य प्लेटफार्मो पर करने के बाद भी किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान न देने से ग्रामीणों में रोस है। आपको बताते चलें वर्ष 2017 के पूर्व यह सड़क लगभग 10 किलोमीटर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनवाया गया था और सब कुछ सामान्य तरीके से चल रहा था लेकिन कई वर्ष भी जाने के बाद इस सड़क पर ना तो मरम्मत और ना ही सुंदरीकरण हुआ जिससे कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने से आए दिन लोग चोटिल होते रहते हैं। परेशान होकर लोगों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकिन सुनवाई न होने से थक हार कर मीडिया का सहारा लिए और सड़क के सुंदरीकरण व चौड़ीकरण की मांग की है। अभी कुछ दिन बाद लोकसभा चुनाव भी होना है और इस सड़क पर प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय भी है जहां पर कई गांव के बच्चे पठन-पाठन हेतु आते भी हैं लोकसभा चुनाव में बूथ के रूप में भी इसका चयन हुआ है लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया। यहां पर ग्राम प्रधान अब्दुल करीम, दीपक,उमेश, जगनंदन,रामशंकर, सहित अन्य लोग भी उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सड़क का सुंदरकरण व चौड़ीकरण की करने की मांग की है। पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता मनीष चतुर्वेदी से इस सड़क के संबंध में जब जानकारी लेकर तो पता चला कि इस सड़क का एस्टीमेट शासन को भेजा गया है चुनाव बाद स्वीकृति मिलने पर जल्द ही सड़क का सुंदरीकरण व चौड़ीकरण कराया जाएगा। नाराज ग्रामीणों ने मीडिया टीम को बताया कि यहां के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते अभी तक निर्माण व सुंदरीकरण नहीं हो पाया।

तहसील क्षेत्र तुलसीपुर के अंतर्गत कठौवा जगदीश पुर में तेंदुए के हमले में 3 घायल

● जानकारी के लिये सीएचसी तुलसीपुर अधीक्षक सुमन्त सिंह को फोन करने पर उनका फोन नही उठता

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर सुहेलवा वन प्रभाग बलरामपुर के द्वारा वन जीवो से आमजन की सुरक्षा को लेकर वन विभाग बलरामपुर के दावे फेल होते नजर आ रहे । लगातार जंगली जानवरों के हमलों की बात देखने को मिल रही जिसमे अक्सर जंगली जानवरों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आ कर आमजन पर हमला करने मामला देखा जा रहा ।जबकिं कुछ महीनों पूर्व की बात करे तो जनपद बलरामपुर के तराई क्षेत्रीय इलाको में तेंदुए का आतंक से स्थानीय ग्रामीणों में खौफ का माहौल बना हुआ है । जबकि बलरामपुर के कई क्षेत्र में तेंदुए का आतंक की खबरें लगातार देखी जा रही थी और उनके हमले से कई लोगों के घायल और हताहत होने की बात भी सामने आई थी उसके बाद वन विभाग के द्वारा तेंदुए से सुरक्षा को लेकर युद्ध स्तर पर इंतेजाम किया गया और पिंजरे व कैमरे लगाए गए साथ ही जब सफलता नही मिली तो तेंदुए को पकड़ने के लिए विशेष टीम की मदद भी ली गई । लेकिन इतनी व्यवस्थाओं के बाद भी ग्रामीण इलाकों में तेंदुए का हमला अभी तक थामा नही है ।ताजा मामला तुलसीपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कठौवा जगदीशपुर का है जंहा राम पुर डिहवा में अपने खेतों में काम कर रहे किसान राजू पुत्र हरिचरन, मनोज पुत्र राजेन्द्र, जगदीश निवासी कठौवा जगदीशपुर पर अचानक हमला कर उन्हें गम्भीर घायल कर दिया जिनका समुदायिक स्वास्थ केंद्र तुलसीपुर में इलाज किया जा रहा ।घटना उस समय की है जब लोग खेतो में काम कर रहे थे कि अचानक खेतों से निकल तेंदुए ने हमला किया । जिसमें जगदीशपुर के तीन लोगों को घायल कर छुप गया है सूचना पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम के द्वारा तेंदुए को ढूंढने का प्रयास जारी है लेकिन अब तक कोई सफलता नही मिली । वन विभाग की टीम के द्वारा घटना स्थल पर पिंजरा भी लगाया गया है और वन विभाग व पुलिस भी मैजूद है ।अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या टीम को तेंदुए के पकड़ने में सफलता मिलती है या ऐसे ही क्षेत्र मे तेंदुए व जंगली जानवरों द्वारा ग्रामीणों का शिकार होता रहेगा।

इस सम्बंध जब सीएचसी तुलसीपुर अधीक्षक सुमन्त सिंह से जानकारी के लिये सुमन्त सिंह के इन नम्बरो 9125 5100071,7317086667 पर सम्पर्क कई बार किया गया लेकिन महोदय ने फोन तक उठाना उचित नही समझा ।जबकि ऐसे ही तकाम घटनाओं की जानकारी के लिये जब महोदय को फोन किया जाता है तब भी उनका फोन नही उठता है जिससे अधिकांश खबरों में जानकारी उपलब्ध नही होती है ।

अनुप्रिया पटेल ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया

स्वतंत्र प्रभात

गैसड़ी बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र गैसड़ी के रतनपुर चौराहा के निकट ईट भट्टा मैदान में राष्ट्रीय अध्यक्ष अपनादल (एस) अनुप्रिया पटेल ने श्रावस्ती लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा एवं उप चुनाव विधानसभा प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे लंबा दिन तक कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ चलने वाला अपना दल और भाजपा का गठबंधन है। जो हैट्रिक लगाने की पूरी तैयारी कर ली है उन्होंने कहा कि अपना दल को मजबूत करने के लिए गठबंधन प्रत्याशी को जिताना है। पूरे देश में बड़ी लहर हैं। 25 करोड गरीब परिवार गरीबी से बाहर आया है। भारत विकास को गति देकर चांद पर पहुंच गया है। देश में गरीब परिवार को विभिन्न योजनाओं एवं सामाजिक न्याय देने का कार्य किया है। संविधान के सभी मायने को पूरा करने के लिए बीजेपी शासन काल में कार्य किया गया। दस वर्ष में कई महत्वपूर्ण विषयों पर न्याय दिलाने की सारी बाते करने के लिए संवैधानिक अधिकार दिए गए हैं। डाक्टर बनने के लिए नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर संवैधानिक अधिकार है। बदलता भारत है जहां आज हर किसी के लिए संवैधानिक अधिकार मिले हैं। मंत्रि परिषद की सदस्य होने के नाते महिलाओं का सर्वांगीण विकास कराया है । चुटकी लेते कहा कि विकास का ए ट्रेलर है अशली पिक्चर अभी बाकी है। लोगों का अभिवादन करते हुए दोनों प्रत्याशी को जिताने की अपील की। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने बलरामपुर के विकास के लिए मतदाताओं से मतदान की अपील की है। विधान सभा उप प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू ने भी शत प्रतिशत मतदान के लिए तैयार रहने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सर्वाधिक अधिकार भाजपा ने दिया हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रिय लोगों ने हेलीकॉप्टर को देखने में काफी उत्सुक रहे। कार्यक्रम को सदर विधायक पल्टूराम, आरती तिवारी, सरदार परमजीत सिंह पम्मी, श्याम कुमार जायसवाल, शेरावाली शुक्ल , रवि मिश्रा, हरिशरण सिंह, प्रिंस वर्मा, रवि वर्मा सभा संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन दयाराम प्रजापति ने किया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने झोंकी अपनी पूरी ताकत

स्वतंत्र प्रभात

अंबेडकर नगर। लोक सभा चुनाव के छठवें चरण की प्रचार के अन्तिम दिन 23 मई को जिला मुख्यालय स्थित विख्यात शिव बाबा के प्रांगण में आ रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री के रैली की तैयारी के लिए लोक सभा क्षेत्र की पांचों विधान सभाओं में युद्ध स्तर पर भाजपा ने बैठकें कर कार्यकर्ताओं को रैली से संबंधित जिम्मेदारी दी। लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने बेवाना मण्डल की शक्ति केंद्र अशरफाबाद में जिला सह मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक के संयोजन में चौपाल कर 23 मई की विशाल रैली में शामिल होने के लिए पूरी ताकत झोंकने का आवाहन करते हुए कहा कि बेवाना मण्डल से भाजपा के चुनाव चिन्ह पर भारी संख्या में बटन दबे इसके लिए एक एक घर पर जा कर जनता से आशिर्वाद मांगने का कार्य कार्यकर्ता करें। कहा कि भाजपा के पक्ष में मतदान राष्ट्र और राष्ट्र के विकास के लिए जरूरी है।

भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की उपस्थिति में लोक सभा क्षेत्र की 24 सांगठनिक मंडलों में लगाए गए वरिष्ठ प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक कर चुनावी कार्यो से संबंधित जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र के सम्मान,सनातन संस्कृति की रक्षा औरसमाज के अंतिम पायदान पर निवास करने वाले गरीब परिवारों की समृद्धि के लिए किए गए कार्यो से भाजपा 400 पार साइटों को जीत कर 4 जून को सत्ता में तीसरी बार आयेगी और मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे।जनता का पूर्ण समर्थन भाजपा प्रत्याशियों को मिल रहा है।लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि भाजपा के पक्ष में चल रही आंधी से भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे। कहा कि 23 मई को गृह मंत्री अमित शाह की रैली में उमड़ने वाली जन सैलाब विपक्ष को चुनाव के पहले ही रितेश की जीत पक्की कर देगी।

गृह मंत्री अमित शाह के रैली की तैयारी के लिए केंद्रीय लोक सभा चुनाव कार्यालय अकबरपुर में विधान सभा चुनाव संचालन समिति की बैठक विधान सभा प्रभारी मनोज मिश्र की अध्यक्षता और संयोजक आदर्श चौधरी के संचालन एवम प्रवासी हरि ओम शर्मा,चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद वर्मा,भाजपा नेता मनोज गुप्ता गुड्डू,मण्डल अध्यक्ष शशि द्विवेदी, अरविंद सिंह डिंपू,शिव पूजन राजभर, पंकज प्रजापति की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

अचानक चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार की हुई मौत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

स्वतंत्र प्रभात

आलापुर अम्बेडकरनगर। जिले के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर पिकार के एक व्यक्ति की आजमगढ़ जनपद के थाना क्षेत्र अतरौलिया के नगर पंचायत बूढ़नपुर अतरैठ मार्ग पर दर्दनाक मौत हो गई । आपको बता कि अलापुर तहसील अन्?तर्गत विकासखंड जहांगीरगंज के ग्रामसभा मुबारकपुर पिकार निवासी आकाश कुमार पुत्र राम अवध आज दोपहर लगभग एक बजे के आसपास अपने रिश्तेदार के यहां सादी में आजमगढ़ के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के लहरपार गांव में जा रहा था तभी नगर पंचायत बूढ़नपुर अतरैठ संपर्क मार्ग पर शेरवा पुल के निकट अनियंत्रित तेज रफ्तार में आ रही अचानक चार पहिया होंडा वाहन संख्या - क्क65 छ्स्न 1176 की जोरदार टक्?कर से बाइक सवार आकाश कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। आपको बता दें अतरौलिया थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बूढ़नपुर की तरफ से जा रही होंडा कार शेरवा पुल के पास अतरैठ बाजार की तरफ से आ रही पल्सर बाइक को सामने से टक्?कर मार दिया। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक आकाश पुत्र राम अवध निवासी मोहल्?ला मुबारक पिकार भंडाभार थाना राजेसुल्?तानपुर जिला अम्?बेडकर नगर का है। मृतक आकाश की उम्र लगभग 19वर्ष जो आज दोपहर एक बजे लहरपार में एक निमंत्रण में जा रहा था। आकाश तीन भाई था बीच वाला आकाश । लेकिन बूढ़नपुर की तरफ से आ रही तेज चार पहिया वाहन गाड़ी नंबर क्क 65छ्स्न 1176।गाड़ी मालिक संजय होंडा कारस इंडिया लिमिटेड WR V v.z VXMT . I-DTEC चेचिसनंबर MAKGL 274JJy®xXXXX ने बाइक सवार को मौत के घाट उतार दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना करने वाली कार संजय कुमार सिंह चकबन्?दी अधिकारी संतकबीर नगर के नाम से रजिस्टर्ड है, संजय कुमार सिंह कार में बैठे थे। घटना के बाद इसकी सूचना राहगीरों ने डायल 112को दी। सूचना पाकर बूढ़नपुर चौकी प्रभारी राम निहाल वर्मा अपने हमराहियों के साथ पहुंचे और शव को पोस्?टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। आकाश तीन भाइयों में मझला था बड़े भाई का नाम बिपिन तथा छोटे भाई का नाम अमन था । आकाश कुमार अभी दिल्ली से 28 अप्रैल को वापस गांव आया था ।

संक्षिप्त ख़बरें

इलाहाबाद हाईवे पर दो ट्रकों की भिड़ंत एक की जलकर मृत्यु

एक ट्रक राजस्थान से वाराणसी जा रहा था। एक बुरी तरह से घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कानपुर। आज सुबह तड़के इलाहाबाद हाईवे पर अहिरवां चौकी क्षेत्र में दो ट्रकों के आमने-सामने टकरा जाने से भयंकर आग लग गई जिसमें एक चालक की मृत्यु हो गई तथा दूसरा बुरी तरह से जल कर घायल हो गया जिसे कांशीराम अस्पताल भेजा गया है। सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी दिलीप कुमार सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज दिनांक 20.05.2024 को सुबह करीब 04¬30 बजे सूचना मिली कि थाना चकेरी अन्तर्गत अहिरवां चौकी क्षेत्र मे हाइवे पर 2 ट्रक आपस में दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। एक ट्रक में आग लगने से राजस्थान से वाराणसी जा रही ट्रक का मुख्य चालक जल गया है जिसे कांशीराम हॉस्पिटल भेजवाया गया, अन्य एक चालक की जलकर मृत्यु हो गयी है। स्थानीय पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। शान्ति व्यवस्था बनी हुई है। दुर्घटना ग्रस्त ट्रकों को क्रेन के द्वारा हटवाकर रास्ता चालू कराया गया।? फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

मिट्टी खनन करते हुए चालक सहित जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई

शाहाबाद हरदोई। ग्राम लोनी में अवैध रूप से मिट्टी खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन, मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चालक को पकड़कर खनिज अधिकारी ने पुलिस के हवाले किया है। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के लोनी गांव में खनन होने की सूचनाएं खनन अधिकारी अजीत सिंह को मिली। खनन अधिकारी ने सुबह लगभग 3¬00 बजे औचक छापेमारी करते हुए एक जेसीबी मशीन, एक मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को चालक सहित पकड़ा है। पकड़ने के बाद चालक और जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस के हवाले किया गया। खनन अधिकारी ने बताया मिट्टी और रेत खनन का कारोबार किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

माता रानी के जागरण में रात्रि भर झूमें भक्तगण

शाहाबाद हरदोई। रात में क्षेत्र के निसौली गांव में विशाल जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें शाहजहांपुर की मशहूर जागरण कमेटी वैशाली म्यूजिकल ग्रुप हनुमान धाम द्वारा बेहद खूबसूरत खूबसूरत झांकियां को दर्शाया गया। पूरी रात माता रानी का गुणगान होता रहा। कमेटी द्वारा जागरण का आयोजन किया गया। माता रानी के भव्य दरबार को सजाया गया शाहजहांपुर से आए म्यूजिकल ग्रुप में एक से एक बेहतरीन झांकियों के साथ भक्ति गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को पूरी रात बांधे रखा पूरे पंडाल में माता रानी के जयकारे लगते रहे बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया । इस मौके पर मदनपाल सिंह फौजी, अनिल सिंह, संजय सिंह, नीरज सिंह, सुरेंद्र सिंह, भोले सिंह, राघवेंद्र सिंह, गोपाल सिंह चौहान, शोभित सिंह, नागेंद्र सिंह, शिवम सिंह आदि भक्त गण मौजूद रहे।

नंदिनी ने डांस प्रतियोगिता में जीते दो गोल्ड मेडल

मीरजापुर। जनपद मुरादाबाद में आयोजित उत्तर प्रदेश डांस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 की प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुई जिसमें सेमी क्लासिकल डांस प्रतियोगिता अंडर 17-19 वर्ष में नंदनी सेन ने दो प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया ,और दोनों ही प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाकर दो गोल्ड मैडल जितने में सफलता प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में संस्था द्वारा नंदिनी की माता श्रीमती मीनाक्षी सेन को भी सम्मानित किया गया। नंदिनी इससे पूर्व मुरादाबाद में आयोजित क्लासिकल डांस प्रतियोगिता 2023 में दूसरा स्थान,उत्तराखंड के नैनीताल में आयोजित स्पोर्ट्स 2023 क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, भारत नेपाल स्पोर्ट्स फेस्टिवल प्रतियोगिता 2023 में तीसरा स्थान प्राप्त कर चुकी है।नंदिनी सेन अपराध शाखा मिर्जापुर में तैनात निरीक्षक त्रिवेणी लाल सेन की पुत्री हैं। नंदिनी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता श्रीमती मीनाक्षी सेन को देते हुए कहा कि मेरी मां एक गुरु की तरह हमेशा मेरा मार्गदर्शन करते हुए मेरे उत्साह को बढ़ाने का कार्य किया है। नंदिनी की इस सफलता पर परिवार जनों,गुरुजनों,मिर्जापुर पुलिस सहित उनके शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान, अवर अभियंता को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

कछौना, हरदोई। विद्युत उपकेंद्र बनियन खेड़ा के अंतर्गत दर्जनों ग्रामों की विद्युत आपूर्ति अघोषित कटौती से आजिज आकर उपभोक्ताओं ने क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति की विभिन्न समस्याओं के संबंध में अवर अभियंता को पत्र दिया। अवर अभियंता ने बताया अघोषित कटौती में सुधार कराया जाएगा। बताते चले विद्युत उपकेंद्र बनियन खेड़ा के अंतर्गत सैकड़ो ग्रामों को विद्युत आपूर्ति होती है। वर्तमान समय में भीषण गर्मी में अघोषित कटौती से उपभोक्ता काफी परेशान है। सुचारू रूप से आपूर्ति न होने के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे आपूर्ति का दावा करने वाला विद्युत विभाग इस समय महज 10 से 12 घंटे ही आपूर्ति दे रहा है। कटौती का निश्चित शेड्यूल न होने से मालूम भी नहीं होता कि बिजली कब आएगी और कब गुल हो जाएगी। इससे विद्युत उद्योग धंधों में विपरीत असर पड़ा है। सुबह शाम की अघोषित कटौती से सरकार की छवि में धूमिल हो रहीं है। शासन की ओर से गांवों को 18 घंटे आपूर्ति का आदेश है। लेकिन हकीकत इसके इतर है। गांवों को 10 से 12 घण्टे आपूर्ति हो रही है। तड़के होने वाली कटौती से कस्बा सहित गांवों में होने वाली जलापूर्ति पर असर पड़ता है। बिजली गुल हो जाने से लोगों को सुबह शाम समय से लोगों को पानी भी नहीं नसीब होता है। लोगों को मजबूरी में हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ता है। अघोषित कटौती के लिए मुख्य रूप से ओवरलोडिंग और मरम्मत कार्यों के लिए नियोजित शटडाउन के कारण होने वाली स्थानीय खराबी को जिम्मेदार ठहराया जाता है। अत्यधिक गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ गई है। बिजली की इतनी कम आपूर्ति का मुख्य कारण विद्युत उत्पादन की कमी हैं। वि?शेषज्ञों का कहना है कि बिजली संकट के पीछे सिर्फ विभाग को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। सरकार और आमलोग भी इस संकट के जिम्मेदार हैं। उनका मानना है कि गलत ऊर्जा नीति, कुप्रबंधन और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते आमजन मानस के जीवन पर प्रभाव पड़ता है। अघोषित कटौती से आजिज आकर ग्रामीण अर्जुन वर्मा, पप्पू सिंह, राजेश कुमार, ग्राम प्रधान मोहम्मद गयास ने अवर अभियंता को पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया 5 जून तक समस्या का निस्तारण न होने पर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

आरएसएस ने अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के पूर्व मनाया कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर के गंगा देवी इंटर कालेज के बच्चों के बीच महारानी अहिल्याबाई होलकर द्वारा समाज में किए गए कार्यों पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह संजीव खरे ने बताया कि महारानी अहिल्याबाई होलकर के बारे में आज का युवा बहुत कम जानता है. असल में देश की शिक्षा वामपंथियों के हाथ में रही. उन्होंने इतिहास अपने विमर्श के हिसाब से लिखीं. वे सभी नाम जो उनके विमर्श के अनुरूप नहीं थे वे या तो हटा दिए गए या फिर उन्हें इतिहास के फुटनोट तक सीमित कर दिया गया. आज की पीढ़ी उनके बारे में जानती भी नही है. इसलिए आज की आवश्यकता है कि हम अपने इतिहास का गहन अध्ययन करें जिससे हम अपने गुमनाम नायकों के बारे में भी जान सकें। उन्होंने आगे बताया कि इंदौर की रानी अहिल्याबाई होलकर ने देश भर में मंदिर बनवाये और मुगलों द्वारा ध्वस्त किए गए मंदिरों का बार बार जीर्णोद्धार करवाया. प्याऊ की वयवस्था की. कलकत्ता से बनारस तक रोड का निर्माण करवाया। उस समय टेक्सटाइल इंडस्ट्री का निर्माण किया, मातृशक्ति के सशक्तिकरण हेतु नारीसेना का गठन किया. मुख्य वक्ता ने छात्रों से आग्रह भी किया की वे सभी इस ग्रीष्म अवकाश में अपने इतिहास का अध्ययन करें। इस अवसर महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित से सम्बंधित एक परीक्षा का आयोजन किया गया. जिसमें छात्रों ने बड़े उत्साह के में भाग

लिया. इस अवसर पर उपस्थित नगर कार्यवाह विनय पाण्डेय ने बताया कि इस वर्ष 31 मई को महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती है इस उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे देश में कार्यक्रम करेगा. इस मौके पर जिला महाविद्यालयीन प्रमुख विनय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डॉक्टर अभिराम, अध्यापक प्रदीप पांडेय और रोहित मिश्रा मौजूद रहे।

अज्ञात चोरों ने तीन घरों को किया टारगेट-जेवरात सहित नगदी पर किया हाथ साफ

● - कुछ महीने पहले इसी गांव में चोरों ने कई घरों को किया था टारगेट।

स्वतंत्र प्रभात

बेनीगंज/हरदोई–कोतवाली बेनीगंज प्रताप नगर चौकी क्षेत्र के सुखई पुरवा गांव में रविवार रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को किया टारगेट नगदी सहित जेवरात पर किया हाथ साफ। सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस जुटी जांच पड़ताल में। बता दे प्रताप नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम सुखई पुरवा निवासी अनीता देवी पत्नी साधु ने पुलिस से चोरी की शिकायत की। बताया है 19 मई रात में अज्ञात चोरों ने घर की लाइट बंद कर कमरे में घुसकर एक चांदी की जंजीर व 1500 रुपए नगद लेकर रफू चक्कर हो गए। गांव के ही राम मूर्ति पुत्र साधू ने बताया अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में घुसकर दो जोड़ी पायल,सोने की टप,सोने के कुंडल व 10000 रूपए नगद उठा ले गए। गांव के ही वीरेंद्र पुत्र राजा राम ने बताया हम लोंग रात में छत पर सो रहे थे। बाहर कमरे में ताला पड़ा था। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसकर सिंगार दानी में रखे 1200 रूपए सहित मोबाइल व मोबाइल के खोल में रखे ?500 उठाकर चले गए। सुबह देखकर हम लोउग दंग रह गए। ग्रामीणों ने चोरी की सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक नीरज कुमार ने हुई चोरी वारदात की लोगों से पूछताछ कर विधिक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वही ग्रामीणों ने बताया इसके पहले भी इसी गांव में कई

चोरियां हो चुकी हैं जिसका अभी तक कोई खुलासा नहीं हो सका है। कुछ ग्रामीणों ने उप निरीक्षक से गांव में अक्सर जुआ खेले जाने की भी शिकायत की है। मामले पर उप निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया है चोरी की जानकारी मिली थी। मौके पर जाकर लोगों से पूछताछ की। जो भी दोषी पाया जाएगा कानूनन विधिक कार्रवाई की जाएगी।

श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में लगा योग शिविर

● - समर कैंप के समापन अवसर पर बच्चों ने योग शिविर में सीखे स्वस्थ रहने के टिप्स

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई मंगली पुरवा स्थित श्री डालसिंह मेमोरियल स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय समर कैंप के समापन अवसर पर एक एकदिवसीय योग शिविर का आयोजन कर बच्चों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए गए। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हरिवंश सिंह ने कहा कि सभी को निरोगी रहने के लिए योग अवश्य करना चाहिए तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्राणायाम बहुत आवश्यक है उन्होंने कहा कि हर स्कूल गांव नगर में तथा घर-घर बच्चे व सभी योग करें जिससे हमारे देश स्वस्थ और समृद्धि साली बने तथा विश्व गुरु के रूप में उन्हें स्थापित हो सके। योग गुरु श्री सिंह ने ईश्वर की वंदना के बाद आसनों में ग्रीवाचलन, स्कंध संचालन, कटी संचालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, बृचासन, पादहस्त आसन ,अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, मांडूक आसन, वक्रासन के अलावा उन्होंने प्राणायाम में भस्त्रिका कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी तथा ध्यान करके सिखाया।

हास्यासन भी कराया जिसमें बच्चों ने खूब आनंद उठाया। श्री सिंह ने बताया कि 21 जून को हरदोई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया जाएगा।।शिविर की व्यवस्था प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह द्वारा की गई । मैनेजिंग डायरेक्टर अखिलेश सिंह ने योग गुरु श्री

सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उनके साथ आए राकेश कुमार के अलावा विद्यालय की प्रधानाचार्या लक्ष्मी देवी, शिक्षिका कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह, मंशा बाजपेई ,सोनी तिवारी, ऐश्वर्या सिंह, नीलम राठौर, विनीता त्रिवेदी, रेखारानी, प्रज्ञा तिवारी, पूजा सिंह, कोमल यादव ,आरती वर्मा ,संजय गुप्ता, राम प्रकाश पांडे, देवेश प्रसाद सिंह, अभिनव सिंह, उदय शुक्ला आदि सहयोग किया।

बिना पातन परमिट के रात के अंधेरे में आम व नीम के पेड़ों पर लकड़कट्टो ने चलाया आरा, अधिकारी मामले से अनजान

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद-सीतापुर जनपद सीतापुर की कोतवाली महमूदाबाद इलाके के वार्ड सहजानी में स्थित बुसरा स्कूल के निकट बीती रात में हरे भरे पेड़ों पर अज्ञात लोगों द्वारा चलाया गया आरा। प्राप्त जानकारी अनुसार खेत में लगे हरे भरे आम और नीम के पेड़ों को बिना पातन परमिट व बिना परमीशन के ही बीती रात के अंधेरे में अज्ञात लकड़कटों द्वारा पेड़ो को काट दिया गया । इस मामले की जानकारी जब महमूदाबाद वन विभाग के अधिकारियों समेत कर्मचारियों को हुई । तो क्षेत्रीय वन विभाग के अधिकारी विक्रमजीत सिंह व वन दरोगा संतोष कुमार ने मौके पर पहुंच कर देखा कि वहां पर कटे हुए पेड़ों की लकड़ी गायब थी। जिनके ठूठ लगे हुए है। यह देखकर वन विभाग के अधिकारियों ने उक्त प्रकरण को लेकर जांच पड़ताल शुरू कर

दी। और वहीं जब वन विभाग के अधिकारियों से उक्त मामले को लेकर बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि लकड़ी ठेकेदार के बारे में जानकारी की जा रही है। और लकड़ी ठेकेदार का पता लगाकर उक्त मामले में कार्रवाई किए जाने की बात कही। वहां के लोगों का कहना है कि आखिरकार ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि बिना वन विभाग समेत सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचना न देकर व बिना पातन परमिट के ही पेड़ काट डाल रहे है। इससे यह प्रतीत होता है कि लकड़ी ठेकेदारों को सम्बन्धित अधिकारियों का जरा सा भी खौफ नहीं है। यदि ठेकेदारों में पुलिस व वन विभाग का जरा सा भी खौफ होता तो बीती रात में आम व नीम के पेड़ अवैध तरीके से न काटे जाते है। और यदि वन विभाग व पुलिस के अधिकारी इस तरीके के मामलों पर कार्रवाई नहीं करेंगे । तब तक ऐसे ही हरे भरे पेड़ों पर लकड़कट्टो द्वारा आरा चलाया जाता रहेगा। और जिससे क्षेत्र में हरियाली भी नष्ट होती रहेगी।

पिटाई करने वाले दबंगों पर केस दर्ज

शाहाबाद हरदोई। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम पैगू सरायं में महिला ने तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम पैगू सरायं निवासी इरफान पुत्र अजीज खां ने बताया उसका 11 वर्षीय पुत्र अरशद दरवाजे पर खेल रहा था। तभी पड़ोसन शबीना ने उसके पुत्र को डांटा फटकारा तो उसकी पत्नी संजीदा इसका उलाहना देने पड़ोसी के घर गई, सबीना ने अपनी बहन शबनम और पिता तौहीद के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे डंडे से मारा पीटा जिससे उसका सिर फट गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

एडीजी जोन कानपुर ने झांसी में मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

● - कानपुर जोन के सभी जनपदों में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न, एडीजी ने चुस्त-दुरुस्त रखी सुरक्षा व्यवस्था।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कानपुर जोन में आज कानपुर देहात, जालौन, झांसी और ललितपुर में मतदान चल रहा है। कानपुर जोन के इन सभी जनपदों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह लगातार इन जनपदों में चुनाव में सुरक्षा की अपडेट ले रहे हैं। लोकसभा इलेक्शन - 2024 के पंचम चरण के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह द्वारा झांसी पुलिस के मतदान केंद्रों/बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करानें हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। कानपुर जोन के इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज और कानपुर देहात के कुछ हिस्से में मतदान चौथे चरण में 13 मई को सम्पन्न हो चुका है। इस पांचवें चरण के मतदान के बाद कानपुर जोन के सभी जनपदों में चुनाव सम्पन्न हो जाएगा जिसकी मतगणना सभी के साथ 4 जून को होगी। क

ानपुर जोन में कुशलता पूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिए एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह बधाई के पात्र हैं। उन्होंने मतदाताओं से निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की और सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि मतदाताओं को किसी तरह की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

बहुत अपेक्षाएं हैं कानपुर को जनप्रतिनिधियों से

● - बिठूर जैसा धार्मिक स्थल अभी तक उपेक्षा का शिकार रहा है। हालांकि कुछ उद्धार हुआ है लेकिन रखाव ठीक नहीं है

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कानपुर में लोकसभा की दोनों सीटों पर चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। दो लोकसभा सांसद और नौ विधायक देने वाले उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े महानगर की व्यथा किसी से छिपी नहीं है। एक समय उत्तर भारत का मेनचेस्टर कहा जाने वाला शहर आज खराब सड़कों, जाम की स्थिति से कराह रहा है। कानपुर जिले में दो लोकसभा सीट कानपुर और अकबरपुर आतीं हैं। जिसमें किदवई नगर, गोविंद नगर, कैंट, आर्यनगर, सीसामऊ, कल्याणपुर बिठूर, महाराजपुर और घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र लगते हैं। लेकिन इतने जनप्रतिनिधि होते हुए भी कानपुर को वह पहचान नहीं मिली जिसका वह हकदार था। कानपुर के बड़े उद्योग शासन और प्रशासन की निरंकुशता का शिकार होकर पलायन कर गए। फिर भी आज कानपुर में बड़े और मझोले स्तर के करीब 4000 कारखाने कार्यरत हैं जो देश भर में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। कानपुर की पहचान चमड़ा उद्योग से भी होती है। यहां का चमड़ा उद्योग पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाए हुए है। लेकिन सुविधाएं न मिलने के कारण वह भी बीच बीच में बंद करा दिया जाता है। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक राजस्व देने वाला कानपुर आज बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

कानपुर शहर से 30 किमी दूर आजादी में अपनी अहम भूमिका निभाने वाला और धार्मिक आस्था का केंद्र बिठूर जहां आज भी दूर दूर से लोग आते हैं। लेकिन अभी तक बदहाल है। रानी लक्ष्मीबाई का बचपन बिठूर में ही बीता था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां बाल्मीकि आश्रम में ही लव और कुश का जन्म हुआ था और उन्होंने ऋषि बाल्मीकि से ही विद्या ली थी। आज जब अयोध्या, चित्रकूट और ओरछा का विकास हुआ है तो बिठूर का विकास क्यों नहीं। इस पर कानपुर के जनप्रतिनिधियों ने भी कोई रुचि नहीं ली। कानपुर की सड़कें बदहाल है। जाम की स्थिति बहुत ही कठिन है। लेकिन अब यह देखना है कि लोकसभा में जीतने वाले जनप्रतिनिधि कानपुर के लिए क्या करते हैं।

विधायक इरफान सोलंकी का फैसला फिर से टला

● - अब 27 मई को होगी मामले की सुनवाई, 27 मई को विधायक इरफान सोलंकी को भी कोर्ट ने तलब किया है

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। सीसामऊ विधायक इरफान सोलंकी मामले में फैसला एक बार से टल गया है। अब इस मामले में 27 मई को सुनवाई होगी। विधायक इरफान के खिलाफ आगजनी मामले में फैसला अब 27 मई को इरफान समेत सभी आरोपी कोर्ट पहुंचेंगे और तब कोर्ट फैसला सुनाएगी। कानपुर के जाजमऊ केडीए कालोनी में आगजनी मामले में एमपी एमएलए सेशन कोर्ट का फैसला एक बार फिर टल गया है। कोर्ट ने अब फैसले के लिए 27 मई की नई तारीख दी है। इरफान को भी जेल से तलब किया गया है। विगत एक मार्च को सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसले के लिए 14 मार्च की तारीख तय की थी। इसके बाद अलग-अलग कारणों से फैसला टलता रहा। इस बीच कोर्ट ने दोबारा दोनों पक्षों से लिखित बहस दाखिल करने को कहा था।

अगली सुनवाई अब 27 मई को होगी नौ मई को सभी पक्षों की लिखित बहस भी कोर्ट में दाखिल हो गई थी। इसके बाद कोर्ट ने 20 मई की तारीख नियत की थी। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि सोमवार को कुछ कारणों फैसला नहीं आ सका। इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कोर्ट में इरफान को तलब करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर उन्हें 27 मई को तलब करने का आदेश दिया है। 27 मई को इरफान समेत सभी आरोपी कोर्ट पहुंचेंगे और तब कोर्ट फैसला सुनाएगी। बता दें

कि जाजमऊ की रहने वाली नजीर फातिमा के घर में सात नवंबर 2022 को आग लग गई थी। इस मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पांच आरोपियों इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, शौकत अली, मो. शरीफ व इसराइल आटे वाला के मुकदमे में सभी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। मुकदमे में अब कोर्ट को फैसला सुनाना है।

इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी गरीबों को निःशुल्क भोजन देकर पेश कर रही मानवता कि मिशाल

● - ...इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा की अनूठी पहन से गरीबों को मिला सहारा ।

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ अपनी विशिष्ट भोजन संस्कृति के लिए विश्वविख्यात है, यहां की एक अद्वितीय स्थली ने अपने सरल और स्वादिष्ट भोजन के साथ गरीब, असहाय, अकिंचन व बच्चों के हृदय को जीत लिया है। यदि आप भी पाना चाहते है ये भोजन प्रसाद तो प्रत्येक रविवार सायं 5 बजे से आशियाना क्षेत्र में इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई' आपके लिए एक आदर्श स्थल है। यहां आपको हर बार अलग- अलग प्रकार का शुद्ध, सात्विक और स्वादिष्ट भोजन निःशुल्क परोसा जाता जाता है। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने बताया कि यह सेवा विगत कई वर्षो से चलाई जा रही है और उनका उद्देश्य गरीबों, भक्तों और जनसाधारण को शुद्ध, सात्विक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना है। यह सेवा लखनऊ के आशियाना क्षेत्र के चिन्हित स्थानों पर संचालित की जाती है। यहां सभी आमजनों को सात्विक भोजन निःशुल्क परोसा जाता है।संस्था की सदस्य श्रुति अवस्थी ने बताया कि यहां प्रसाद के रूप में मुफ्त भोजन देते हैं। यहां आने वाले लोगों का कहना है कि उन्हें घर जैसा भरपेट भोजन निःशुल्क मिलता है। जिसका स्वाद बड़े होटलों और रेस्टोरेंट्स को भी पीछे छोड़ देता है। धर्म कार्यो में बढ़चढ कर हिस्सा लेने बाली समाज सेविका मिट्ठू रॉय ने बताया आज के भोजन वितरण सामग्री दानवीर धीरज गुप्ता (बंगला बाजार) की तरफ से है उन्होंने कहा ब्रज की रसोई में प्रत्येक रविवार को निशुल्क भोजन का वितरण किया जाता है, जो भी व्यक्ति सेवा भाव से हमारी संस्था के साथ जुड़ना चाहते हैं और सहयोग प्रदान करना चाहते हैं, उनका हार्दिक स्वागत है।

संस्था की वरिष्ठ सदस्य रश्मि शुक्ला ने बताया यदि आप इस नेक प्रयास में सहयोग देना चाहते हैं, तो कृपया निःसंकोच हमारी संस्था से संपर्क करें। आपका योगदान न केवल जरूरतमंदों के लिए मददगार होगा, बल्कि आपको भी आत्मिक सुख संतोष और पुण्य का अनुभव कराएगा। आइए, मिलकर इस नेक सेवा कार्य में भाग लें और समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाएँ।संस्था का उद्देश्य है कोई भी गरीब या जरूरतमंद व्यक्ति भूखा ना रहे। इस खास मौके पर आये अलोक धर ने बताया कि अन्नदान से बढ़कर कोई दान नही हैं गरीबों की सेवा और किसी भूखे को भोजन कराने से बड़ा कोई भी पुण्य कार्य नही हैं। हमारी तेज़-तर्रार जीवनशैली और लगातार ध्यान भटकाने वाली चीजों के साथ, दान देना हमारी साझा मानवता की एक शाश्वत याद है। इसके मूल में, दान करुणा और उदारता की एक सुंदर अभिव्यक्ति है। यह पीड़ा को कम करने, समुदायों के उत्थान और सकारात्मक परिवर्तन लाने की हमारी सामूहिक इच्छा का प्रतीक है।

इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संरक्षक आचार्य चंद्रभूषण तिवारी (पेड़ बाले बाबा) ने बताया, ÷दान का अर्थ दूसरों तक पहुंचना और बदले में कुछ भी अपेक्षा न करना है।" "यह दयालुता का शुद्ध कार्य है।" धर्मार्थ दान हमारे समाज की आधारशिला है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 1 अरब बच्चों सहित दुनिया की आधी से अधिक आबादी गरीबी में रहती है। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी जैसी संस्थायें लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकलकर एक स्वस्थ, उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रदान करने में मदद करने के लिए प्रयास करती आ रही हैं। संस्था के सदस्य रजनीश मिश्रा कहते है एक शोध से पता चलता है कि दान आपके जीवन को समृद्ध बना सकता है, आपके समुदाय को एकजुट कर सकता है, और आपको ऐसे लोगों और विचारों से जोड़ सकता है जो आपके शेष जीवन के लिए आपके दृष्टिकोण पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

यह उद्देश्य और व्यक्तिगत पूर्ति की भावना को बढ़ावा देता है। धर्मार्थ भोजन दान हमें उन उद्देश्यों में योगदान करने की अनुमति देता है जिनकी हम गहराई से परवाह करते हैं, उद्देश्य और पूर्ति की भावना प्रदान करते हैं। यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। नियमित रूप से कृतज्ञता का अभ्यास करने को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। जब हम उदारतापूर्वक कार्य करते हैं - वित्तीय दान के माध्यम से या किसी प्रियजन को छुट्टियों के लिए वह उपहार देते हैं जो वे वास्तव में चाहते हैं - तो यह सामाजिक जानकारी के प्रसंस्करण और खुशी महसूस करने से जुड़े मस्तिष्क के हिस्सों के बीच अधिक संपर्क बनाता है। इस कार्यक्रम में शामिल आचार्य चंद्र भूषण तिवारी, प्रेम आनन्द श्रीवास्तव, देवांश रस्तोगी, वी. के. पंकज राय, धीरज गुप्ता, एस. के. मिश्रा, आशीम राव, अलोक धर, रजनीश मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, रंजीत कश्यप, बिशु गौड़, नवीन कुमार, वरुण कश्यप, रश्मि शुक्ला, मिट्ठू राव, श्रुति अवस्थी सहित सभी समाजसेवी सज्जनों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त ख़बरें

संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के निहस्था गांव निवासिनी एक 15 वर्षीय किशोरी ने सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचायतनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि उसकी बिटिया गांव से बाहर पशु चराने गई थी। दोपहर में घर वापस लौटने पर उसने संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर सत्यजीत ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पीआई के जरिए घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और जरूरी लिखापढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ देवेंद्र भदवरिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली वजहों का पता चल सकेगा।

मूर्छित होकर चलती बाइक से गिरा सवार, हालत गंभीर

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के सरेनी रोड पर बेहटा गांव के निकट सोमवार की दोपहर को चिलचिलाती धूप में एक बाइक पर सवार होकर जा रहे दो युवक चलती बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक की हालत बेहद गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घायल युवक के परिजनों ने बताया की भोजपुर गांव निवासी विभु द्विवेदी (28) पुत्र पिंटू द्विवेदी करंट से झुलसे अपने मित्र रेहान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया था। जहां डॉक्टरों ने रेहान को मृत घोषित कर दिया। शव के साथ वापस लौटते समय बेहटा गांव स्थित चौराहा के निकट अचानक उसे चक्कर आ गया। जिससे उसकी बाइक असंतुलित हुई और दोनों सड़क पर गिर गए। जिससे बाइक चला रहा विभु और बाइक पर पीछे बैठा गांव का ही युवक इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां विभु की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बाइक चला रहा है युवक हेलमेट नहीं पहने था।

करंट की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के भोजपुर गांव निवासी एल्युमिनियम कारीगर की सोमवार को करंट लगने से मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम पसर गया। परिजनों ने बताया कि युवक रेहान (20) पुत्र सब्बन सरेनी कस्बे के निकट एक गांव में एल्युमिनियम फैब्रिकेशन का काम करने गया था। तभी काम करते समय अचानक वह मशीन में उतर रहे करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि वह एल्युमिनियम का अच्छा कारीगर था। घर में इकलौता कमाने वाला था। युवक की मौत से परिवार में मातम पसर गया है। मृतक के परिजनों का करून क्रंदन देखकर कभी की आंखें नम हो गई।

लोकतंत्र के महापर्व में दिखा उत्साह

शिवगढ़,रायबरेली। लोकसभा चुनाव 2024 लोकतंत्र के महापर्व को लेकर क्षेत्र के सभी 87 बूथों पर मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। कहीं सुबह, कही शाम तो कहीं चिलचिलाती धूप में मतदाता पोलिंग बूथ पर कतारबद्ध होकर मतदान के लिए अपने नम्बर का इंतजार करते नजर आए। समय सुबह 7:30 पर शिवली के बूथ संख्या 201, 202 में वोटरों की लम्बी लम्बी कतारें लगी रही। सुबह 8:30 पर बैंती में बूथ संख्या 203,204 में लम्बी लम्बी लाइने लगी रही। 10:30 पर सूरजपुर बूथ संख्या 208, 209 पर मतदाताओं की संख्या कम दिखी। 12:10 मिनट पर बहुदाखुर्द में जहां मतदाताओं की लम्बी लाइन लगी रही तो वही बहुदा कला में सन्नाटा पसरा रहा। समय 12:20 पर पिण्डौली में 2 बूथों में से जहां एक बूथ पर लंबी लाइन लगी रही तो वहीं दूसरे बूथ पर सन्नाटा पसरा रहा। मवैया, भवानीगढ़, कुम्हरावां, दहिगवां, शिवगढ़, नेरथुआ, ओसाह, खजुरों, गूढ़, ढेकवा, देहली में मतदाताओं में काफी उत्साह दिखाई पड़ा।

मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा गजब का उत्साह

● दोपहर बाद बूथों में उमड़ी मतदाताओं की भीड़।

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज (रायबरेली)। कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में सोमवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान करने को लेकर मतदाताओं में सुबह से ही खासा उत्साह दिखाई दिया। धूप और गर्मी की तपिश कम होने पर दोपहर बाद तुम बदनाम केदो में बड़ी संख्या में महिला पुरुष मतदाता मतदान करने पहुंचे। लोकतंत्र के महापर्व मतदान को लेकर क्षेत्र में लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई। सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई। महिला पुरुष मतदाता का लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार करते दिखे। दोपहर में मतदान की गति धीमी रही लोग धूप और गर्मी के कारण घरों में ही डूबते रहना मुनासिब समझा। दोपहर तीन बजे के बाद दोबारा मतदाताओं में जोश दिखा। शाम पांच बजे तक सरेनी विधानसभा क्षेत्र में 54.4 प्रतिशत मत पड़ चुके थे। शाम पांच बजे के बाद कई मतदाता मतदान केंद्रों की ओर भागते हुए दिखाई दिए। आलमपुर प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया। मतदाताओं के सुविधा के लिए मतदान केंद्र को रंग बिरंगी झालरों और गुब्बारों से सजाया गया।

मतदान करते समय पर्ची नहीं मिलने से मतदाताओं में असमंजस।

पोलिंग बूथ पर मतदान करते समय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से अटैच वीवी पैट में प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की पर्ची मिलने को लेकर मतदाताओं में असमंजस की स्थिति रही। कई मतदाताओं ने पोलिंग स्टेशन के पीठासीन अधिकारियों और कर्मचारियों से पर्ची दिए जाने को लेकर पूछताछ की। अधिकारियों की ओर से बताया गया कि वीवी पैट पर दिखने वाली पर्ची मशीन से अटैच बॉक्स में जाकर गिर जाती है। वह मतदाता को नहीं दी जाती है।

पहली बार मतदान को लेकर युवाओं में दिखाई दिया विशेष उत्साह

● सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चप्पे - चप्पे पर तैनात थी फोर्स

स्वतंत्र प्रभात

गौरीगंज अमेठी। जनपद में मतदान को लेकर युवा मतदाताओं में खासकर पहली बार मतदान कर रहे मतदाताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। लोकतंत्र के महापर्व की बेला पर सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक जमकर मतदान हुआ मतदान के दौरान अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने भी अपने लोकसभा के केसीआरसी इंटर कॉलेज पोलिंग बूथ, महोना पूरब व अन्य पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान का जायजा लिया तथा पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओ से मुलाकात की। मंडल शुकुल बाजार भ्रमण के दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, पंडित राम उंजेरे शुक्ला, सुशील कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे, वहीं पहली बार मतदान कर रहे अर्पित मिश्रा एवं हर्षित मिश्रा ने अपने उत्साह के बारे में जानकारी दी, प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 37 अमेठी लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा गौरीगंज में 55.16 प्रतिशत अमेठी विधानसभा में 51.43 प्रतिशत तिलोई विधानसभा में 56.47 प्रतिशतजगदीशपुर विधानसभा में 53.2 प्रतिशत सलोन विधानसभा में 54.66 पूरे लोकसभा अमेठी में 54.17 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया ।

एएमयू के टीपीओ ने किया यूएई का दौरा

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। एएमयू के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी (जनरल), साद हमीद ने हाल ही में यूएई की एक सप्ताह की यात्रा पूरी की। इस यात्रा का उद्देश्य एएमयू छात्रों के लिए प्लेसमेंट और कैरियर के अवसरों का पता लगाना और मध्य पूर्व में स्थित पूर्व छात्रों के साथ संबंधों को मजबूत करना था। अपनी यात्रा के दौरान, हमीद ने कई एएमयू पूर्व छात्रों और विभिन्न उद्योगों के विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। उनकी चर्चाएँ मध्य पूर्व में एएमयू छात्रों के लिए प्लेसमेंट की सुविधा के लिए संभावित कैरियर विकल्पों और सहयोगी प्रयासों पर केंद्रित थीं। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा की, शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने के महत्व पर जोर दिया। एक महत्वपूर्ण बैठक अल नहदा केंद्र के महाप्रबंधकयूसुफ शमीम के साथ हुई। उन्होंने सहयोग के अवसरों के साथ इस बात पर प्रकाश डाला कि एएमयू छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अवसर पैदा करने के लिए केंद्र के संसाधनों का कैसे लाभ उठाया जा सकता है। सिटी टॉवर रियल एस्टेट के चेयरमैन तौसीफ अली के साथ चर्चा में, हमीद ने रियल एस्टेट क्षेत्र में संभावित करियर के अवसरों पर विचार विमर्श किया। छात्रों को मार्गदर्शन देने की अली की इच्छा की सराहना की गई।

ईएफएस की एचआर टीम ने एएमयू छात्रों को प्लेसमेंट और भविष्य के अवसरों में उनके समर्थन पर चर्चा की। ईएफएस जल्द ही विश्वविद्यालय से भर्ती करने की योजना बना रहा है, जो इस लाभकारी संबंध के लिए उनके निरंतर उत्साह को दर्शाता है।

शराफ एक्सचेंज के सीईओ इमाद मलिक ने वित्तीय क्षेत्र के उभरते परिदृश्य और एएमयू छात्रों को इस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कैसे तैयार किया जा सकता है, इस पर चर्चा की। छात्रों को मार्गदर्शन देने और कैरियर के अवसर प्रदान करने में उनके सहयोग की बहुत सराहना की गई।

किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन सुनील ने किया कोल तहसील पर प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़- आज दिनांक 20मई 2024 को भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह के आहवान पर प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चौधरी के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। भाकियू सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील ने बताया कि इस भीषण गर्मी में पीड़ित किसान जब अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम कोल से मिलने के लिए आते हैं तो ना एसडीएम अपनी ऑफिस में मिलते हैं और ना ही अपना सीयूजी फोन उठाते जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारी और आक्रोशित किसानों ने आज एसडीएम कार्यालय के सामने फर्श बिछाकर धरना प्रदर्शन प्रदर्शन शुरू कर दिया तो एसडीएम और तहसीलदार धरना दे रहे किसानों के पास पहुंचे और अपने कार्यालय में समस्याएं सुनकर सभी के निस्तारण का आश्वासन दिया तब सुखरावली, देवसेनी, हरदुआ के पीड़ित किसानों को लेकर भाकियू का प्रतिनिधि मंडल एसडीएम ऑफिस पहुंचा तो एसडीएम ने तत्काल किसानों की सभी समस्याओं का दो दिन में निस्तारण करने का आश्वासन दिया तब उसके बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर अर्जुन सिंह ने कहा है कि इस सरकार में किसानों का उत्पीड़न हो रहा है सरकार केवल लॉलीपॉप देने का काम कर रही है किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है अधिकारी सुनते नहीं है। भाकियू सुनील के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रंजीत सिंह ने कहा है अधिकारी मनमानी कर रहे हैं जनता दरबार के समय अधिकारी अपने कार्यालय में नहीं बैठ रहे, एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री कहते हैं कि समय से अधिकारी बैठे और समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करें लेकिन किसानों, गरीबों की समस्या नहीं सुनी जा रही। आज एसडीम कोल शाश्वत त्रिपुरारी ने आश्वासन दिया है कि किसानों की समस्याओं का दो दिन में समाधान किया जाएगा। भाकियू सुनील के प्रदेश प्रवक्ता मोहसिन मेवाती ने कहा है कि अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाकियू सुनील द्वारा गरीब पीड़ित किसानों के न्याय के लिए बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आज प्रदर्शन में भाकियू सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अर्जुन ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रंजीत सिंह प्रदेश प्रवक्ता मोहसिन मेवाती जिलाध्यक्ष किशन सिंह लोधी विनोद चौधरी कौशल कुमार रवि बघेल राजपाल यादव चंद्रपाल सिंह जगदीश चौधरी ओमवीर सिंह एहतेशाम मनोज शर्मा देवेंद्र कुमार ललित कुमार अर्जुन सिंह हेमन्त चौधरी रोहित मयंक अमन अंकित सुखरावली के पीड़ित किसान चंद्र प्रकाश सिंह, देवसेनी के पीड़ित किसान शंकर लाल शर्मा हरदुआ के पीड़ित किसान कंचन गिरी और तमाम पीड़ित किसान और भाकियू सुनील के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सफ़ाई कर्मचारियों के लिये लगा नगर निगम में हेल्थ कैम्प

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। नगर निगम जवाहर परिसर में सफ़ाई कर्मचारियों के हेल्थ के लिए नगर आयुक्त अमित आसेरी के निर्देश पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें। सफ़ाई कर्मचारियों के बीपी शुगर व अन्य की जांच डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई। नगर निगम की सफाई व्यवस्था से जुड़े सफाई कर्मचारियों के हेल्थ चेकअप के लिए बेहद गंभीर नगर आयुक्त के निर्देश पर सोमवार को नगर निगम द्वारा हेल्थ कैंप का आयोजन जवाहर भवन में किया गया। जहां बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया तो वही नगर आयुक्त ने भी अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया और कर्मचारियों को नियमित अपने हेल्थ की जांच कराई जाने की अपील की।

नगर आयुक्त अमित आसेरी ने बताया कि सफ़ाई कर्मचारी नगर निगम परिवार का हिस्सा हैं। जिस तरह वह अपनी स्वास्थ्य की परवाह किए बगैर दिन रात कार्य करते हैं तो हमारा भी दायित्व बनता हैं कि उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए। शहर के विकास और स्वच्छता कार्य में जिस तरह से निगम के कर्मचारी अपनी भूमिका को निभा रहे हैं। वह सराहनीय है। शहर हित में विशेष सहयोग कर्मचारियों का मिलता है। जोकि एक सौहार्दपूर्ण स्थिति को बयां करता है। हेल्थ केम्प का आयोजन नगर निगम यूनियन अध्यक्ष संजय सक्सेना व संस्था के चीफ टीकम सिंह सूर्यवंशी के द्वारा सम्पन्न हुआस कैम्प मे 122 लोगो ने चेकअप का लाभ लिया।

एंटी स्मोक गन से निकली पानी की फुहारो में झूमे बड़े बूढ़े और बच्चे

● गर्मी से राहत के लिए नगर निगम का अनोखा प्रयोग

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। मई के महीने में पड़ रही झुलसा देने वाली गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है. तापमान भी 45 डिग्री है. ऐसे में अलीगढ़ में नगर निगम द्वारा लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए बेहतर प्रयास किया जा रहे हैं. शहर के क्वार्सी चौराहे पर एंटी स्मोग गन से पानी की फुहार छोड़ी जा रही है. इस फुहार के माध्यम से लोगों को कहीं ना कहीं गर्मी से राहत मिलने की बेहतरीन कोशिश नगर निगम ने की है। पिछले कई दिनों से अलीगढ़ के तापमान में हो रही वृद्धि से जहां आम जनमानस भीषण गर्मी में जूझ रहा है चौराहों और सड़कों से गुजरने वाले नागरिकों को गर्मी से राहत देने के लिए नगर आयुक्त अमित आसेरी ने अनोखा प्रयोग करते हुए नगर निगम की एंटी स्मोक गन में पानी भरवा कर हल्के हल्के पानी की फुहार से गुज़रने वाले राहगीरों को बड़ी राहत दी है। सोमवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की एंटी स्मोक गन जिसकी क्षमता लगभग 6000 लीटर की है नगर निगम ने उसमें पानी भरवा कर शहर के प्रमुख क्वारसी चौराहे और सारसौल चौराहे पर खड़ा किया ओर निरंतर इस मशीन को चलाकर यहां से गुजरने वाले लोगों के ऊपर पानी की फुहार की बौछार की। इन चौराहो से गुजरने वाले लोगो मैं विशेष रूप से बच्चों ने पानी की फुहार का लुफ्त उठाया। जहां नगर निगम के इस सार्थक प्रयास से चौराहों से गुजरने वाले लोगों को भीषण गर्मी में थोड़ी राहत मिली तो वहीं कई लोगों ने नगर निगम के इस अनोखे प्रयास को सराहा। मौके पर कई पैदल व कार सवार राहगीरों ने रुककर ठंडे-ठंडे पानी की फुहार का लुत्फ़ उठाया राहगीरों ने नगर आयुक्त को

इस अनोखे प्रयोग करने के लिए धन्यवाद दिया।

नगर आयुक्त अमित आसेरी ने बताया कि अलीगढ़ नगर निगम अपने सीमित संसाधनों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग जनहित में करने के लिए प्रयासरत है एंटी स्मोक गन का प्रयोग भी इसी दिशा में एक छोटा सा कदम है इस स्मोग गन के माध्यम से लोगों को गर्मी से राहत देना उद्देश्य है।

बाल वैज्ञानिकों ने अपने द्वारा स्वनिर्मित ई वी एम मशीन का किया प्रदर्शन

● राजकीय इंटर कॉलेज मीरजापुर केमत दान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण में कलाम इनोवेशन लैब के बाल वैज्ञानिकों ने अपने द्वारा स्वनिर्मित ई वी एम मशीन का किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। राजकीय इंटर कॉलेज मिर्जापुर के प्रांगण में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 20240के मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण में आंज कलाम इनोवेशन लैब अहरौरा के बाल वैज्ञानिकों के द्वारा बनाए गए स्वनिर्मित ई वी एम मशीन का प्रदर्शन किया गया । श्वङ्करू मशीन को बनाने के लिए आर्डिनो ठ्ठश का इस्तेमाल किया गया है जिसमे विभिन्न कार्यो को करने के लिए विभिन्न पिनो पर कोडिंग की गई है। इसमें कंट्रोल पैनल ,बैलेट बटन और VVPAT तीनो यूनिट का प्रतिकात्मक मॉडल बनाया है। बैलेट बटन पर अल्फा , बीटा, गामा,आदि शब्दो को इस्तेमाल किया गया । कंट्रोल पैनल को स्टार्ट करने के बाद बैलेट बटन को दबाना पड़ता है, बटन दबाते ही VVPAT पर्ची निकल जाती है और जब तक पुनः कंट्रोल पैनल को रिफ्रेश नही करेंगे तब तक कोई दूसरा बटन काम नहीं करेगा । इस मशीन को बिल्कुल असली श्वङ्करू की तरह बनाया गया है। इस मशीन को बनाने के लिए कलाम इनोवेशन लैब के कई बच्चो ने कई दिनों काफी मेहनत की। जिसमे प्रीतम, श्यामसुंदर, वाल्मीकि , चंदन, प्रिंस, विकाश, काव्या, सुजीत ,हिमांशु ने मुख्य भूमिका निभाई। ये सभी कार्य श्री सत्यनारायण प्रसाद और रोहित मौर्य के गाइडेंस में किया गया। जिला विज्ञान क्लब मिर्जापुर के समन्वयक सुशील कुमार पांडेय के नेतृत्व में अपने मशीन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।जिलाधिकारी महोदया एवम मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने बच्चो को स्मृति चिन्ह,चाकलेट देकर सम्मानित किया।

सड़क पर पड़े मिले पर्स को पीआरवी ने मालिक को सौंपा

अलीगढ़,। थाना गंगीरी क्षेत्र में पीआरवी कर्मियों द्वारा सड़क किनारे पड़े मिले पर्स को उसके स्वामी के सुपुर्द कर दिया। पीआरवी थाना गंगीरी अपने निर्धारित पॉइण्ट पर खडी थी कि कॉलर रवि कुमार द्वारा बताया कि मुझे एक पर्स सडक किनारे पडा मिला है के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ। पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर जानकारी की तो कॉलर द्वारा बताया गया मुझे यह पर्स सडक के किनारे पड़ा मिला है किसका है पता नहीं चल पा रहा है न ही पर्स में कोई आई0डी0 है । पीआरवी कर्मियो द्वारा तुरन्त त्वरित कार्यवाही करते हुए कालर को साथ में लेकर आस पास के लोगो से जानकारी प्राप्त हुई तथा एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि पर्स रामपाल सिहं पुत्र साधु सिहं नि0 नगला चोखे थाना गंगीरी अलीगढ जो कि मेरी बहन का है वह अपना बहन को ससुराल से अपने घर ले जा रहा था बाम बिलौनी गंगीरी के पास पर्स गिर गया था पीआरवी कर्मी द्वारा पर्स के मालिक से पर्स में रखे रूपये व सामान के बारे में पूछा गया तो मालिक ने पर्स में रखे 4350 रुपये व दो आर्टिफिशियल अंगूठी के बारे में सही बताया गया । पीआरवी कर्मियों द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही की कॉलर व मौके पर मौजूद लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रसता की गयी।

पुलिस ने हत्या का पर्दाफाश कर दो हत्यारे किये गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। थाना बन्नादेवी पुलिस टीम ने शनिवार को हई दुष्कर्म के आरोपी की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये दो आरोपी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध असलाह बरामद किया है। थाना बन्नादेवी व सर्विलांस टीम ने दौराने चैकिंग बुद्ध बिहार बस स्टैण्ड रोडवेज सारसोल अलीगढ़ के निकास गेट के पास से आलोक चौधरी पुत्र बालकिशन निवासी चाऊपुर होज थाना अतरौली ,अमन वार्ष्णेय पुत्र प्रमोद कुमार वार्ष्णेय निवासी गली नं0 1 गूलर रोड थाना देहली गेट को घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल मय दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब हो कि दुष्कर्म के आरोपी युवक की शनिवार देर रात थाना बन्नादेवी क्षेत्र जवाहर नगर क्षेत्र में घर से बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलवार घटना को अंजाम देने के बाद शव को मेडीकल कॉलेज में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती पर हत्या कराने का आरोप लगाकर तीन नामजद व कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार जवाहर नगर निवासी जसवीर शर्मा रोडवेज में संविदाकर्मी हैं। परिवार में दो बेटों व एक बेटी में सबसे बड़ा बेटा समीर उर्फ सिद्धार्थ (23) था। इंटर की पढ़ाई करनेके बाद फाइनेंस का काम करता था। इसके अलावा कुछ दोस्तों के साथ प्रॉपर्टी का व्यापार भी कर रखा था। शनिवार रात को समीर खाना खाकर घर पर ही थी। करीब 10 बजे खैर बाईपास निवासी अपने दोस्त नितिन चौधरी का फोन आने के बाद समीर दोस्त से मिलकर आने की बात कहकर चला गया। देर रात करीब 12 बजे पिता जसवीर की मां पर नितिन का फोन आया कि समीर को किसी ने गोली मार दी है। यह सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए। परिजन आनन-फानन में मेडीकल कॉलेज पहुंचे, जहां जानकारी करने पर चला कि सफेद स्कार्पियो कार सवार कुछ लोग शव को लावारिस अवस्था में छोड़कर चले गए। सूचना मिलते ही एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, सीओ द्वितीय आदि पहुंच गए थे।

धमकी से परेशान वृद्ध ने लगायी फांसी

● - दर दर भटक रहा मृतक अश्वनी कुमार तिवारी का परिवार, क्या मिलेगा न्याय?

बड़े बेटे की पत्नी एवं उसके पारिवारिक लोगो ने बनाया था दबाव, खुद को मौत के घाट उतारा

बहु ने ससुर पर आखिर क्यों बनाया दबाव, जो ससुर ने अपने आप को मौत के फंदे में बांधा

लंबे समय से बहु द्वारा पूरे घर को किया जा रहा था प्रताड़ित

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी अश्वनी कुमार तिवारी होजरी का काम करते है। बड़े बेटे मनीष तिवारी की पत्नी प्रियंका त्रिपाठी पुत्री राम त्रिपाठी निवासी ग्राम हिन्दू खेड़ा द्वारा दहेज प्रथा का मुकदमा कोतवाली में दर्ज है, जबकि पत्नी द्वारा उसके भाई पर भी गलत तरीके से मुकदमा दर्ज करवा चुकी है। जानकारी के अनुसार मृतक अश्वनी कुमार तिवारी दिनांक 15 मई 2024 को प्रियंका के पारिवारिक लोगों द्वारा आहूजा ब्रिक फील्ड अचलगंज के पास बाइक से अपना काम निपटाने पहुंचे अश्वनी कुमार मिश्रा को रोककर धमकी दी गई। पैसों की मांग और 376 का मुकदमा लिखवाने की बात कहकर लोग वहां से फरार हो गए पीड़ित अश्वनी कुमार मिश्रा ने पूरी जानकारी घर आकर अपनी पत्नी किरन को बताया, देर रात सोने के लिए कमरे में गए सोने अश्वनी ने अपने आपको अकेला पाकर लगातार जबरदस्ती से बनाये जा रहे दबाव से परेशान होकर फांसी के फंदे में बांधकर मौत के घाट उतार लिया। पूरे परिवार में मातम सा छाया है। बेटे मनीष तिवारी की शादी 3 साल पहले उन्नाव के हिन्दू खेड़ा में रहने वाले प्रियंका से करी थी, शादी के 3 महीने पूरे भी नहीं हुए थे की प्रियंका अपने घर वापस चली गई और परिवार पर दहेज प्रथा, दहेज उत्पीड़न, छोटे देवर पर 376 जैसी प्रमुख धाराओं पर फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज करवा दिया, पत्नी प्रियंका व उसके परिवार के लोगो द्वारा आये दिन मिलने वाली धमकी और पैसो की मांग से परेशान हो चूका था, आखिर न्याय के आगे पैसे की मांग और धमकी ने मनीष के पिता की जान ले लिए उधर पुलिस करवाई से परिवार ने संतुस्ट न होने की बात कही है। अनजान मोबाइल नंबर से कॉल करके अश्वनी कुमार के मोबाइल पर पुलिस अधिकारी बनकर कॉल आती है जिसमे उसको लखनऊ आने की बात कही जाती है

और ये भी बताया जाता है की तुम्हारे ऊपर 376 का मुकदमा दर्ज हो चुका है। मृतक अश्वनी कुमार मिश्रा की पत्नी ने बताया की इस बात से मेरे पति बहुत परेशान थे और रात में लगभग 11 बजे के आस पास खुद को अकेला पाकर उन्होंने फांसी लगा लिया। अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गाया, उधर पोस्टमार्टम होने के बाद परिवार को शव दे दिया गया, उसके बाद शुक्लागंज स्थित मिश्रा घाट में अंतिम संस्कार किया गया, मृतक की पत्नी ने थाना दही चौकी में तहरीर दी है, लेकिन 48 घंटे के ऊपर होने को है अभी तक कोई भी करवाई नहीं की गई है, ये जांच का विषय बनता है कि पुलिस कितनी ईमानदारी से अब इस पूरे मामले की जांच करेंगी और दोषियों को सालखों में भेजनें में सफल हो पायेगी। मृतक के बड़े बेटे, माँ और छोटे बेटे ने न्याय ने मिलने पर मुख्यमंत्री से मिलने की बात कही है। सूत्रों की माने तो बृहस्पतिवार को मृतक अश्वनी कुमार तिवारी का पूरा परिवार न्याय की गुहार लगाने योगी आदित्यनाथ के आवास पहुंचेगा।

नहीं हो सका 480 स्कूलों का कायाकल्प

● - कराए जाने हैं, सुंदरीकरण बिजली, पानी आदि के कार्य

प्रगति लाने को सीडीओ ने दिया दो माह का अल्टीमेटम

स्वतंत्र प्रभात

उन्नाव। कहने को तो जनपद में मिशन कायाकल्प का तीसरा चरण चल रहा है लेकिन मिशन कायाकल्प के तहत सभी सरकारी विद्यालयों को मूलभूत अवस्थापना सुविधाएं जैसे कक्ष, शौचालय, टाइलीकरण, हैंड वाशिंग स्टेशन, बाउंड्रीवाल, दिव्यांगजन शौचालय, पेयजल व्यवस्था, बिजली कनेक्शन आदि से कार्य अधूरे हैं। मिशन की यह स्थिति देखते हुए सीडीओ ने जिम्मेदारों के पेंच कसे हैं। नाराजगी जताते हुए दो माह में काम पूरा कराने के निर्देश दिए।

बताते चलें कि जिले में परिषदीय विद्यालयों की संख्या 3137 है। इसमें प्राथमिक 2305 और उच्च प्राथमिक 832 विद्यालय हैं। कुछ समय पूर्व शासन ने आपरेशन कायाकल्प योजना शुरू की थी। योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली 14वें वित्त और राज्य सरकार की राज्य वित्त योजना से विद्यालयों का सुंदरीकरण कराए जाने के आदेश दिए गए थे। इसके तहत सरकारी विद्यालयों के भवनों में बाउंड्रीवाल, टाइल्स, रंगरोगन, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्यालय गेट से भवन तक इंटरलॉकिंग आदि के साथ रंगरोगन कराया जाना था। इस योजना के पीछे का मकसद परिषदीय विद्यालयों को निजी स्कूलों के बराकर खड़ा करना था। हालांकि जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। लापरवाही से योजना रफ्तार नहीं पकड़ सकी और अभी भी 480 विद्यालय कायाकल्प होने का इंतजार कर रहे हैं।

> "मिशन कायाकल्प की स्थिति बहुत ही खराब है। इसे गंभीरता से लिया गया है। सभी जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि दो माह में सारे कार्य कराकर विद्यालयों को पूरी तरह से संतृप्त कराएं। - प्रेम प्रकाश मीणा, सीडीओ।"

भारी सुरक्षा बल के बीच संपन्न हुआ मतदान

स्वतंत्र प्रभात

बीकेटी – सोमवार को उत्तर प्रदेश में 14 सीटों पर चल रहे लोकसभा चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। लखनऊ के लोकसभा मोहनलाल गंज अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भारी संख्या में मतदाता सुबह सात बजे ही अपने घरों से निकल कर मतदान स्थल पर पहुंचे जहां लंबी कतारें लगाकर मतदान करने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। मोहन लालगंज लोकसभा अंतर्गत बीकेटी विधान सभा में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने को लेकर सुरक्षा बलों व क्षेत्रीय लोगो में चैन की सांस ली। लोकसभा मोहन लाल गंज के विधान सभा बीकेटी में पड़े 65 प्रतिशत और भाग संख्या 168 मल्लाहन खेड़ा प्राथमिक विद्यालय बुथ पर 525 वोट में से 456 वोट क्रस्ह सुधा सिंह प्रयास से डाला गया वही विकलांगों को भी वोट डालने में मदद करती दिखी बीकेटी क्षेत्र में मतदाताओं में भीसण गर्मी व चिलचिलाती धूप के बावजूद देश की नई सरकार चुनने के लिए खासा उत्साह देखा गया। जहा लंबी कतारें लगाकर मतदान स्थल पर जमे रहे। लोगो ने कहा की तेज धूप में भी हम कतारों में लग कर पसीना बहाते हुए भी मतदान कर एक नई सरकार चुन कर राष्ट्र को समर्पित केरेंगे। वही शाम 6 बजे तक बीकेटी विधान सभा में करीब 65 प्रतिशत मतदान हो सका।

878 लाभार्थियों को पक्के आवास के लिए मिले 5.33 करोड़

● - प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी लाभार्थियों के खाते में भेजने की कवायद शुरू

किसी की छह माह तो किसी की एक साल से रुकी थी दूसरी व तीसरी किस्त

स्वतंत्र प्रभात

किस्त के लाभार्थियों ने छह माह पहले किया था आवेदन

इन लाभार्थियों ने छह माह पहले आवेदन किया था। इससे पहले मिली किस्तों से लाभार्थियों ने पुराने कच्चे व जर्जर मकान गिरवाकर नींव आदि भरान करा काम शुरू किया था। नींव भराने के बाद दूसरी किस्त के लिए आवेदन किया था। किस्त मिलने पर लिंटर डलवाया था। फिर फिनिशिंग के लिए तीसरी किस्त की मांग की थी। हालांकि पैसा आने में छह माह का समय लग गया। पीओ डूडा अरविंद सिंह ने बताया कि जो बजट मिला है उसे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है।

उन्नाव। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के पात्र लाभार्थियों का जल्द खुद के पक्के घर का सपना पूरा हो रहा है। लंबे समय से किस्त का इंतजार कर रहे 878 लाभा?र्थियों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए सरकार ने 5.33 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। अ?धिकारियों ने लाभा?र्थियों के खातों में किस्त भेजने की कवायद शुरू कर दी है।

निकायों में रहने वाले ऐसे व्यक्ति जो भूमि होने के बाद भी झोपड़ी या कच्चे मकान में रह रहे हैं। ऐसे शहरी गरीब पात्रों को सरकार प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए अनुदान देती है। एक आवास पर तीन किस्तों में लाभार्थियों को ढाई लाख की धनराशि दी जाती है। इसमें पहली किस्त 50 हजार, दूसरी किस्त 1.50 लाख और अंतिम किस्त 50 हजार की दी जाती है। जिला नगरीय विकास अभिकरण विभाग की ओर से पात्रों की सूची तैयार कराकर मुख्यालय भेजी जाती है। वर्तमान समय में विभाग के पास ऐसे 878 लाभार्थियों की सूची तैयार थी जो लंबे समय से किस्त का इंतजार कर रहे थे। शासन ने इन लाभार्थियों के लिए 5.33 करोड़ जारी कर दिए। डीएम की संस्तुति के बाद लाभार्थियों के खातों में भेजना शुरू कर दिया है।

हम सभी को सामाजिक कार्यों में बड़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए: सैय्यद अली

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़,। जज़्बा फाउंडेशन महासचिव डॉ स्वालेहीन अख्तर के नेतृत्व में महानगर अलीगढ़ टीम का शपथ ग्रहण समारोह मिल्क बार स्टूडियो मेरिस रोड पर हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर सैय्यद अली नवाज़ ज़ैदी डिप्टी प्रॉक्टर ए. एम. यू अलीगढ़ ने फाउंडेशन के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को सामाजिक कार्यों में बड़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर ज़मीर अहमद पढाई के लिए जागरूक किया एडवोकेट मखतूर खान व एडवोकेट शाहनवाज ने महानगर अध्यक्ष राशिद अली, उपाध्यक्ष खुर्शीद अहमद, सचिव मो उमैर, मो शारिक, डॉक्टर राज कुमार मो फेसल ,मो इरशाद सहित सभी पदाधिकारी एंव केबिनेट सदस्यों को फाउंडेशन के नियमानुसार शपथ दिलाई। ज़ियाउर रब ने कहा कि गर्मी चर्म सीमा है हमे इनसानों के साथ-साथ चरिंदो परिंदों के खाने पीने के इन्तज़ाम के लिए लोगों में जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। कुं आरिफ अली खान ने सभी से मन लगाकर कार्य करने का आग्रह किया। फाउंडेशन महासचिव डॉक्टर स्वालेहीन अख्तर ने बताया कि जज़्बा फाउंडेशन पिछले पांच सालों से लगातार स्वास्थ्य व शिक्षा के छेत्र में निःस्वार्थ सेवा दे रहा है। इन्होंने फाउंडेशन हित में सकारात्मक कार्य करने की अपील की। मुख्य रूप से अलाउद्दीन सैफी, शादाब खान, चन्दन सिंह, डॉ मो. शोएब, गांधी जी,नाज़िम, रजनी रावत, अलतमश, साजिद ,अबुज़र, आसिफ अन्य सदस्य मौजूद रहे।

नाक के नीचे हो रहे खनन की खबर से बेखर थाना की पुलिस

असोहा (उन्नाव)। असोहा थाना पुलिस की नाक के नीचे महीनों से खनन माफिआओं ने खनन कर धरती की कोख को छलनी कर दिया। इसी क्रम में गत रात सूचना पर असोहा थाना क्षेत्र के गांव सरैया पहुंचे खनन अधिकारी केबी सिंह ने रात के अंधेरे मे खनन करते एक जेसीबी तथा एक डम्फर को पकड़ लिया तथा असोहा थाना में लिखा पढ़ी कराकर बंद कर दिया। बताते चलें कि पिछले पांच माह से असोहा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवो में बेरोक टोक भारी संख्या में खनन होता आ रहा है। हैरत की बात यह है कि खनन विभाग के अधिकारियों को उन्नाव में खनन की सूचना मिल गयी कि असोहा के पास खनन हो रहा है लेकिन असोहा पुलिस को सूचना नहीं है कि उनके थाना से मात्र कुछ दूरी पर महीनों से काला कारोबार हो रहा है। गौर रहे कि यह खनन का काम असोहा थाना क्षेत्र का एक खनन माफिया कराता है जो कल पकड़े जाने की भनक पर भाग गया।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने अनुप्रिया पटेल के बयान पर जताई नाराजगी

● - कहा की अनुप्रिया पटेल का बयान कुंठा से प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर । जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की एक महत्वपूर्ण बैठक अमरावती चौराहा पर संपन्न हुई। जहां पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा की गई टिप्पणी पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिला अध्यक्ष संजू मिश्रा ने कहा कि अनुप्रिया पटेल का यह कहना कि राजा ईवीएम की बटन से पैदा होता है अपने आप में दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि ईवीएम से राजा नहीं बल्कि जनप्रतिनिधि पैदा होता है।। जिसकी आयु 5 वर्ष होती है। कहां की वर्तमान लोकतंत्र में राजतंत्र तो समाप्त हो चुका है परंतु जो लोग पुराने राजघरानों से संबंध रखते हैं और राजनीति में सक्रिय हैं ऐसे राजा भैया जो सर्व सुलभ है उनके ऊपर कुंठा में दिया गया यह बयान निंदनीय है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के युवा जिलाध्यक्ष अनुज उमर ने कहा कि अनुप्रिया पटेल सभी वर्गों का विश्वास खो चुकी है। मिर्जापुर जनपद के अंदर चुनाव में उन्हें जगह-जगह विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए वह बाहर कहीं भी कुछ बोल दे रही हैं।उनका बयान लोकतन्त्र की मूल भावना के खिलाफ है। कहा की राजा भैया विगत तीन दशक से उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा के सदस्य हैं और कुंडा प्रतापगढ़ ही सहित पूरे प्रदेश में उनकी राजनीतिक विचारधारा के लोग कायल है। ऐसे में उन पर इस प्रकार की टिप्पणी करना अनुप्रिया पटेल जैसे जातिवादी नेताओं की हताशा को दर्शाता है। कहा की आने वाले समय में लोग इसका करारा जवाब देंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से पार्टी के पदाधिकारी और अन्य गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

राजधानी में भी मनाया गया मतदान उत्सव

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में नवयुवको खासकर पहली बार मतदान कर कर रहे युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला। मतदान के दिन नवयुवक और युवतियां सुबह सवेरे तैयार होकर कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे, पूरा दिन लोग पोलिंग बूथ पर आ आकर वोट डालते दिखे। त्रिवेणी नगर समेत सभी बूथों पर शांति पूर्वक मतदान हुआ। मतदान सुबह 7: 00 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6:00 बजे तक चले जिसमे बढ़ का चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया और मतदान उत्सव मनाया। गर्मी के कारण सुबह खासी भीड़ देखने को मिली। त्रिवेणी नगर स्थित बूथ संख्या 142 पर मशीन में कुछ खराबी आ जाने के कारण लोगो को थोड़ी असुविधा का सामना करना पड़ा परंतु जल्द ही मशीन को बदलकर 7:30 बजे मतदान शुरू हो सका।

यज्ञ हवन के साथ संपन्न हुई किसान कल्याण समिति की योजना बैठक

● - पेयजल हेतु 28 मई 24 से न्यूनतम आवश्यक पंसाल से एक सप्ताह के लिये चलाई जाएगी जरगो फीडर की समस्त नहरें

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। अहरौरा सोमवार को किसान कल्याण समिति जरगो जलाशय की वार्षिक योजना बैठक यज्ञ हवन और जलाशय को भरने की प्रार्थना के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से कम वर्षा के कारण जरगों जलाशय के न भरने पर चिंता व्यक्त करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था नरायनपुर पम्प कैनाल का पानी हुसैनपुर बीयर में पहुँचाने और फिर भागवत ब्रांच से जरगो मेन फ़ीडर के पौनी बैरियर तक लाने पर चर्चा की गई और इस हेतु विभागीय अधिकारियों एवं आवश्यक जनों से मिलकर इस परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने की अपील की गई । इसके अतिरिक्त कमांड के भूजल रिचार्ज करने और पेयजल हेतु जल उपलब्ध कराने के लिए 28 मई 2024 से आवश्यक पंसाल द्वारा एक सप्ताह नहर चलाने का भी निर्णय हुआ, बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शास्त्री ने किया और संचालन महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल ने की बैठक में मुख्य रूप से कार्यवाहक अध्यक्ष बजरंगी कुशवाहा, भारतीय किसान यूनियन

लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष धर्मदेव उपाध्याय , कंचन सिंह फौजी, गुलाब सिंह, सरदार अजीत सिंह, प्यारेलाल मौर्या, करूणा शंकर शुक्ला, चिरंजीव सिंह, उमाकांत मिश्रा, रमाशंकर सिंह, राजा राम सिंह, राम सकल मौर्या, अंदीप सिंह, महाल सिंह, तपेश सिंह, विभागीय प्रतिनिधि राम प्रसाद सिंह तार बाबू, सन्दीप सेठ शिवशंकर प्रधान ने वालों, सुरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

स्वतंत्र प्रभात

अदलहाट, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के चौकी नरायनपुर अंतर्गत वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर रविवार की रात 10.30बजे श्वबरईपुर ग्राम के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई।

अदलहाट थाना क्षेत्र के विशेषरपुर माफी ग्राम निवासी 58वर्षीय सुशील कुमार यादव पुत्र स्व0पेवारु बरईपुर ग्राम स्थित प्लाटिंग पर चौकीदारी का काम करते थे। रविवार की रात सामान लेकर सड़क पार कर रहे थे,इसी दौरान वाराणसी से सोनभद्र की ओर जा रही अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये।जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई । मृतक को दो पुत्र तथा एक पुत्र है। मृतक के पुत्र राज कुमार यादव के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मौके पर पहुंचे नारायनपुर चौकी प्रभारी जयदीप सिंह ने शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम हेतु चुनार भेज दिया।

संक्षिप्त खबरें

राष्ट्र के विकास के लिए बुजुर्गों एवं दिव्यांगों ने किया मतदान

शिवगढ़,रायबरेली। क्षेत्र के चुन्नीखेड़ा मजरे गूढ़ा की रहने वाली 103 वर्षीय शिवरानी ने 70 वर्षीय बेटे रामसागर के साथ साइकिल से कम्पोजिट विद्यालय गूढ़ा पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जसवंत खेड़ा मजरे सूरजपुर की रहने वाली 80 वर्षीय हुबराजा ने प्राथमिक विद्यालय जगन्नाथपुर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं खजुरों गांव की रहने वाली दिव्यांग विवाहिता उषा देवी ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता दर्ज कराई।

आम के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका युवक

उन्नाव। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी के अंतर्गत एक युवक ने आम के पेड़ में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। बताते चलें कि दीपू पुत्र केशन उम्र 22 निवासी कटरी मरौंदा मझवारा के मजरा बन्दनपुरवा का विवाह कानपुर के डल्ला पुरवा में तय हुआ था। जिसके चलते बड़े धूमधाम से गोदभराई का कार्यक्रम भी हुआ था, लेकिन लड़की वालों ने लड़की की शादी दीपू के साथ मना कर दिया और कही दूसरी जगह तय कर दिया। जिसके चलते दीपू को गहरा सदमा लगा जिसको दीपू सहन न कर सका। इसी के चलते सोमवार की रात आम के बाग में पेड़ से रस्सी से लटककर जान दे दी। दीपू पांच भाइयो में तीसरे नम्बर का था। एक बहन है जिसका विवाह हो चुका है। सुबह होने पर ग्रमीणों के शव को लटकते देखकर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंचे परियर चौकी प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

सड़क हादसे में अकराबाद के युवक की खुर्जा में मौत

अलीगढ़,। थाना अकराबाद क्षेत्र के एक व्यक्ति की जनपद बुलन्दशहर के खुर्जा नगर में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई।गांव दरियापुर निवासी 30 वर्षीय भानु प्रताप उर्फ मोनू पुत्र सत्यपाल सिंह नोएडा किसी कंपनी में काम करते थे। रविवार की रात वह बाइक से घर आ रहे थे। इसी बीच खुर्जा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे 30 वर्षीय मोनू की मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई गौरव सिंह ने बताया है कि मोनू अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था जिसने अपने पीछे पत्नी प्रिया व बेटी परी को रोते बिलखते छोड़ा है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

महिलाओं को देना चाहिए शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान

अलीगढ़,। हाउस ऑफ करीज् क्लब में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने लिए मदर्स डे के उपलक्ष्य में मॉम्स ऑफ इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉम्स ऑफ इंडिया ग्रुप की संस्थापक इरम सइद ने बताया वो 08 वर्षों से निरंतर महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम की आयोजक विशु राजपाल और जुवेरिया नूरी ने बताया कि महिलाओं को अपने घर के कार्यों के साथ साथ अपनी शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट पर भी ध्यान देना चाहिए। जिससे कि हम सभी महिलाएं ना केवल घर को संभाल पाएँगी बल्कि अपने परिवार और समाज को एक नयी दिशा देने का उत्कृष्ट कार्य भी कर पाएँगी। कार्यक्रम में लगभग 110 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन सूफ़ीया जावेद ने किया। इस मौके पर इरम सइद, विशु राजपाल, जुवेरिया नूरी, जौली वार्ष्णेय, सोफिया, सूफ़ीया जावेद, नशरीन, माहिरा, अभिषेक सक्सैना सनातनी आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद चुनार "अखिलेश मिश्रा " को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय का बनाया ब्रांड एम्बेसेडर

चुनार। नगर पालिका परिषद चुनार में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत नगर को जन जागरूकता कार्य के माध्यम से स्वच्छ और सुन्दर बनाये जाने हेतु सभी की भागीदारी को बढ़ाने हेतु एवं स्वच्छ सर्वेच्छण 2024 में अच्छी रैंक हेतु समय समय पर पालिका में होने वाली बैठकों में प्रतिभाग करने वाले अखिलेश मिश्रा बच्ची को चुनार पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति वैस ने स्वच्छ सर्वेच्छण 2024 हेतु ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने पर नगर के पूर्व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बचाऊ लाल सेठ, पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद, नरेंद्र पांडे चंद्रहास गुप्ता,अभिलाष राय, श्याम सुंदर शाह, सुजीत यादव,डा.मुन्ना शर्मा, औषधि रस्तोगी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया।अखिलेश मिश्रा को पूर्व में भी स्वच्छ, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण आदि के लिये नगर पालिका द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

22 मई 2024 को जनपद में उतरेगी सुबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का उड़न खटोला

मीरजापुर। रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बरौधा कचार मीरजापुर के कक्ष में जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में राज्यसभा सदस्य, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं काशी क्षेत्र के प्रभारी अमरपाल मौर्य जी एक समीक्षा बैठक किये । यह बैठक सुबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी के आगामी जनसभा वास्ते सम्पन्न हुई । जिसमें जिला प्रभारी सरोज कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी रविन्द्र नाथ पाठक तथा लोकसभा संयोजक दिनेश वर्मा उपस्थित रहे । अमरपाल मौर्य जी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी की विशाल जनसभा आपके जनपद में 22 मई 2024 को होना सुनिश्चित है । आप सभी पदाधिकारीगण कार्यकर्ताओं को लगायें तथा जनसभा को सफल बनायें । तत्पश्चात् जिलाध्यक्ष जी ने बताया कि जनसभा की समीक्षा बैठक हो चुकी है । यह विशाल जनसभा मझवां विधानसभा के सिटी ब्लॉक में ग्राम सभा शाहपुर चौसा के बाबू रघुवंश सिंह इंटर कॉलेज के सामने 22 मई 2024 दिन बुधवार को सुबह 09ः00 बजे मा0 उप मुख्यमंत्री जी के जनसभा की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। कार्यक्रम स्थल पर तैयारी चल रही है । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

आईडीए मिर्जापुर द्वारा डेंटल इंप्लांट पर व्याख्यान एवं कार्यशाला संपन्न

मीरजापुर। इंडियन डेंटल एसोसिएशन मीरजापुर ब्रांच के तत्वाधान में होटल जेंनएक्स में डेंटल इंप्लांट पर व्याख्यान एवं कार्यशाला सीडीई प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें गेस्ट स्पीकर डॉ विपुल गर्ग द्वारा विषय डेंटल इंप्लांट उसके प्रत्यारोपण की विधि एवं डेमो द्वारा रिप्लेस किए गए दातों की जगह निश्चित लंबाई इंप्लांट एवं लगाने के तरीके डेमो द्वारा मॉडल पर बताया गया। जिसमें कई आईडीए मेंबर्स ने सहभागिता कर इसका उपयोग और अनुभव का लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारभ में नोएडा से आए डेंटल इंप्लांट स्पेशलिस्ट डॉ विपुल गर्ग एवम प्रेसिडेंट डॉ राहुल चौरसिया, सेक्रेटरी डॉ टी एन द्विवेदी, कोषाध्यक्ष डॉ संदीप सिंह एवं, सीडीई कन्वेनर डॉ आनन्द दुबे, द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया, कार्यक्रम में डॉ पीयूष जैन, डॉ शैलेंद्र पांडेय, डॉ नेहा दुबे, डॉ वंदना गुप्ता, डॉ अनामिका केसरी, डॉ शिवांगी, डॉ अमित केसरवानी, डॉ राजेश यादव, डॉ डॉ सुरभि कसेरा ,डॉ शुभ्रा बरनवाल, डॉ आनंद कुमार , डॉ नरेंद्र तिवारी, डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ वरुण यादव ,एवं नोएडा से डॉ रिजवी भी रहे, कार्यकम समाप्ति के पूर्व गेस्ट स्पीकर का उतरी एवं मोमेंटो सम्मान किया गया, इस तरह के इन्फोरमाटिव डेंटल एजुकेशन प्रोग्राम आगे भी होते रहे इसकी योजना आईडीए मिर्जापुर ब्रांच के मेम्बर्स की उपस्तिथि में बनी।

अटल बस्ती की बैठक संपन्न

विंध्याचल। अटल बस्ती कचरिया राजेन्द्र जी के निवासी पर अटल बस्ती की बैठक संपन्न हुई बैठक में संगठन से सह नगर कार्यवाह शैलेश जी, ने राष्ट्र हित मे मतदान के सम्बंध में लोगों को जागृत किया और सत प्रतिसत वोटर घरों से निकले लोगों को समझाया और लोकमत परिष्कार के जन जागरण को गति देने को कहा। इस दौरान नगर लव दुबे जी,शिवराम शर्मा जी,कृष्ण कुमार अग्रहरी जी, शंकर जी, सुशांत श्रीमाली जी, गुड्डू जी, राजेंद्र जी, राजकुमार जी, राजेंद्र जी, सुरेश जी आदि लोग उपस्थित रहें।

संक्षिप्त ख़बरें

नालों की सफाई कर रहे सफाई कर्मचारियों को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने दी पी पी किट

गोला गोकर्णनाथ खीरी। बरसात से पहले नालों की तली झाड़ सफाई कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने गौतम, सचिन, रजत, अंकित, अमन,करन, विनीत, श्याम बाबू, संगम ,लवलेश आदि 30 लोगों को पी पी किट दी जिसमें हेलमेट, चश्मा, जूते, ग्लब्स, मास्क व ड्रेस दी गई। इस अवसर पर सभासद हरिओम वर्मा, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, मोहित गिरि, लवकुश अवस्थी, विमलेश वर्मा, रजत गुप्ता, काके सहगल मौजूद रहे।

छात्रा का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

लखीमपुर खीरी 11वीं की छात्रा का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वह सोमवार की सुबह करीब सात बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे उसका शव रेलवे लाइन किनारे पड़ा मिला। उसका एक हाथ कटा हुआ है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक लखीमपुर शहर के शांतिपुरम निवासी 14 वर्षीय छात्रा शहर के ग्रीनफील्ड अकेडमी में पढ़ती थी। सोमवार सुबह वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन स्कूल में नहीं पहुंची। स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग भी थी। दोपहर में करीब डेढ़ बजे छात्रा का शव संदिग्ध अवस्था में देवकली रोड पर रेल पटरी से महज 15 मीटर दूर पड़ा मिला। छात्रा यहां कैसे पहुंची, पुलिस इसकी जांच कर रही है। जांच के दौरान यह बात भी सामने आई है कि स्कूल जाने के दौरान छात्रा का मोबाइल तीन युवकों को छीनते कुछ लोगों ने देखा था। पुलिस ने युवकों को सीसीटीवी फुटेज के जरिए ट्रेस कर लिया है। छात्रा की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन मोर्चरी पहुंच गए।

विषैले पदार्थ के सेवन से युवक की हालत बिगड़ी रेफर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम घुंशी में एक युवक की विषैले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। नीमगांव थाना के ग्राम घुंशी निवासी डालचंद का 30 वर्षीय बेटा संदीप कुमार ने किसी विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन जान पाए तो उसका पिता डाल चंद उसे लेकर सीएचसी पहुंचा। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया है।

दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दोनों पक्ष आपस में भिड़े पुलिस ने खदेड़ा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। नगर की अलीगंज रोड पर पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार भुसौरिया निवासी 22 वर्षीय सचिन कुमार पुत्र मंगू लाल और मुहल्ला नीची भूड निवासी 27 वर्षीय जहीरूद्दीन पुत्र फखरुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष पर हमलावर हो गए वमुश्किल पुलिस के सहयोग से उन्हें खदेड़ा जा सका। घायल सचिन के भाई मिथिलेश कुमार ने बताया कि सचिन रविवार की शाम मामा प्रदीप को ईट भट्टे पर छोड़ने गए थे। यहां से वापस आते समय अलीगंज रोड पर पेट्रोल पंप के पास नगर के मुहल्ला नीची भूड निवासी जहीरूद्दीन की बाइक से सचिन की बाइक टकरा गई। जहीरूद्दीन ईट भट्ठे पर मुनीमि का काम करता है, और वह लेबरों को खाना देने गया था। बाइकें टकराने से दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते हैं कि जहीरूद्दीन की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। जहीरूद्दीन की मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। सचिन के परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान सीएचसी में जहीरूद्दीन के परिवार के दो दर्जन से अधिक लोगों ने सचिन और उसके भाई प्रदीप के साथ मारपीट की। जिसकी सूचना अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा और दोनों घायलों को एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया।

आखिर कब होगी बिना प्रस्ताव व एस्टीमेट की हटाई गई हाई टेंशन लाइन के जिम्मेदारों पर कार्यवाही

● - कहीं अपने चहेते जे ई और एसडीओ को बचाने के लिए तो नहीं जांच चल रही है कहकर किया जा रहा लीपापोती का प्रयास

स्वतंत्र प्रभात
विशाल पाण्डेय

लखीमपुर खीरी थाना क्षेत्र ईसानगर के अंतर्गत ग्राम बेल्तुआ विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ मनोज और जे ई सुधीर गुप्ता समेत लाइनमैन अशोक साहू द्वारा मिली भगत करके व्यापारी सुनील कुमार मौर्य से ?200000 बतौर रिश्वत राशि लेकर सुनील कुमार मौर्य की दुकानों के ऊपर से निकली 11000 विद्युत लाइन को बगैर किसी सर्वे व प्रस्ताव तथा एस्टीमेट बनाए बगैर नियम कानून को ताक पर रखकर बदल दिए जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिला अधिकारी खीरी सहित मुख्यमंत्री के पोर्टल पर करके शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। इतना ही नहीं शिकायतकर्ता ने जे ई व एसडीओ के संरक्षण में उपरोक्त लाइन को एयरटेल टावर के लिए दी गई प्राइवेट लाइन से जोड़ दिये जाने की भी बात कही है।।बताया जाता है कि उक्त लाइन से लगभग 60 से 70 गांव को विद्युत की आपूर्ति की जाती थी ।बताते चलें की घटना दिनांक 18 फरवरी 2024 की है जब पूर्व योजित योजना बद्ध तरीके से जे ई सुधीर कुमार गुप्ता ,एसडीओ और अशोक कुमार साहू लाइन मैंन एक राय होकर सुनील कुमार मौर्य के दुकानों पर से निकली 11000 विद्युत लाइन का आनंन-फानन में स्थान परिवर्तित कर डाला गया ।वह भी बिना सर्वे और बगैर प्रस्ताव तथा एस्टीमेट के बिना पास कराए ही पूरी 11000 लाइन का स्थान परिवर्तन कर दिया गया। और उक्त लाइन को एयरटेल टावर को दी गई प्राइवेट लाइन में जुड़वाकर नियमों के चीथड़े उड़ा कर रख दिए। इस फर्जी वाडा का खुलासा होने व मामला मीडिया में सुर्खियां बनने पर अपनी व अपने चहेतों की गर्दन फंसते देख घटना के जिम्मेदार जे ई सुधीर कुमार गुप्ता का स्थानांतरण करते हुए आन पेपर दोषी अशोक कुमार साहू लाइनमैन को संजीवनी दे दी गई ।उक्त मामले की धरातलीय पड़ताल करने पहुंची स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र की टीम को मामला विद्युत विभाग द्वारा गढी गई कहानी से ठीक उल्टा दिखाई पड़ा। व्यापारी सुनील कुमार से जानकारी लेने पर उसने ?200000 देकर लाइन हटवाए जाने की बात तो बताई ही साथ ही साथ जे ई सुधीर कुमार गुप्ता को ?100000 नगद देने का गंभीर आरोप भी लगाया।जो यह सिद्ध करने को काफी है कि उक्त लाइन जे ई व एसडीओ के संरक्षण व संज्ञान में बदली गई और इसके एवज में ली गई सुविधा शुल्क का एक भाग ऊपर तक जाने के चलते आनंन-फानन में संविदा कर्मी को बलि का बकरा बनाते हुए अन्य सभी जिम्मेदारों को बचाने का प्रयास जारी है। मामले को शांत करने के लिए जे ई सुधीर कुमार गुप्ता को शारदा नगर स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन यह खेल कई प्रश्नों को जन्म दे गया । क्या उपरोक्त 11000 लाइन एक आदमी बदल सकता है जवाब आता है नहीं, हर कोई यही कहेगा नहीं बदल सकता है। उक्त लाइन कई लोगों द्वारा बदली गई होगी ।तो फिर अकेले राकेश कुमार के विरुद्ध ही कार्रवाई क्यों? शटडाउन किसने लिया यह लाग बुक पर बने हस्ताक्षर से पता चलता है ।और उनके इस घटना में शामिल होने की पुष्टि करने को काफी है।लाग बुक पर बना हस्ताक्षर। तो फिर अशोक साहू पर मेहरबानी क्यों? सबसे अहम सवाल तो यह है आखिरकार बार-बार अपने स्टेटमेंट से क्यों बदल रहे जे ई विद्युत सुधीर कुमार गुप्ता साहब घटना के समय समाचार पत्र को दिए गए वर्जन में जे ई साहब ने प्रस्ताव व एस्टीमेट पास होने की बात कही थी। और यही बात एसडीओ ने भी कही थी। और अब बगैर प्रस्ताव ब बगैर एस्टीमेट लाइन बदले जाने की बात क्यों कहीं जा रही है? आखिर घटना के समय मीडिया द्वारा पूछे जाने पर एसडीओ द्वारा भी फर्जी झूठा एवं भ्रामक स्टेटमेंट क्यों दिया गया? की प्रस्ताव एस्टीमेट पास है इनका सबका यह क्रत्य सिद्ध करता है की दाल में कुछ काला ही नहीं बल्कि संपूर्ण दाल ही काली है। संवाददाता द्वारा जब भी मामले पर जानकारी ली जाती है तो उच्च अधिकारियों द्वारा यह कहकर मामले को टाल दिया जाता है की जांच चल रही है आखिर कब तक चलेगी यह जांच? होगी दोषियों पर कार्यवाही? इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर अधीक्षण अभियंता विद्युत के पास भी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। सभी जिम्मेदारों के पास वही पुराना रत रतिया जवाब के मामले की जांच चल रही है। कहीं अपने चाहतों को बचाने के लिए तो नहीं जांच के नाम पर किया जा रहा मामले को लंबा। जिम्मेदारों की इस लापरवाह पूर्ण कार्यशैली और खाओ कमाओ नीति से आहत होकर शिकायतकर्ता विशाल पांडे ने आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले एसडीओ व लाइनमैन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि दोषियों पर कार्यवाही भी होगी या यूं ही चलती रहेगी जांच।

क्या बोले जिम्मेदार

जांच टीम के नामित सदस्य एसडीओ विकास यादव निघासन से जब जानकारी की गई तो उन्होंने बताया आरोप पत्र बनाकर जेई सुधीर गुप्ता को पावर हाउस में दे दिया गया है अब वह अपना जवाब देंगे तब आगे कार्यवाही होगी इससे अधिक जानकारी जांच टीम के नामित अध्यक्ष अमित कुमार जी से आप कर सकते हैं।

आल इण्डिया बालीवाल टूर्नामेंट का फाइनल रिछा ने जीता

● - विजेता और उप विजेता टीमों को किया पुरस्कृत।

मुख्य अतिथि चेयरमैन पुत्र ने रिछा मे बालीवाल स्टेडियम वनवाने की घोषणा।

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/देवरनियां। कस्बा रिछा मे आयोजित आल इण्डिया बालीवाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच आर बी सी रिछा ने जीता। आल इण्डिया बालीवाल टूर्नामेंट का आयोजन नगर पंचायत रिछा के चेयरमैन पति तनवीर अहमद कालाबच्चा और उनके पुत्र सैफ तनवीर द्वारा कराया गया। लालबहादुर शास्त्री इन्टर कालेज के मैदान पर तीन दिन तक रात मे आयोजित हुए बालीवाल टूर्नामेंट मे हरियाणा, पंजाब,घौराटाण्डा, बरेली आदि टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला आर बी सी रिछा और आजमगढ के बीच खेला गया। बेहद कडे और रोमांचक मुकाबले मे आर बी सी रिछा ने आजमगढ़ को हरा दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन पुत्र सैफ तनवीर ने विजेता टीम को 31 हजार और उप विजेता टीम को 21 हजार का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करा। उन्होंने रिछा मे बालीवाल स्टेडियम बनवाने की भी घोषणा की। कहा कि बालीवाल रिछा का पुराना और मशहूर खेल है। इस मौके पर चेयरमैन पति तनवीर अहमद कालाबच्चा,बसीम,नबाव, सभासद इकरार आदि प्रमुख मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह की अध्यक्षता में पूरनपुर के तहसील अध्यक्ष बने राम करन शर्मा

स्वतंत्र प्रभात
बलदेव सिंह संधू

उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पूरनपुर के जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह ने तहसील अध्यक्ष की घोषणा की पूरनपुर के तहसील अध्यक्ष बने राम करन शर्मा साथी पत्रकारों ने फूलमाला व मिठाई खिलाकर किया स्वागत .नगर के एक होटल में बैठक कर दिया नया दायित्व..इस दौरान पूरनपुर तहसील के कई पत्रकार रहे मौजूद. पत्रकार कि पहचान सिर्फ नाम से नहीं कार्य करने से होती है श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला अध्यक्ष एवं पूरनपुर तहसील अध्यक्ष द्वारा सभी पत्रकारों को पुष्प देकर सम्मानित किया गया एवं श्रमजीवी पत्रकार संगठन के जिला अध्यक्ष एवं तहसील प्रभारी से मुलाकात कर संगठन को लेकर चर्चाएं की गई। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला अध्यक्ष ने सभी पत्रकारों बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आयें दिन पत्रकारों पर मुकदमे लिखें जा रहें हैं पत्रकार की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है लेकिन हमें अपनी आवाज को बुलंद रखने के लिए सभी पत्रकारों भाईयों अपनी व्यक्तिगत भावनाओं को रिपोर्टिंग से अलग रखना चाहिए, उन्हें वही लिखना चाहिए जिसकी उन्हें जानकारी है न कि जो वे सोचते हों तथा सभी पक्षों को सुने जाने का उन्हें अवसर देना चाहिए। पांच प्रश्न कौन, क्या, कब, कहां और क्यों उनके मार्गदर्शक होने चाहिए।

एक पत्रकार, को निष्पक्ष और निष्पक्ष परिप्रेक्ष्य का उपयोग करके वास्तविक घटनाओं के बारे में सूचनात्मक समाचार लेख और कहानियों पर शोध करने और लिखने के लिए जिम्मेदार है। एक पत्रकार स्पष्ट और निष्पक्ष दृष्टिकोण का उपयोग करके वास्तविक घटनाओं के बारे में समाचारों का आंकलन, संग्रह और उनकी प्रस्तुति करता है।

भारतीय बजरंग दल ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

● - भारतीय बजरंग दल ने ज्ञापन में गौहत्या करने वाले को फांसी देने की मांग की।

जनपद खीरी पुलिस गौहत्या को रोकने में नाकाम।

गौहत्या का सिलसिला बराबर जारी है पुलिस गौहत्यारों पर कार्रवाई की जगह संरक्षण देती है।

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ (खीरी)। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सख्त निर्देश हैकि जिस जनपद में गौहत्या का मामला संज्ञान में आया उस जनपद के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होंगे पर दुर्भाग्य यह हैं कि खुलेआम निर्ममता के साथ गौहत्या पिछले 48 घंटे के बाद भी पुलिस के हांथ खाली है इधर गौहत्यारे गाय का मांस बिक्री करने की चर्चाओं का बाजार गर्म है। थाना हैदराबाद पुलिस की संलिप्तता के चलते गौहत्या का सिलसिला जारी है। बीते दिनांक 18 मई 2024 को ग्राम पंचायत कपरहा के मजरा देवरिया में एक गाय की बेरहमी के साथ हत्या कर दी बाद में हत्यारों ने मांस को मौके से गायब कर दिया गया। सुबह होने पर गौहत्या की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और घटनास्थल पर ग्रामीण व हिन्दूवादी नेताओं की भीड़ उमडी खबर पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला, थानाध्यक्ष हैदराबाद मय पुलिस हमराहियों के साथ जाकर मौका मुआइन किया बाद में इधर-उधर बिखरे पड़े अंगो को एक बोरी में भरवाने के बाद गाय का पोस्टमार्टम कराकर मुकदमा दर्ज कर लिया है जबकि थाना पुलिस को मालूम है कि गौहत्यारों में कौन कौन शामिल हैं पर पुलिस उनतक पहुंच नहीं सकी है।इधर हिन्दूवादी संगठनों में गुस्सा फैलने लगा है और आज मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुखवीर सिंह को सौपकर गौकसी करने वाले हत्यारों को फांसी व शिव मंदिर के मोड़ पर अंडा के थोक विक्रेता की दुकान बंद कराने और गोला - अलीगंज मार्ग पर स्थित शिवमंदिर व पवित्र चित्रांशु मंदिर, देवीमंदिर है इनके निकट खुली मांस की दुकानों को बंद कराने व पवित्र गोकर्ण तीर्थ जाने वाली गली में सूरज मीठा विक्रेता की दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की है। भारतीय बजरंग दल के प्रदेश सचिव अशोक जोशी, जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा एड0 जिलाप्रभारी होतीलाल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार/ समाज सेवी गोलागोकर्णनाथ गौरक्षा प्रमुख अनूप गुप्ता, जिला सुरक्षा प्रमुख हिमांशु जोषी, सुरेन्द्र कुमार एड0 प्रशांत गुप्ता, शिवम राज, विशेष राय, साहिल वर्मा, विजय यादव मोहित राठौर सचिन वर्मा अजय मिश्रा अमित राज अभिराम व दर्जनों की संख्या में बजरंगियों ने तहसील गोला में आकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाअधिकारी गोला की गैर मौजूदगी में तहसीलदार गोला सुखवीर सिंह को सौप कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

लखीमपुर खीरी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर किया पक्का निर्माण

● - सीएम पोर्टल पर शिकायत देने के बाद भी नहीं हुई कोई कार्यवाही

क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व विभाग के जिम्मेदारों ने अवैध निर्माण पर नहीं लगाई रोक जानकर भी अनजान बन रहा तहसील प्रशासन

अवैध कब्जा धारक बाबू कबाड़ी की शिकायत डीएम खेती व सीएम पोर्टल पर करके की कार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी स्थानीय शहर लखीमपुर के अंतर्गत लखीमपुर भीरा- पलिया मार्ग का मामला है। जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कानून का राज होने का दावा करते नजर आ रहे हैं वहीं जनपद खीरी में सरकारी जमीन तालाब पर किए गए अवैध कब्जा और उस पर किए गए पक्के निर्माण कार्यों को रोकने में स्थानीय पुलिस व तहसील प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। जबकि अवैध निर्माण के ठीक बगल में स्थित राहुल ट्रैवल एजेंसी से थोड़ा आगे बनी दुकानों के बगल में ही सरकारी जमीन तालाब के आशिक भाग पर कब्जा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायतकर्ता व समाजसेवी तथा पत्रकार द्वारा सीएम पोर्टल पर दी गई शिकायत में कहा गया है कि मौके पर पैमाइश करने के बाद ही निर्माण कार्य करने का मौका दिया जाना चाहिए था ।लेकिन राजस्व विभाग के कर्मियों द्वारा मनमाना चढ़ावा चढ़वा कर अवैध पक्के निर्माण को पूर्ण करवा दिया गया ऐसा पास के दुकानदारों का आरोप है। आपको बताते चले कि तालाब की जमीन पर लगातार अतिक्रमण कर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था उक्त के संबंध में शासन प्रशासन को शिकायत देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके परिणाम स्वरुप अवैध कब्जा आधारित बाबू कबड्डी द्वारा अवैध कब्जा करके पक्की दुकान व मकान का निर्माण करवा डाला। मामला ग्राम पंचायत सैधरी के अंतर्गत पलिया भीरा मारा का है जहां तालाब की जमीन के आंशिक भाग पर अवैध कब्जा करके पक्का निर्माण कराए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। उक्त मामले पर शिकायत करने के बाद भी इस अवैध कब्जेदार पर उप जिलाधिकारी लखीमपुर की नजर नहीं पड़ रही है। जबकि यह अवैध कब्जा इनकी नाक के नीचे स्थानीय शहर में ही है। फिर कई महीने बीत गए लेकिन तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न किया जाना उनकी भी मुक सहमति होने की ओर इशारा करने को काफी है ।ऊपर तक शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई पड़ रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी क्या एसडीएम सदर द्वारा उक्त मामले पर कोई उचित कार्रवाई करते हुए किए गए अवैध निर्माण की पैमाइश कराकर ध्वस्तीकरण का आदेश देगी। यह तो समय ही बताएगा। इस संबंध पर क्षेत्रीय लेखपाल राजेश शुक्ला से जानकारी चाही गई तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ होने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी।

मात्र जानवर बाधने के उपयोग में लिया जा रहा सरकार द्वारा लाखों रुपए से बनवाया गया आंगनवाड़ी केंद्र

● - खुलेआम पोषाहार की जा रही कालाबाजारी, परियोजना अधिकारी साधे मौनै

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी विकासखंड नकहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेल्हौरा के गांव बिलहरी में सरकार द्वारा नौनिहालों के लिए बनवाए गए आंगनबाड़ी केंद्र की दशा बस से बत्तर हो गई है यह आंगनबाड़ी केंद्र महज पशुओं के बढ़ने के उपयोग में किया जाता है बाल विकास परियोजना की हकीकत को जानने बिलहरी पहुंचे हमारे स्वतंत्र प्रभात संवाददाता को दर्जनों महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों ने बताया कि जब से यह आंगनबाड़ी केंद्र बना है तब से अब तक इस पर ताला ही जला रहता है इसमें कभी पढ़ाई नहीं होती है ना ही कभी पोषाहार का वितरण ही किया जाता है गरीब महिलाओं बच्चों और किशोरियों तथा धात्री गर्भवती महिलाओं के लिए आने वाले हर महीने पोषाहार का बाजार में बिक्री कर दिया जाता है और हर चौथे पांचवे महीने में पोषाहार के अल्प मात्रा वितरित कर कोरम पूरा कर लिया जाता है जब कहीं कोई पोषाहार की मांग करता है या इसका विरोध करता है तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ती द्वारा उन्हें हड़काया धमकाया जाता है और कहती हैं केवल बच्चा पैदा करना जानती हो केवल ,आ जाती हो पोषाहार लेने। इतना सब होने के बावजूद बाल विकास परियोजना अधिकारी को यह सब दिखाई सुनाई नहीं पड़ता है बाल विकास परियोजना अधिकारी को यह सब दिखाई सुनाई ना पढ़ना और मामले की जांच न कराया जाना यह सिद्ध करता है की बाल विकास परियोजना द्वारा निरीक्षण के नाम पर फर्जी निरीक्षण पुस्तिका भरकर शासन को गुमराह किया जा रहा है। यदि बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा समय-समय पर आंगनबाड़ी केंद्र बिलोरी का निरीक्षण किया गया है।

पीलीभीत को भी किया गया शामिल प्रदेश के सात डिविजनों में केंद्र सरकार की ओर से लागू ग्रीन इंडिया मिशन से होगा जंगल का सघनीकरण

● - सामाजिक वानिकी के गोपालपुर जंगल में शुरू हुआ स्वाल वर्क

स्वतंत्र प्रभात

पूरनपुर। प्राकृतिक आपदा और जंगल में अवैध घुसपैठ से लगातार पेड़ों को नुकसान पहुंच रहा है।दशकों पुराने पेड़ों के गिरने से जंगल के अंदर वन्य जीवों के प्राकृतिक वास स्थल भी वीरान होने लगे।प्राकृतिक वनों को सहजने के साथ ही जंगल के घनत्व को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से ग्रीन इंडिया मिशन लागू किया गया है।मिशन के तहत जंगल के अंदर पौधे रोपित कर सघनीकरण किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से लागू ग्रीन इंडिया मिशन के तहत प्रदेश के सात डिवीजनों को चयनित किया गया है। इस मिशन मे नजीबाबाद, बिजनौर, दक्षिण खीरी वन प्रभाग ,काशी वन्य जीव प्रभाग,मिर्जापुर और ओबरा के साथ पीलीभीत को भी शामिल किया गया है।प्राकृतिक रूप से विकसित जंगलों में कभी भी पौधारोपण नहीं कराया गया। केंद्र सरकार की ग्रीन इंडिया मिशन के तहत जंगलों के सघनीकरण की कवायद शुरू की गई है।प्राकृतिक आपदा, वन निगम के कटान,लकड़ी तस्करों की अवैध घुसपैठ से जंगल का घनत्व कम हुआ है।मिशन में पूरनपुर सामाजिक वानिकी क्षेत्र के गोपालपुर के जंगल को चयनित किया गया है। इस जंगल में तृणभोजी वन्य जीव निवास करते हैं।ग्रीन इंडिया मिशन योजना के तहत गोपालपुर जंगल के अंदर 12.5 हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधारोपण कराया जाएगा।इन दिनों मजदूरों को लगाकर जंगल में स्वाल वर्क का कार्य कराया जा रहा है।ग्राम समिति की ओर से लगभग दस हेक्टेयर में यह कार्य करा दिया गया है।बजट की समस्या आड़े आने से स्वाल वर्क का कार्य रुक गया है। जंगल के अंदर ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां ज्यादा गैप है। वहां पर प्रति हेक्टेयर 624 पौधे रोपित किए जाएंगे। मानना है कि यह सभी डिविजन वर्तमान समय में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं से जूझ रही हैं। सिमटते वन क्षेत्र के कारण वन्यजीवों को मजबूरन जंगल से निकलकर आबादी की ओर रुख करना पड़ रहा है। जंगल के अंदर पौधारोपण होने से वन्यजीवों के वास स्थल बेहतर हो सकेंगे।

ग्राम समिति की ओर से कराया जाएगा कार्य

जंगल से सटे गांव के लोगों की एक समिति बनाई गई है। पौधारोपण कार्य में समिति के अध्यक्ष और सेक्शन प्रभारी की संयुक्त निगरानी रहेगी। कार्य का भुगतान समिति के खाते में भेजा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक ग्राम समिति के जरिए ही जंगल में पौधारोपण कराया जाएगा। जिससे जंगल से सटे गांव के ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा।इसके बदले मजदूर को 230 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

खाता न खुलने से वापस हो गया बजट

ग्रीन इंडिया मिशन की ओर से जंगल में पौधारोपण के लिए जनवरी माह में जिले को बजट आवंटित किया गया था। ग्राम समिति का खाता न खुलने के कारण बजट वापस हो गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा जंगल में स्वाल वर्क का कार्य शुरू करा दिया गया है। ग्राम समिति का खाता न खुलने के कारण समिति द्वारा कराए जा रहे कार्य का भुगतान नहीं हो पा रहा है।

ग्रीन इंडिया मिशन से गोपालपुर के जंगल के अंदर 12 हेक्टेयर क्षेत्रफल में पौधारोपण कर उनका घनत्व बढ़ाया जाएगा।यह कार्य ग्राम समिति की ओर से कराया जाएगा।स्वाल वर्क का कार्य चल रहा है।खाता न खुलने की वजह से बजट नहीं मिल पाया है।शीघ्र ही समिति का खाता खुलवा दिया जाएगा। पीयूष मोहन श्रीवास्तव,रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर।

संक्षिप्त ख़बरें

25 मई मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए आदेश



भदोही 20 मई 2024:- जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कारखानों में काम करने वाले श्रमिक और अन्य कर्मचारी लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 25 मई को मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य न लें। व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कारखानों शत-प्रतिशत जनपद में स्थापित कारखानों में नियमित काम करने वाले कर्मकारों को मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए 25 मई मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र में संचालित प्रतिष्ठानों को भी मतदान दिवस के दिन बंद रखने के निर्देश हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य कर सकें, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। मतदान के दिन कारखाने तो बंद रहेंगे एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी बंद रखेंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 जनपद भदोही मे निजी या सार्वजनिक कारखानों, प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं। ऐसे नियोजित कार्यरत प्रत्येक कामगार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख के प्राविधानों के तहत अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान करने के लिए अवकाश प्रदान किया जाएगा।

99 अरब रुपए ट्रांसफर होने के मामले मे नया मोड़, प्रबंधक ने प्रकरण को बताया फर्जी

अभोली/दुर्गागंज। दुर्गागंज थानाक्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में पिछले दिनों एक किसान के खाते में करीब 100 अरब रुपए आने के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। मीडिया चैनलों व अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बाद बैंक महकमे ने मामले की तफ्तीश की तो मामला फर्जी साबित हुआ है। सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके शाखा प्रबंधक ने इस पूरे मामले को निराधार बताते हुए 100 अरब की बात का खंडन किया है। हालांकि अभी भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि जब किसान के खाते में 100 अरब रुपए नहीं आया था तो किसान के द्वारा निकाले गए स्टेटमेंट में करीब 100 अरब रुपए कैसे शो हो रहा था। दुर्गागंज थानाक्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी भानु प्रकाश बिंद नाम का सुरियावां में बैंक आफ बड़ौदा ग्रामीण में खाता है। पिछले दिनों किसान भानु प्रकाश बिंद के खाते में करीब 100 करोड़ रुपए आने की बात सामने आई थी। मीडिया में यह मामला सुर्खियों में बना हुआ था , मामले की जांच-पड़ताल के दौरान सच उजागर हुआ है और मामले को फर्जी बताया गया है। सुरियावां स्थित बैंक आफ बड़ौदा ग्रामीण के शाखा प्रबंधक अरुण कुमार गौतम की तरफ से सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि यह मामला असत्य है और करीब 100 अरब रुपए आने की पूरी बात ग़लत है। बताया कि बैंक अधिकारियों के द्वारा जांच-पड़ताल में कहीं भी किसान भानु प्रकाश बिंद के खाते में करीब 100 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन नहीं है और यह मामला पूरी तरह से गलत है।

दो बइकों की टक्कर में पति,पत्नी घायल



अदलहाट, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर खजुरौल ग्राम के पास रविवार की रात दो बाइकों की टक्कर में पति,पत्नी घायल हो गये। जमालपुर थाना क्षेत्र के शेरवां ग्राम निवासी विजय लाल पुत्र लाल बरत अपनी पत्नी बबली को लेकर अदलहाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर ईंट भट्ठे पर काम करने जा रहे थे,इसी दौरान पीछे से बाइक सवार ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गये।दूसरा बाइक सवार बाइक लेकर फरार हो गया। घायलों का स्थानीय चिकित्सालय में इलाज चल रहा है ।

भदोही में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन में मीना चौबे ने भरी हुंकार

● केवल भाजपा के मंच पर ही लगता है भारत माता की जय के नारे- दीपक मिश्र

स्वतंत्र प्रभात

भदोही। ज्ञानपुर में स्थित मुखर्जी पार्क में सोमवार को भाजपा के तरफ से महिला मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया जहां पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री मीना चौबे मुख्य अतिथि रही। सम्मेलन में भदोही लोकसभा क्षेत्र के पांचों विधानसभा से भारी संख्या में भाजपा महिला की पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रही। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि पहले की सरकारों के घोटालों, अपराध और भ्रष्टाचार और कुकर्मो को याद करके भाजपा को फिर नेतृत्व देने संकल्प करना जरूरी है। कहा कि प्रधानमंत्री ने देवालय से पहले शौचालय की जरूरत समझा और आज हर घर में इज्जतघर का निर्माण कराया जिससे अपराध और रोगो से मुक्ति मिली। महिलाओं को धुंआ से मुक्ति के लिए गैस कनेक्शन कराया। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सम्मान के लिए कई योजना चलाई है। और जिससे महिलाएं स्वावलंबी बनाने, शिक्षित बनाने का काम किया। पहले खाता खुलवाने के लिए पैसे होना जरूरी था लेकिन अब ऐसा नही है। आज बिचौलियों का काम समाप्त हो गया है। आज आयुष्मान कार्ड से कई लाख परिवारो को लाभ मिल रहा है पहले ईलाज कराने के लिए तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। कहा कि मुद्रा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ समेत तमाम योजना का लाभ मिल रहा है। कहा कि आज बेटियां अपनी शिक्षा की वजह से जमीन से आसमान से बेटियां अपने को स्थापित कर रही हैं। आज बेटियां पार्षद से सांसद तक बन रही है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। कहा कि मोदी किसानों, महिलाओं, युवा, गरीब, बेरोजगारो के तमाम कार्य हो रहा है। जिस तरह देश में विकास कार्य हो रहा है वह ऐतिहासिक है। कहा कि इस समय मौका है जब भदोही की महिलाएं अपने को पहचानकर भाजपा के प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दर्ज कराकर फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश का नेतृत्व देने का कार्य करें।

भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि देश प्रधानमंत्री ने सभी को नमस्कार भेजा है। जिस तरह का मंचीय नजारा भाजपा में है वैसा किसी भी अन्य दल में नही है क्योकि भाजपा में महिलाओं का सम्मान है। कहा कि महिलाएं सभी कार्य कर रही हैं। मोदी जी की सोच है कि मातृशक्ति के बूते पर 2027 तक देश को विकसित राष्ट्र बना देंगे। विपक्ष के लोग भाजपा से लड़ने की हिम्मत नही दिखा सकते है तो वे केवल जाति या धर्म का जहर घोलने का कार्य करते है। जो ऐसा करता है वह न तो देश की तरक्की चाहता है और न ही मातृ शक्ति की तरक्की चाहता है। और इसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि जब प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए जन धन खाता खोलने का कार्य किया तब भी विरोधी लोग मोदी के बहाने महिलाओं का मजाक उड़ाने का कार्य किये थे। कहा कि देश की महिलाएं आज बैंक सखी अपने रोजगार के साथ अन्य महिलाओं को भी जागरूक करती है। जो लोग मोदी जी के नाम पर महिलाओं का मजाक उड़ाया था उनको मुहतोड जवाब देने का समय आ गया है। विरोधी दलों के लोग महिलाओं को मुख्यधारा से दूर रखा गया। कहा कि प्रधानमंत्री के मंच पर जनपद की पांच महिलाएं उपस्थित रही जो गर्व की बात है जो केवल भाजपा में संभव है। भाजपा कभी भी न धर्म की बात करती है न किसी जाति के लिए कार्य करते है। केवल एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए हम कार्य करते है। भाजपा के अलावा किसी अन्य भी मंच पर भारत माता की जय का नारा नही लगता है। भाजपा के लोग देश की आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सबका साथ सबका विकास के लिए कार्य करते है। इस मौके पर अनिरुद्ध त्रिपाठी, दीपक मिश्र, स्नेहलता श्रीवास्तव, आरती सिंह, काजल यादव, संगीता खन्ना, सुष्मिता, नीलिमा, सरिता गुप्ता, प्रियंका जायसवाल, रेशमा बानो, श्याम कुमारी मौर्या समेत भारी संख्या में महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इतिहास दोहराया नहीं जाता वह हमें सबक सिखाता हैट्ठ मनोज श्रीवास्तव

● एक को हल्दी,दो को मेहंदी तथा तीन को विवाह और चार को विदाई समारोह मनाने जा रहें है

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। भविष्य में की गई गलती इतिहास बन जाती हैं। इतिहास दोहराया नहीं जाता वह हमे सबक सिखाता है। लोकतंत्र का महापर्व हमें यह अवसर प्रदान करता है। जन समस्या को दर किनार कर टूरिस्ट वीजा पर आये मंत्री दंपति का वीजा समाप्त हो गया है। उन्हें वापस भेजने का समय आ गया है। उक्त विचार लालडिग्गी स्थित राष्ट्रवादी मंच कार्याल पर कार्यकर्ताओं के बीच व्यक्त किया। कहा कि विकास और सेवा के नाम पर जातिवाद के सहारे जिले में आयी केंद्रीय मंत्री ने जन भावनाओं के साथ खिलवाड किया है। जिले की समस्या जस की तस है । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय होने के बावजूद जिले को कुछ देने के बजाय केवल ढोल पीटती रही। जिले के किसान सिंचाई के लिए पानी और पेयजल के लिए तरसते रहे।

नगर पालिका परिषद चुनाव के दौरान लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया। मंत्री दंपति की कहने पर उनका भाजपा से टिकट काटा गया। जब पहले नंबर पर नाम जिला से भेजा गया तो वह लुप्त कहा हो गया। मंत्री दंपति को भय था कि जनता के हित की चिंता करने वाला मनोज जीत गया तो उनकी लूट की दुकान बंद हो जायेगी। इनके कार्यो की जांच ईमानदारी से कराया जाय तो इनकी मंशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरमानों पर पानी फेरने वाला ही निकलेगा। मोदी ने कहा था कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार मुक्त शासन पर कुठाराघात किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान दो लाख में बन रहा है वही केंद्रीय मंत्री ने सड़क किनारे 10 लाख में टीन शेड लगवाया हैं। सच्चाई और ईमानदारी मंत्री दंपति को हजम नहीं होता। नगर निकाय चुनाव में मेरे निर्दल प्रत्याशी बनने पर पहले तो पर्चा रद्द करने का दबाव बनाया गया। सैकड़ों अधिवक्ताओं के विरोध करने पर पर्चा वैध माना गया। इससे भी मन नहीं भरा तो 9 मई को मेरे ऊपर कटरा कोतवाली में फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया ।

नगर पालिका चुनाव जनता के द्वारा लड़ता देख साजिशन गेम पलटा गया। जन आक्रोश और खुद जनता के चुनाव लड़ने के कारण हतोत्साहित दंपती ने प्रशासन को दबाव में लेकर जीत को हार में तब्दील करने का काम किया है । जनता इस अपमान का बदला लेगी। जनता की भावनाओं को कुचलकर लोकतंत्र का मजाक बनाने वालों को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। कहा कि केंद्रीय मंत्री कहती हैं कि राजा रानी के पेट से नहीं ईवीएम से पैदा होते है। यह अपने आपको राजा रानी समझने लगे हैं। जनता को प्रजा मानकर उपेक्षा करने में लगे है। जिले में उजड़ते उद्योग धंधे इसका प्रमाण है। कहा कि जिले में 10 साल से टूरिस्ट वीजा पर रह रहे दंपति का वीजा समाप्त होने को है। अब इनके वापस जाने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान जनता अपने हो रहे अन्याय, लूट और उपेक्षा के चलते उठ रहे दर्द का बदला लेगी। ईवीएम से पैदा हुए राजा रानी की विदाई करने का वक्त आ गया है। बैठक में नागरिक संगठन के अध्यक्ष अरुण मिश्रा,राष्ट्रवादी मंच के संरक्षक संतोष गोयल, रवि शंकर साहू, शैलेंद्र अग्रहरी, मुकेश साहू, मनोज दमकल, आनंद अग्रवाल, पंचदेव सिंह पटेल, पी. डी. दुबे एवं अनिल गुप्ता गिरिजेश सिन्हा,समेत सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पी डी दुबे संचालन राजेश सिन्हा ने किया।

पांच दिवसीय योग कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग धाम के संयुक्त तत्वाधान में चुनार के डगमगपुर पहाड़ा स्थित एम0 जी0 एजुकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में पांच दिवसीय योग कार्यशाला का भव्य सुभारंभ हुआ , जहां जनपद के विभिन्न स्थानों से आए बीएड0 अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने पावन वेद आदि मंत्रों के साथ गायत्री मंत्र का उच्चारण कराते हुए योग सत्र को प्रारम्भ कराया, इस अवसर पर योग गुरु ने शिविर के पहले दिन धनात्मक श्रेणियो के अंतर्गत आने वाले आसनों में, बैठकर करने वाले आसनों का अभ्यास कराते हुए सुखपूर्वक किए जाने वाले आसनों में सुखासन सिद्धासन पद्मासन दंडासन वज्रासन आदि आसनों का अभ्यास कराते हुए कहा की इनमें से किसी भी एक आसन में सीधे बैठकर अपनी कमर कंधे और गर्दन को सीधी करके ही साधक को बैठना चाहिए। ऐसा करने से उनका मन सदा प्रसन्न रहता है तथा उनका दिमाग सुचारू रूप से कार्य करता है , साथ ही उनकी एकाग्रता भी बढ़ती है। अतः बच्चों को जब कभी भी कभी बैठना हो इनमें से किसी एक आसन को विधिपूर्वक लगा कर वह बैठ सकता है। इस अवसर पर उन्होंने हाथों एवं पैरों के द्वारा किया जाने वाला सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराते हुए कहा कि , अगर आप हाथों के द्वारा किए जाने वाला सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास नियमित रूप से करते हैं तो वह आपकी हाथ की उंगलियां पंजे कलाई कोहनी कंधे सर्वाइकल फ्रोजन शोल्डर स्पॉन्डिलाइटिस जैसे समस्याओं का समाधान करता है, इसी तरह से पैरों से इसका अभ्यास किए जाने पर पैर की उंगलियां , पंजे टखने घुटनें एवं जांघों की समस्याओं के साथ-साथ नाभि से नीचे होने वाले जोड़ों के दर्द अर्थराइटिस सियाटिका पेन जैसे समस्याओं का समाधान होता है , साथ ही साथ उन्होंने बीएड अभ्यर्थियों को योग के विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉक्टर शशिबाला जायशवाल ने कहा कि आज समाज तथा हर एक घर में लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर कहीं ना कहीं बहुत ज्यादा परेशान है , और ना तो वह अपना शारीरिक स्वास्थ्य ना ही मानसिक स्वास्थ्य और ना हीं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित कर पा रहा है , जिसके फलस्वरुप लोगों में रोग व्याधियां व असंतोष जैसे भाव उत्पन्न हो रहे हैं , जिसे बेहतर बनाने का सबसे सरल व उत्तम उपाय है योग एवम् प्राणायाम। इस अवसर पर प्रबंधक उमाशंकर गुप्ता ने कहा योग हमारे जीवन को एक सही दशा और दिशा प्रदान करती है तथा मनुष्य को अपने जीवन में कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करती है , प्रतिदिन योग करने वाले व्यक्ति अपने जीवन को कृतार्थ कर खुद को धनभागी बना सकता है। इस अवसर पर युवा भारत जिला प्रभारी प्रवीण कुमार मौर्या , मुलायम सिंह यादव प्रवीण कुमार शुक्ला ध्रुव कुमार चौहान दिप्ती गार्गी सिंह प्रियंका सिंह गोविंद कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

डायट भदोही में सीबीसी की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

● प्रश्नोत्तरी,रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता के साथ हस्ताक्षर अभियान के साथ मतदाता शपथ दिलायी गयी

गीत के माध्यम से दिया गया संदेश

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 20 मई,2024 केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी द्वारा आज डायट भदोही में डीएलएड के प्रशिक्षुओं के मध्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत समूह चर्चा, संवाद, गोष्ठी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, , रंगोली, एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ साथ ही मतदाता शपथ दिलायी गयी और हस्ताक्षर अभियान के तहत प्रतिभागीयों ने हस्ताक्षर किया। भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय, उत्तर प्रदेश, एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, भदोही के समन्वय से लोकसभा क्षेत्र भदोही में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ लालजी ने कहा कि भदोही लोकसभा का चुनाव 25 मई को है, मतदान में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

चुनाव लोकतंत्र का जीवन है सभी मतदाता अपने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए लोक तंत्र को मज़बूत बनायें द्यपोस्टर प्रतियोगिता में रीतू गोड़ को प्रथम, शिवानी दूबे को द्वीतीय, प्रतिमा यादव को तृतीय तथा पोस्टर प्रतियोगिता में ऋचा मौर्या नीलम पटेल और संघ मित्रा को क्रमशः प्रथम, द्वीतीय एवं तृतीय स्थान मिला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उधम सिंह, उर्मिला गुप्ता, ममता देवी और मनीष कुमार को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया गया द्य केंद्रीय संचार व्यूरो लखनऊ के पंजीकृत कलाकार विजय शंकर लोक गीत पार्टी ने गीत- संगीत के माध्यम से मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया मुद्रीत पम्पलेट्स बितरित किया गया प्रमुख स्थानों पर पोस्टर और स्टीकर चस्पा किया कार्यक्रम में डायट के प्रवक्ता संजीत भारती, डॉ. अनामिका तिवारी, राजीव सिंह डॉ. सुनील कुमार, डॉ. स्मिता सिंह, अरविन्द कुमार सोनकर, वंदना भारती, कुटुंबुद्दीन खान और जय प्रकाश श्याम देव सुदामा यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

ग्राम मुराजपुर में हुई बालिका की हत्या का सफल अनावरण, अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। थाना जिगना, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 12.05.2024 को थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा अज्ञात के विरूध वादिनी की नाबालिक पुत्री के अपहरण के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी । जिसके आधार पर थाना जिगना पर मु0अ0सं0-68/2024 धारा 363 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी । जिसके क्रम में पुलिस टीमों द्वारा बालिका की बरामदगी हेतु तलाश/खोजबीन की जा रही थी कि दिनांकः14.05.2024 को ग्राम मुराजपुर गांव में ही स्थित बालिका के दूसरे घर में रखी उपली में उसका शव प्राप्त हुआ । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनंदन' द्वारा तत्समय घटनास्थल का निरीक्षण कर अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित कर घटना का यथाशीघ्र सफल अनावरण करने हेतु निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना जिगना पर पंजीकृत उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में सुरागरसी पतारसी व इलेक्ट्रानिक/भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए आज दिनांकः 20.05.2024 को थाना जिगना पुलिस टीम द्वारा घटना से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त बडकू उर्फ गोविन्द पुत्र शिवप्रसाद निवासी मुराजपुर थाना जिगना जनपद मीरजापुर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। थाना जिगना पर पंजीकृत उक्त अभियोग में साक्ष्यों के आधार पर धारा 302,201 भादवि की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

18, 19 व 20 मई को वृद्ध व दिव्यांजन कुल 727 मतदाताओ ने वोट डालकर दर्ज की अपनी सहभागिता

● प्रशासन की तैयारी पूरी 25 मई को होगा मतदान-जिला निर्वाचन अधिकारी

बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के वोट संग्रह कर रहे हैं अधिकारी गण- जिला निर्वाचन अधिकारी

फार्म 12 डी के माध्यम से 85 प्लस बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं का घर पर ही मतदान संपन्न करना निर्वाचन आयोग की अनोखी पहल- जिला निर्वाचन अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही 20 मई 2024:-जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के कुशल निर्देशन में आज विधानसभा भदोही में वृद्ध व दिव्यांगजन मतदाताओं ने अपना वोट डालकर लोकतंत्र को मजबूत किया साथ ही 25 मई को होने वाले छठे चरण में मतदान करने हेतु जनपद के अन्य मतदाताओं को भी जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हीं छठवें चरण के निर्वाचन प्रक्रिया में आगामी 25 मई को बूथों पर वोट डाले जायेंगे, लेकिन छठे चरण के निर्वाचन प्रक्रिया के संपन्न होने के पहले पोस्टल बैलेट के माध्यम से 18 मई से हीं वोट डालने की शुरुआत हो गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में ऐसा नहीं है कि वोटर मतदान केंद्रों पर जायेंगे बल्कि मतदान कर्मी वोटर के पास बैलेट पेपर लेकर पहुंचेंगे और उसका मतदान सुनिश्चित कराएंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इस इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र के वोटर के लिए की गयी विशेष व्यवस्था के तहत वोटिंग प्रक्रिया आरंभ की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 वर्ष से अधिक उम्र के व दिव्यांग मतदाताओं के लिए लिए अपना 12 डी फार्म भर कर जमा किया किया था क्योंकि नियमानुसार जिले में फार्म 12 डी फार्म भर घर से वोट देने की सहमति देने वाले बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग का अधिकार दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 मई को जनपद में छठे चरण में मतदान होगा जिसको लेकर जनपद के समस्त पोलिंग बूथ पर सभी आधारभूत सुविधाएं मतदाताओं के लिए मुहैया कराई गई हैं इसमें किसी भी प्रकार का कोर कसर नहीं है।

प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट/अपर जिलाधिकारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि 18 मई को पोस्टल के माध्यम से वृद्ध व दिव्यांगजन मतदाताओं के द्वारा भदोही में 89 ज्ञानपुर में 190, औराई में 182 एवं 19 मई को ज्ञानपुर में 108, भदोही में 96, औराई में 19, 20 मई को भदोही में 8 सहित कुल 727/793 मतदाताओं ने वोट डालकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट/अपर जिलाधिकारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि यह बहुत अच्छा अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि जो मतदाता पोलिंग बूथ तक नहीं जा पाएंगे उनका घर बैठे ही वोट डालने की सुविधा दी गई है यह काफी सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि जो ज्यादा दिव्यांग व्यक्ति हैं वह घर बैठे ही इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं तो वहीं जो थोड़ा बहुत चल फिर सकते हैं वह पोलिंग बूथ तक जाना पसंद कर रहे हैं।

हमारे भविष्य को बर्बाद मत करो प्लास्टिक को ना कहें

● पृथ्वी का गला घोंटना बंद करो प्लास्टिक को ना कहें

अपनी हिम्मत को सराहो ,मेरे हम राह बनो

हमने एक शमा जालाई है, हवाओं के खिलाफ

जिला अध्यक्ष भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन युवा प्रकोष्ठ व स्वच्छ भारत मिशन नगर पालिका परिषद मिर्जापुर के नेतृत्व मे मिर्जापुर पक्काघाट पर प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया

स्वतंत्र प्रभात

मीरजापुर। जिला अध्यक्ष भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन युवा प्रकोष्ठ राहुल गुप्ता व स्वच्छ भारत मिशन नगर पालिका परिषद मिर्जापुर के नेतृत्व मे आज दिनांक 18/05/2024 को समय 5:00 बजे से मिर्जापुर क्षेत्र पक्का घाट पर सिंगल युज प्लास्टिक ना युज करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर नगर पालिका परिषद मिर्जापुर आदर्श सिंह ने लोगों से अपील कि माँ गंगा को स्वच्छ रखे प्लास्टिक को गंगा घाटो पर ना फेके एवं गंगा को स्वच्छ व सुन्दर बनाने मे आम जन मानस सहयोग करे प्लास्टिक को गंगा नदी मे फेकने से काफी गंदगी हो रही है यहि नही गंगा मे जीव जन्तु भोजन समझकर उसे खा जाते है जिससे उनकी मृत्यु हो रही है। स्वच्छता को ध्यान मे रखते हुए युवा टीम साथी ने प्लास्टिक को इकठ्ठा करके स्वच्छ भारत स्वच्छ गंगा घाट व सुन्दर गंगा घाट का संदेश देने का काम किया । जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राहुल गुप्ता की पहल की लोगो ने सराहयना किया।

राहुल गुप्ता ने बताया कि एक प्लास्टिक बैग अपने वजन से कई गुना ज्यादा वजन उठा सकता है। इसके कारण बहुत से लोग जब कुछ खरीदने जाते हैं तो कपड़े या जूट का थैला लेकर नहीं जाते। सामान बेचने वाले विक्रेता उन्हें पॉलीथिन के थैले में सामान दे देते हैं। इसके कारण ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बहुत बढ़ गया है। इससे ऐसे जहरीले पदार्थ निकलते हैं जो मानव स्वास्थ्य को खराब कर रहे हैं। इसलिये हम सभी को अपने जिवन से प्लास्टिक को दूर करना होगा और अपील है की आप सामान लेने मार्केट जाये तो कपड़े या जूट का थैला साथ लेकर जाये एव शासन प्रशासन से मांग करते है कि मिनर्ल वाटर के नाम पर एवं कोका कोला अन्य पेय पदार्थ के पैकिंग के नाम आ रहे सिंगल युज प्लास्टिक तत्काल रुप से बंद हो। कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राहुल गुप्ता व संचालान जिला प्रवक्ता स्मृति गुप्ता एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह एडवोकेट , महिला सचिव निधि श्रीवास्तव, सोनू शर्मा सारिका, दुलारी, शहनाज इत्यादी लोग उपस्थित रहे।

मृतक आरक्षी की पत्नी को मिला 40लाख का चेक

● सड़क दुर्घटना में हुई थी मौत

स्वतंत्र प्रभात

अदलहाट, मीरजापुर। भारतीय स्टेट बैंक के एजीएम राघवेन्द्र सिंह ने थाने पर तैनात आरक्षी की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर सोमवार को उनकी पत्नी रीना देवी को 40 लाख रुपये का चेक दिया। श्री सिंह ने कहा कि सेलरी पैकेज के तहत यह धनराशि दी जा रही है। उन्होने कहा कि अपने लिए सभी लोग कमाते है,लेकिन परिवार के भविष्य के बारे में नहीं सोचते। सभी लोगों को परिवार के लिए जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री बीमा योजना तथा अन्य योजना में सभी को धन निवेश करना चाहिए।जो परिवार को काम आये।

इस अवसर पर स्टेट बैंक शाखा अदलहाट की प्रबन्धक सीतांजली पाल,प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र भूषण मौर्य,निरीक्षक(क्राइम) सतेन्द्र यादव ,उमेश यादव,पंकज दूबे तथा अन्य लोग रहे। ज्ञातब्य है कि फतेहपुर जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र के कोरवल ग्राम निवासी आरक्षी 27 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र जय राम अदलहाट थाने पर जून 2022 से तैनात थे,मार्च 2023 को बाइक से अपने घर जा रहे थे,इसी दौरान कौशाम्बी जनपद के पोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक आरक्षी जून 2021 में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था।

संक्षिप्त ख़बरें

मतदान के दौरान सांसद लाइन में खड़े होकर चुनाव चिन्ह का प्रचार करते रहे!

कौशाम्बी। लोकसभा चुनाव 2024 में 18 मई की शाम को चुनाव प्रचार बंद हो गया है लेकिन उसके बाद भी भाजपा प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर चुनाव चिन्ह कमल का फूल लगाकर चुनाव प्रचार करते देखे गए हैं मतदान के दौरान कौशांबी सांसद विनोद सोनकर लाइन में खड़े होकर चुनाव चिन्ह कमल का प्रचार करते रहे लेकिन मतदान बूथ पर मौजूद न तो पैरामिलेट्री की फोर्स ने उनको चुनाव चिन्ह लगाने से मना किया है ना स्थानीय पुलिस ने उन्हें चुनाव चिन्ह लगाने से मना किया है यहां तक की पीठासीन अधिकारी ने भी उन्हें चुनाव चिन्ह लगाने से मना नहीं किया है जिससे लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान पारदर्शिता का अंदाजा लगाया जा सकता है

कोराव बाजार में जाम के झाम से नहीं मिल रही निजात घंटों जाम मे फसी रही एंबुलेंस

कोरांव,प्रयागराज। नगर पंचायत कोरांव मे आए दिन जाम लगना कोई आम बात नहीं है ऐसा नहीं है की किसी भी दिन जाम ना लगे इसकी परवाह अधिकारियों को नहीं है। फिर भी कोराव बाजार मे सड़क चौड़ी होने के बावजूद भी पूर्व की भांति लगने वाले जाम से निजात नगर वासियों को मिलती नहीं दिख रही कारण यह है कि पटरिया पर सज रही ठेले व फुटपाथ की दुकानों के चलते सबसे ज्यादा जाम लग रहा है इस संबंध में कई बार उप जिलाधिकारी कोरांव साहितअधिशाषी अधिकारी शहीद नगर के उच्च अधिकारियों को लिखित वह मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है। किंतु समस्या ज्यौ की त्यौ बरकरार बनी हुई है, जिसके कारण आए दिन एम्बुलेंस व पुलिस विभाग की गाड़ियां भी जाम में फसी रहती है। नगरवासियों ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराते हुए जाम की समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है।

रोडवेज बस की चपेट में आने से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे ऊपरदहा गांव के पास रोडवेज की चपेट में आने से बाइक सवार वृद्धि की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। जानकारी के अनुसार दिनेश चंद्र पांडेय (60) निवासी चंदापुर दरवांसी थाना कोइरौना, जिला भदोही मोटरसाइकिल से अपने बड़े बेटे पंकज पांडेय को छिउकी स्टेशन नैनी छोड़ने गए थे। वहां से समय करीब सुबह के 6ः30 बजे वापस घर जा रहे थे कि वह जैसे ही नेशनल हाइवे ऊपरदहा गांव के करीब पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की चपेट में आ गए। जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वहां सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने इसकी जानकारी बरौत पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंचा बेटे पंकज ने विलखते हुए बताया कि मेरे पिता मुझे छोड़ने छिउकी स्टेशन के लिए निकले थे। लेकिन मेरा दुर्भाग्य था कि मैने ही अपने पिता को झुंसी से ही वापस जाने के लिए बोल दिया। मुझे लगा कि अब मैं यहां से ऑटो पड़कर आराम से समय पर स्टेशन पहुंच लूंगा, क्योंकि मुझे अहमदाबाद जाना था। मुझे क्या पता था कि मेरे पिता अब मुझे हमेशा के लिए छोड़ कर चले जाऐं।

चार दिन बाद भी नहीं मिला आगरा कैनाल में कूदे राजवीर का शव

मथुरा। आगरा नहर में बीमारी से त्रस्त अपने भतीजे को बचाने कैनाल में कूदे ताऊ राजवीर सिंह का शव चार दिन बाद भी बरामद नहीं हुआ है। हालांकि पुलिस गोताखोरों के साथ अभी भी खोजबीन में जुटी हुई है। छाता की गोरखधाम कालौनी निवासी पदम सिंह का पुत्र नरेंद्र किसी गंभीर बीमारी का शिकार था। जिसका उपचार मेवात के जनपद नूंह में चल रहा था। शुक्रवार को वह चाचा राजवीर सिंह के साथ दवा लेकर लौट रहा था। रात करीब साढे सात बजे आगरा कैनाल के पास पहुंचे तो नरेंद्र ने शौच जाने के लिए कहा। बताते है कि इसी दौरान वह कैनाल में कूद गया। नरेंद्र के ऐसा करने पर राहगीर उस ओर दौडे। इस बीच उसका साथ चाचा राजवीर (55) कैनाल में कूद गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नरेंद्र के शव को सहार पुल के पास से बरामद कर लिया। लेकिन चाचा राजवीर का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस एवं गोताखोर अभी भी खोजबीन में जुटे हुए हैं।

शादी का झांसा देकर बीफार्मा की छात्रा से दुष्कर्म, अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। नैनी में बीफार्मा की छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। छात्रा का आरोप है कि शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया गया और बाद में जातिगत टिप्पणी कर आरोपी युवक शादी से मुकर गया। शिकायत करने पर अश्लील वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। उधर पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। धूमनगंज निवासी छात्रा नैनी में रहती है और वहीं एक कॉलेज से बीफार्मा की पढ़ाई कर रही है। उसका आरोप है मूल रूप से मुंगरा बादशाहपुर का रहने वाला युवक नैनी में रहता है जिससे उसकी मुलाकात कुछ समय पहले हुई। उसने शादी करने की बात कही और उसके पिता से भी इस संबंध में बात की जिसकी कॉल रिकॉर्डिंग मौजूद है। आरोप है कि वह उससे दुष्कर्म करता रहा और शादी की बात पर टालमटोल करता रहा। पिछले दिनों जातिगत टिप्पणी करते हुए शादी से इंकार कर दिया। साथ ही कहा कि उसने आपत्तिजनक वीडियो-फोटो बना लिया है।

शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल कर दो लाख रुपये भी ऐंठ लिए। आरोप है कि अब अपने साथी संग मिलकर शिकायत न करने को धमका रहा है। आरोप लगाया कि थाने में शिकायती पत्र देने पर भी रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई। एसीपी करछना संजय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जिस पर जांच कराई जा रही है। छात्रा से मूल पते का प्रमाण व जाति प्रमाणपत्र मांगा गया है जो उसने अभी उपलब्ध नहीं कराया है।

पूर्व प्रधान द्वारा विकास हेतु आये हुए धन को हड़पने का आरोप

● - उच्च न्यायालय में की अपील हुआ आदेश।

स्वतंत्र प्रभात

कोरांव, प्रयागराज। कोरांव बिकास खन्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बहियारी के पूर्व प्रधान प्रेम शंकर प्रजापति ने आयें हुए धन एवं आवास की रकम भोली भाली जनता से किसी से पन्द्रह हजार रुपए किसी से दश हजार रुपया वशूलने को लेकर एवं विकास कराये गये कार्य को लेकर गांव के कौशलेश उपाध्याय पुत्र काशी प्रसाद उपाध्याय एवं इसी गांव के कई लोगों द्वारा खन्ड बिकास अधिकारी कोरांव द्वारा निष्पक्ष तरिके से जांच न करने को लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया 27/05/2024 तक पूर्णतया जाच करके न्यायालय में प्रस्तुत होकर पूर्व प्रधान के कार्य काल का धन की उगाही एवं करायें गये कार्य का ब्योरा कोर्ट के समक्ष पेश करने का आदेश पारित हुआ है।

आदेश आने पर ग्राम बिकास अधिकारी कार्यरत एवं पूर्व प्रधान हलफनामा दाखिल करने वाले परिवार को मिलाने में लगें हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विकास खाली कागज पर कोरम पूरा कराया गया है।साशन द्वारा जो आवास आये थे उन लाभार्थी महिलाओं से मोटी रकम प्रधान ने वशूला है।जिसका हलफनामा उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करने में लगाया गया है। प्रधान का कहना है में किसी से कुछ नहीं लिया है मेरे ऊपर फर्जी आरोप लगाया जा रहा है।रही वात विकास कार्य में ग्राम बिकास अधिकारी के सहयोग द्वारा कार्य कराया गया है।खन्ड बिकास अधिकारी कोरांव धीरेन्द्र यादव से वात किया गया तो उन्होंने चुनाव के कारण ब्लाक नही पहुंच पा रहा हूं कार्यालय में कापी आने पर निष्पक्ष जांच कराऊगा।

झांसा देकर व्यापारियों से ठगे लाखों रुपये

● - पीड़ित व्यापारियों ने दी पुलिस को तहरीर

टैंपों में भर ले गया दुकानदारों से मंगाएं सामान को

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। शातिर ठगों ने ठगने के नए नए तरीके ईजाद किए है। रविवार को ऐसा ही एक नया मामला सामने आया। जिसमें नई दुकान खोलने के बहाने एक शातिर ठग ने कई व्यापारियों से लाखों रूपये का उधार माल लेकर भाग गया। पीड़ित व्यापारियों ने पुलिस को तहरीर देकर शातिर को पकडे जाने की मांग की। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड के समीप फौजदार मार्केट में एक युवक ने राजू इंटरप्राईजेज नाम से दुकान खोली। दुकान पर बोर्ड लगाकर उस पर प्रोपराइटर का नाम संदीप बताया गया। संदीप ने अजीजपुर के ग्रामीण से शनिवार को बीस हजार रुपये माह दुकान किराए पर ली। पेशगी की तौर पर एक हजार रूपये एडवांस देकर दुकान खोल ली। दुकान का मुहुर्त सोमवार को कराने के लिए मार्केट में कह दिया। सामान मंगाने के लिए उसने रविवार को बाजार में दुकानदारों से संपर्क कर किया और हरीमोहन, राजेश बंसल, अंशु अग्रवाल आदि से लाखों रूपये का सामान मंगा लिया। दुकानदारों ने जब उसके यहां सामान भेजा तो उसने सामान को उतरवा लिया और रूपये दो घटें बाद लेने आने के लिए कह दिया कि बड़ा भाई दुकान पर नही है, जब आएगा तो रूपये दे देगा। राजेश बंसल ने बताया कि जब उसके बताएं समय पर सामान का रूपया लेने पहुंचे तो संदीप दुकान बंद करके भाग गया। आस पड़ोस में रहने वाले दुकानदारों से पूछताछ की तो पता चला कि वह तो 3 बजे दुकान में

रखे सामान को एक टैंपों में लादकर चला गया। इससे दुकानदारों के होश उड़ गए। उन्होने इधर उधर संदीप को खोजने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली तो इसकी सूचना पुलिस को दी। ठगी का शिकार हुए दुकानदारों का कहना था कि अभी तो हम तीन ही ठगी का शिकार हुए है, पता नहीं कि वह कितने दुकानदारों को चूना लगा लगा गया हो। राजेश बंसल का कहना था कि इस संबंध में पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

विद्युत समस्याः विपक्ष ने बोला हल्ला, तो सत्ताधारियों ने संभाला मोर्चा

● - विद्युत अधिकारियों पर बरसे नरदेव चौधरी, कहा दुरूस्त हो व्यवस्था

किसान मजदूर नेता दीपक चौधरी ने एक्सईएन ऑफिस पर किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता करते नरदेव चौधरी।

बिजली घर पर प्रदर्शन करते लोग।

मथुरा। भीषण गर्मी में विद्युत अव्यवस्था को लेकर शहर एवं देहात से लोग उबले तो पक्ष एवं विपक्ष दोनों आमने सामने आ गए। किसान मजदूर नेता दीपक चौधरी ने जहां एक्सईएन आफिस में लोगों संग पहुंचकर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया तो वहीं सत्ता पक्ष की ओर से नरदेव चौधरी ने कमान संभाली। उन्होंने अव्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारों पर बरस पडे। सवालों की बौछार कर उन्हें व्यवस्थाओं में सुधार के सुझाव भी दिए और जल्द विद्युत आपूर्ति को सुधारने का लक्ष्य अधिकारियों के समक्ष रखा। कहा कि जनता अगर परेशान रही तो कार्रवाई होना भी तय है। दरअसल शहर एवं देहात विद्युत अव्यवस्था से बेहाल हैं। पल पल आंख मिचौली खेल रही विद्युत आपूर्ति लोगों में उबाल पैदा कर रही है। समस्या से कुपित जनता का आक्रोश सोशल मीडिया पर सामने आया तो किसान मजूदर नेता दीपक चौधरी ने सोमवार को एक्सईएन दफ्तर पर हल्ला बोल दिया। उन्होंने प्रदर्शन किया और विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए डीएम मथुरा के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व चेयरमैन नरेंद्र कुमार भी उनके साथ पहुंचे। उधर दूसरी ओर कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी ने मोर्चा संभालते हुए विभागीय अधिकारियों के साथ मंडल अध्यक्ष अजय गोइंका के कार्यालय पर बैठक की। वे जिम्मेदारों पर जमकर बरसे। कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि व्यवस्थाओं को सुधारें। जनता अगर परेशान रहेगी तो फिर कैसे चलेगा। भाजपा सरकार ने समस्याओं का समाधान किया है। व्यवस्थाएं सुधारी हैं तो अब यह लापरवाही क्यों। उन्होंने विभागीय जिम्मेदारों पर तमाम सवालों की बौछार भी कर दी। कहा कि समस्याओं से निपटने की तैयारी में कहां कमी रह गई। उन्होंने जल्द व्यवस्था सुधारने की बात कहते हुए कहा कि अगर व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए भी कहा जाएगा। इस दौरान ठा भानू प्रताप सिंह, अजय गोइंका, तरूण सेठ, हुकमचंद अग्रवाल, विकास जैन, धर्मवीर शर्मा, लवली सभासद आदि मौजूद थे।

डॉक्टर ने जोड़ी टूटी सांसें- हार्ट अटैक से बेसुध होकर सड़क पर गिरा शख्स, राहगीरों की मदद से बची जान

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत के पूरनपुर में रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को एक व्यक्ति अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़ा मिला। राहगीरों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में भर्ती कराया। यहां मौजूद चिकित्सक डॉक्टर राशिद ने उसे देखा तो उसकी न सांसें चल रही थीं और न ही नब्ज थी। डॉक्टर राशिद ने अपने टीम के साथ ग्रामीण की जान बचाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। करीब 45 मिनट उपचार के बाद डॉक्टर रशीद ग्रामीण की टूटी सांसों को जोड़ने में कामयाब हो गए। मरीज को जब होश आया तब उन्होंने राहत की सांस ली।

हार्ट अटैक से हुआ था बेसुध

प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मरीज पूरनपुर के मोहल्ला खानका का रहने वाला आरिफ है। बताते हैं कि वह घर से सुबह साइकिल से काम करने के लिए निकला था। रास्ते में उसे हार्ट अटैक आ गया, जिससे बेसुध होकर गिर पड़ा। इसी दौरान मोहल्ला लाइनपार निवासी नदीम वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने आरिफ को बेसुध देखा। उसका सीने पर हाथ था। नदीम अन्य राहगीरों की मदद से उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे। डॉ. राशिद ने बताया कि लोग मरीज को समय पर अस्पताल ले आए, जिससे उसकी जान बच गई।

लोकसभा गोण्डा में 06:00 बजे तक 52 प्रतिशत हुआ मतदान

● - लोकसभा कैसरगंज में 06ः00 बजे तक 56 प्रतिशत मतदान

सावधान! सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचना फैलाने पर हो सकती है जेल

चुनाव संबंधी भ्रामक सूचना फैलाने पर जनपद में एक के खिलाफ एफआईआर के आदेश

जिलाधिकारी ने किया साफ, भ्रामक सूचना फैलाने पर होगी कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मतदान के संबंध में भ्रामक सूचना सोशल मीडिया पर वायरल करने के एक प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह फर्जी वीडियो एक वाट्सएप ग्रुप में जारी किया गया था। जिलाधिकारी के आदेश पर मीडिया प्रमाणीकरण एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 द्वारा पुलिस अक्षीक्षक को पत्र भेज दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि संबंधिक वीडियो तरबगंज के बूथ संख्या 144 और 143 जूनियर हाईस्कूल बहादुरपुर के होने का दावा किया गया था। संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट से इसकी जांच कराई गई। जांच में यह दावा भ्रामक पाया गया है। जांच के दौरान तैनात मतदान कर्मियों वीडियो में दिखाए गए लोगों से पहचान कराई गई। जांच में मतदान कर्मी और वीडियो में दिखाए गए कर्मी अलग-अलग पाए गए। इस वीडियो का बूथ 144 से कोई संबंधी ही नहीं है। जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू की गई।

फर्जी सूचनाओं पर होगी कार्यवाही

जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ अवांछित तत्व लगातार सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे सभी अवांछित तत्वों को सख्त हिदायत की गई है। जिलाधिकारी ने साफ किया है कि किसी भी संदेश या वीडियो संदेश को आगे बढ़ाने से पहले उसकी सत्यता जरूर जांच लें। ऐसा न होने पर हो सकता है कि आप भी फर्जी सूचना फैलाने वालों में शामिल हो जाए और सजा भी पाए। गलत सूचना या अफवाहों को फैलाने से बचें।

श्रेष्ठ शिक्षा देकर छात्रों को बेहतर रोजगार उपलब्ध करा रहा जीएलए विश्वविद्यालय

● - गर्व की बात- जीएलए में 86 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से मिल जाती है नौकरी- नारायणदास अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात

जीएलए विश्वविद्यालय एवं कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल

कैपजेमिनी में 170 विद्यार्थी चयनित

दिग्गज आईटी कंपनी कैपजेमिनी ने विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट कर 170 छात्रों को नौकरी प्रदान की। यह बड़ी उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण है। विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग विश्वविद्यालय के शत-प्रतिशत छात्रों के चयन को लेकर लगातार प्रयासरत है।

मथुरा। नैक से 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए एकेडमिक श्रेष्ठता के नये मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाऐं उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को सच्चाई में बदलकर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता है, बल्कि देश-समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर सकता है। बात है सिर्फ उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की । जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्रों व स्कालर्स को सर्वश्रेष्ठ दिशा-निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ़ प्रतिज्ञ है । शोर-शराबे से दूर, प्रदूषण मुक्त एवं हरी-भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थों में एक मील का पत्थर है।

वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक झ तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विश्वविद्यालय में हर ब्रान्च, हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ-साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है। कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल कहते है कि किसी भी विषय को सीखने-समझने के लिए अलग-अलग तरीके होते हैं। किसी छात्र को कोई विषय सुनकर अच्छी तरह समझ आता है, किसी छात्र को पढ़कर समझ आता है, किसी छात्र को वही विषय डिस्कशन के द्वारा समझ आता है, तो वहीं किसी छात्र को उस विषय पर पूछे गये प्रश्नों को हल करके । इसी प्रकार कुछ छात्रों को कोई विषय 'प्रोजेक्ट एक्टिविटी के द्वारा तथा कुछ को उस 'विषय' से सम्बन्धित प्रयोगों को स्वयं प्रयोगशाला में वास्तविक रूप से करके ही समझ आता है। जीएलए विश्वविद्यालय ने अपने सभी विषयों व पाठ्यक्रमों में शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए इन विधियों-तरीकों को निष्पक्ष रूप से अपनाया है ताकि हर छात्र अपनी रूचि के अनुरूप अपने विषय झ शाखा में पारंगत हो सके।

विश्वस्तरीय तथा सुविख्यात संस्थानों जैसे कि आईआईटी, एनआईआईटी से जुड़े रह चुके युवा शोधार्थियों तथा अनुभवी शिक्षकों को जीएलए विश्वविद्यालय की फैकल्टी में शामिल किया गया है। जीएलए विश्वविद्यालय के शिक्षक न केवल लैक्चर तक ही सीमित है, बल्कि हर पक्ष हर बिन्दु को पूरी तरह व्यावहारिक तथा प्रायोगिक ढंग से समझाते हैं, ताकि जीएलए के छात्र झ छात्राऐं अपने विषयों पर गहराई तक पूरी पकड़ प्राप्त कर सकें। जीएलए विश्वविद्यालय का मूल मन्त्र झ परफैक्ट टीचिंग के साथ-साथ परफैक्ट लर्निंग भी है। अपने छात्रों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जॉब झ अपॉर्म्युनिटी एवं प्लेसमेन्ट हेतु पूरी तरह योग्य व सक्षम बनाने के लिए हमने हर विषय व ब्रान्च का पाठ्यक्रम तैयार करते समय नैसकॉम, मैकिन्जी व वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट्स को भी पूरी तरह ध्यान में रखा है। इन रिपोर्ट्स में प्रस्तुत आंकड़ों एवं सुझावों को ध्यान में रखकर तैयार किए गये 'पाठ्यक्रम के कारण हमारे छात्रों के लिए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नौकरियों की सम्भावनाओं में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है। विश्वविद्यालय में अल्ट्रा-मॉडर्न टैक्नोलोजी पर आधारित श्रेष्ठ इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। जिसके कारण यहां के हर छात्र झ छात्रा को अपने शैक्षिक व तकनीकी ज्ञान को सर्वश्रेष्ठ स्तर पर ले जाने का पूरा अवसर मिलता है। वर्तमान में जीएलए विश्वविद्यालय में छात्र इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टैक्नोलोजी, इन्स्टीटयूट ऑफ बिजनेस मैनेजमैन्ट, इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च व इन्स्टीटयूट ऑफ एप्लाईड साईन्सेज एण्ड हयूमिनिटीज, इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (विधि संस्थान), एजुकेशन में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान को अपने 36000 से अधिक पूर्णतया सफल 'एल्यूमनाई झ बेस' (पूर्व छात्र झ छात्राओं) पर गर्व है। जीएलए विश्वविद्यालय वर्तमान में इन्जीनियरिंग की सभी महत्वपूर्ण शाखाओं में अन्डर ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट व डॉक्टरल कोर्सेज उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा बीटेक ऑनर्स कोर्स भी शुरूआत की गई है।

विश्वविद्यालय का समर्पित 'ट्रेनिंग व प्लेसमेंट' विभाग यहां के छात्र-छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ व परफैक्ट स्तर तक पहुंचने में समर्थ बनाता है, ताकि वे अपनी इच्छा के क्षेत्र में बेस्ट प्लेसमेंट पा सकें। जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्र झ छात्राओं को शिक्षा और तकनीकि श्रेष्ठता के उन सर्वश्रेष्ठ स्तरों पर पहुंचने में भी सहायता करता है, जहां सर्वश्रेष्ठ व महान लक्ष्य खुद उन्हें खोजे ।

यह वास्तव में अत्याधिक गर्व व हार्दिक सन्तोष का विषय है कि प्रतिवर्ष जीएलए के लगभग 86 प्रतिशत विद्यार्थियों को परीक्षा और इन्टरव्यूज के माध्यम से ही 500 से अधिक कंपनियों द्वारा चुन लिया जाता है। इसके साथ ही जीएलए विश्वविद्यालय इन्डस्ट्रियल विजिट्स, गैस्ट लैक्चर्स, वर्कशॉप्स, ट्रेनिंग कार्यक्रम, विभिन्न प्रकार के डवलपमेंट कार्यक्रम, कॉफ्रेंस, सेमिनार आदि का निरन्तर आयोजन करता रहता है। इन विजिट्स तथा कार्यक्रमों में विशेषज्ञ फैकल्टी मेम्बर्स, वैज्ञानिकों, इन्जीनियर्स तथा प्रतिष्ठित व सफल उद्धमियों को आमन्त्रित किया जाता है, जो यहां के छात्र झ छात्राओं को अपने ज्ञान अनुभव और अपनी सफलता के वास्तविक कारणों के बारे में बेहद दोस्ताना माहौल में बताते हैं। इस प्रकार से यहाँ के छात्र-छात्राओं को व्यापक सोच के साथ ऊंचे लक्ष्यों तक पहुँचने का ज्ञान व उत्साह से परिपूर्ण दिशा-निर्देश निरन्तर प्राप्त होता रहता है। एक उच्चकोटि के शैक्षणिक व तकनीकि संस्थान के रूप में जीएलए विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को शिक्षा व तकनीकि ज्ञान के सर्वोच्च स्तर उपलब्ध कराकर देश और समाज के विकास व कल्याण में अधिकतम योगदान देने को पूर्णतया दृढ़ संकल्पित है। जीएलए विश्वविद्यालय के आधारभूत सिद्धान्त व आदर्श कुलाधिपति श्री नारायण दास अग्रवाल के संस्कारपूर्ण आदर्शों पर ही आधारित हैं।

वन रक्षक ने मंदिर के महंत सहित 29 अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

● - जमीनी विवाद में दोनों पक्षों की ओर से लगाये जा रहे हैं आरोप

मथुरा। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत आझई राजमार्ग स्थित बाग में कटी लकड़ियों को लेकर वन दरोगा के साथ मारपीट करने, गाली गलौज करने, सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर सीताराम मंदिर के महंत रामभरोसी व 29 अज्ञात के खिलाफ वनरक्षक ने तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आझई हाईवे स्थित सीताराम मंदिर के महंत रामजी रामभरोसी ने आझई निवासी मुन्ना पुत्र रघुनाथ पर बाग की 10 बीघा की लकड़ियों को जलाकर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। वन दरोगा योगेश द्वारा मुन्ना के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम के तहत जैंत थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। बेरिया की लकड़ियों को महंत रामजी रामभरोसी की अभिरक्षा में सुपुर्द किया था। वन दरोगा योगेश कुमार द्वारा थाने पर दी गई तहरीर में बताया कटी हुई बेरिया की लकड़ियां चोरी न हो इसके लिए क्षेत्रीय वन अधिकारी ने लकड़ियों को सुरक्षित स्थान पर रखवाने के आदेश दिए थे। जिस पर रविवार शाम वह अपनी लेवर के साथ बाग में पड़ी लकड़ियों को उठाने गए तो महंत रामजी रामभरोसी के साथ 29 अज्ञात लोग आकर उनसे गाली गलौज करने लगे। सरकारी काम में बाधा डालते हुए लाठी डंडे लेकर लेबर सहित उनके साथ मारपीट करने लगे। उधर मुन्ना की पत्नी राजकुमारी ने भी महंत के खिलाफ चौथ वसूली, मारपीट व धमकाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। राजकुमारी ने बताया कि जिस जमीन को महंत बाग की जमीन बताता है वह उनकी निजी जमीन है। वन विभाग के अधिकारी उनके खेत से कटी हुई बेरिया की लकड़ियां लेने आए। तो महंत व उसके साथ 25 से 30 अज्ञात लोग आकर उसे धमकाने लगे। एक लाख रुपए चौथ मांगने लगे। जब पीड़िता ने रुपए देने से इंकार कर दिया तो उसने अपने लोगों को मारपीट करने का आदेश दे दिया। जिसमें महंत व उसके साथ आए अज्ञात लोग लेवर के साथ मारपीट कर डाली। मारपीट के दौरान कई लोगों को चोटें भी आयी हैं। वही महंत रामभरोसी दास का कहना था वह विभाग के अधिकारी खेत मे कटी पड़ी लकड़ियों को उनके सुपुर्द करके गए थे। रविवार को जब उन्हें पता लगा कि कुछ लोग खेत से लकड़ियों को उठाकर ले जा रहें हैं तो उन्होंने मौके पर जाकर उन्हें लकड़ियों को ले जाने के सम्बंध में जानकारी चाही थी। उनके द्वारा कोई मारपीट नहीं कि गई है। जैत थानाध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि दो पक्षों में जमीनी विवाद का मामला है। वन रक्षक सहित एक महिला ने भी तहरीर दी है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

संक्षिप्त ख़बरें

सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

साहेबगंज झारखंड लोक सभा आम चुनाव- 2024 के परिपेक्ष्य सुंदर पहाड़ी एवं बोआरीजोर सेक्टर पदाधिकारियों का प्रशिक्षण सिद्धों -कान्हु सभागार मे आयोजित की गई। उपायुक्त हेमंत सती द्वारा सेक्टर पदाधिकारियों को उनके दायित्व से अवगत कराया साथ ही उनके दायित्वों की जानकारी क्रमबद्ध रूप से एक- एक कर ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।प्रशिक्षण में सेक्टर पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्व की जानकारी दी गई। जिसमें श्वङ्करू से सम्बन्धित, निर्वाचन प्रबंधन से संबंधित, मतदान की प्रक्रिया से संबंधित, आदर्श आचार संहिता से संबंधित जानकारी क्रमबद्ध दी गई एवं निर्देशित किया गया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा एवं प्रशिक्षक के रूप में शुभाशीष, उज्जवल कुमार बनर्जी, आशीष कुमार, प्रभात कुमार सिंह, मनोहर शर्मा मौजूद रहे।

संस्कारी मास्टर जी ने भी सपरिवार किया मतदान, औरों से भी की मतदान करनें की अपील

मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग,रांची के संस्कारी मास्टर जी सोशल मीडिया अभियान के किरदार रूप में चर्चित रहे है

हजारीबाग भाभी जी घर पर है सीरियल में मास्टर जी का रोल निभा रहे केरेडारी प्रखंड के निवासी विजय कुमार सिंह ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सपरिवार उत्क्रमित विधालय, भदईखाप के मतदान केंद्र संख्या 56 में वोट डालकर अन्य को भी मतदान केंद्र में आकर वोट डालने की अपील की। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग,रांची के संस्कारी मास्टर जी सोशल मीडिया अभियान के किरदार रूप में चर्चित रहे विजय कुमार सिंह जिन्होंने पूरे इलेक्शन अभियान में मतदाता जागरूकता संबंधी कई विज्ञापनों और वीडियो के माध्यम से लोगो को जागरूक किया।

मौसम हुआ सुहाना, कड़ी धूप व गर्मी से मिली लोगों को राहत

पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड पिछले कई दिनों के बाद पाकुड़िया में बीते सोमवार की प्रातः घने बादल छाए रहे और वर्षा की हल्की-हल्की बूंदें गिरती रही जिससे लोगों को थोड़ी सी राहत मिलती दिखी। बताते चलें कि भीषण धूप तथा उमस भरी गर्मी से लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।हालांकि दस बजे के बाद से धूप निकलती दिखी व पाकुड़िया के आसमान पर बादल भी छाये रहे।लोगों विशेष रुप से किसानों का मानना है कि फिलहाल हल्की बारिश होने से आम सहित सब्जियों को लाभ होगा, वहीं भूमि में नमी रहने से हल चलाने में सुविधा होगी। मौसम विभाग के अनुसार इस साल सामान्य से अधिक मानसूनी वर्षा होने की सम्भावना है। वहीं केरल में मानसून के प्रवेश होने की जानकारी मिल रही है। बहरहाल कृषकों को आशा है विगत वर्ष से इस साल मौसमी बारिश अच्छी होगी। अच्छी एवम समय-समय पर वर्षा होती रहने से खरीफ फसल व रब्बी फसलों के अलावे विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती होगी जिससे किसानों का आय बढ़ेगा।

केन नदी किनारे बबूल के पेड़ में रस्सी से फंदा डालकर की आत्महत्या

पैलानी/बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के सिंधन कलां के मजरा गुरगवां मैं राम गुलाम पुत्र राम किशोर पाल उम्र 46 वर्ष आज दोपहर 2 बजे गांव से दूर केन नदी किनारे स्थित बबूल के पेड़ से रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी सनी कुमार ने थाना पैलानी में दिया मृतक के दो लड़के धीरज उम्र 25 वर्ष तथा धीरेंद्र 18 वर्ष है जिनका घटना के बाद रो-रो कर बुरा हाल है थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की है।

डीसी साहब एक नजर इधर भी

● चांदा पंचायत में खुलेआम ट्रैक्टर से किया जा रहा है बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज, झारखंड ठाकुर गंगटी प्रखंड के चांदा पंचायत में मनरेगा योजना में दिन दहाड़े खुलेआम लूट मची हुई है। इसका ताजा उदाहरण चांदा पंचायत के महुवारा गांव में बिरसा सिंचाई कूप के निर्माण में ट्रैक्टर का इस्तेमाल खुलेआम किया जा रहा है। इसके अलावे कार्य स्थल पर सूचना पट्ट भी मौजूद नहीं है। वहीं सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना में अकेले ही नहीं पुरे चांदा पंचायत में इसी तरह से मनरेगा कर्मी और बिचौलिया की मिली भगत से दिन दहाड़े सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। बताते चलें कि पंचायत में ट्रैक्टर से अगर मनरेगा कार्य हो रहा है तो उसमे फर्जी मजदूर के नाम से डिमांड किया जा रहा है और सरकारी राशि का बिचौलिया और मनरेगा कर्मी मिलजुलकर बंदरबांट कर रहे हैं जो जांच का विषय है। ठाकुर गांगटी के बीडीओ साहब, गोड्डा जिला के डीसी साहब, लोकपाल महोदया और मनरेगा आयुक्त दुमका को इस मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच की जाय और गलती पाए जाने पर इसमें जुड़े भ्रष्ट प्रतिनिधि और मनरेगा कर्मियों पर करवाई की जानी चाहिए। अब देखना दिलचस्प होगा की चंदा पंचायत में इस तरह से लूटपाट चल रही है इसको लेकर प्रखंड हो या जिला के वरीय अधिकारी द्वारा किया करवाई करते है या फिर मामले को यही दबाने का प्रयास किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव- 2024 हजारीबाग के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने परिवार के तीन पीढ़ी के साथ किया मतदान

● समस्त हजारीबाग लोकसभा वासियों से मतदान हेतु घरों से निकलने का किया अपील

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने लोकसभा चुनाव-2024 के दौरा सोमवार को के मतदान करने अपनी धर्मपत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल के साथ बूथ पर पंहुचे और वोट डाला। इससे पूर्व उनके पिता पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और उनकी माता विद्या जायसवाल ने मतदान केंद्र पहुंचकर वोट किया। भाजपा सांसद प्रत्याश मनीष जायसवाल ने अपने परिवारजनों संग करीब 11 :00 बजे हजारीबाग शहर के वार्ड संख्या 27 स्थित मालवीय मार्ग के अपने बिहारी बालिका उच्च विद्यालय स्थित बूथ संख्या 209 पंहुचे जहाँ मतदान से पूर्व की सारी प्रक्रिया पुरी कर लोकतंत्र के इस पर्व में अपने मत का उपयोग किया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल सफेद कुर्ते में भगवा गमछा ओढ़े बूथ पर पहुंचे। मनीष जायसवाल सहित पूरे परिवार ने बूथ संख्या 209 में मतदान किया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों से सभी मतदाताओं से अपील किया की अपने अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग करें, वोट जरुर दें और अपने पसंद का सांसद चुनें।

नामांकन के बाद प्रत्याशियों के नाम वापसी एवम चुनाव चिन्ह् आवंटन होने से पाकुड़िया प्रखण्ड में बढ़ी चुनावी सरगर्मी

● भाजपा व झामुमो के नेताओं ने प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से अपने-अपने कन्डीडेट को कर रहे हैं.वोट देने की अपील

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड लोक सभा चुनाव का पाचवां चरण 20मई को समाप्त हो गया।वहीं दुसरी ओर, सातवें व अंतिम चरण में राजमहल(आरक्षित)लोक सभा का मतदान1जून को सम्पन्न होगा।राजमहल क्षेत्र के चुनावी समर में अब केवल12प्रत्याशी रह गये हैं जिसमें, भाजपा, झामुमो, सी, पी, आई, म, बसपा, तथा अन्य दलों के सिवाय निर्दलीय उम्मीदवार भी, चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। निसंदेह, भारत ऐसे विश्व के सबसे बड़े प्रजातांत्रिक एवम पंथनिरपेक्ष राष्ट्र की विशिष्टता पूर्ण छवि निखरती रही है। यद्यपि, सार्वजनिक स्थलों पर फिलहाल भाजपा, झामुमो का चुनावी प्रचार या रोड शो नहीं हुआ है पर शैन शैन चुनावी तापमान बढ़ने लगा है।विभिन्न सूत्रों से मिल रही सूचना के मुताबिक, सघन जन सम्पर्क करते हुए नेता अपनी पार्टी की नीतियां व काम काज का लेखा जोखा बताते हुए,मतदाताओं की थाह लेने की पूर जोर कोशिशें की जा रही है लेकिन घाघ मतदाताओं की चुप्पी नेताओं को,सकते में डाल देता है।समझा जा रहा है मतदाता सभी उम्मीदवारों की राय जानने के पश्चात सम्भवत, अपनी पसंद बतायेंगे। बहरहाल, आहिस्ते, आहिस्ते चुनावी सरगर्मियां पाकुड़िया प्रखण्ड में बढ़ने लगी।वहीं मतदान को शांत व निष्पक्ष सम्पन्न कराने तथा सभी बूथों पर पेयजल,शौचालयों आवागमन की सुविधाओं का गहनता पूर्ण निरीक्षण सिविल व पुलिस प्रशासन जुटा है।बंगाल से लगी सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गयी है तथा वाहनों की जांच जारी है।

लोकसभा चुनाव- 2024 हजारीबाग के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने परिवार के तीन पीढ़ी के साथ किया मतदान

● समस्त हजारीबाग लोकसभा वासियों से मतदान हेतु घरों से निकलने का किया अपील

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने लोकसभा चुनाव-2024 के दौरा सोमवार को के मतदान करने अपनी धर्मपत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल के साथ बूथ पर पंहुचे और वोट डाला। इससे पूर्व उनके पिता पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और उनकी माता विद्या जायसवाल ने मतदान केंद्र पहुंचकर वोट किया। भाजपा सांसद प्रत्याश मनीष जायसवाल ने अपने परिवारजनों संग करीब 11ः 00 बजे हजारीबाग शहर के वार्ड संख्या 27 स्थित मालवीय मार्ग के अपने बिहारी बालिका उच्च विद्यालय स्थित बूथ संख्या 209 पंहुचे जहाँ मतदान से पूर्व की सारी प्रक्रिया पुरी कर लोकतंत्र के इस पर्व में अपने मत का उपयोग किया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल सफेद कुर्ते में भगवा गमछा ओढ़े बूथ पर पहुंचे। मनीष जायसवाल सहित पूरे परिवार ने बूथ संख्या 209 में मतदान किया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों से सभी मतदाताओं से अपील किया की अपने अपने घरों से निकलकर लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग करें, वोट जरुर दें और अपने पसंद का सांसद चुनें।

गोमिया स्वर्णकार समाज ने चंद्रप्रकाश चौधरी को अपना समर्थन दिया

स्वतंत्र प्रभात

गोमिया गिरिडीह संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को गोमिया स्वर्णकार समाज ने समर्थन दिया है। सोमवार को स्वर्णकार समाज के पदाधिकारी, सदस्य व कई प्रबुद्धजनों ने समाज के संगठन मंत्री संदीप स्वर्णकार के नेतृत्व में चंद्र प्रकाश चौधरी के चितरपुर स्थित आवासीय कार्यालय में जाकर अपने समाज के तरफ से समर्थन पत्र सौंपा है। वहीं गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के कसमार स्थित आवास में जाकर स्वर्णकार समाज के लोगों ने चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में अपना समर्थन पत्र सौंपा। गोमिया स्वर्णकार समाज के संगठन मंत्री संदीप स्वर्णकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए समर्थित प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नीति व सिद्धांतों से प्रेरित होकर समाज के लोगों ने अपना समर्थन दिया है। मौके पर गोमिया स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अंतू स्वर्णकार, धीरज स्वर्णकार, फागु स्वर्णकार, प्रभु स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, परमेश्वर स्वर्णकार,आदित्य स्वर्णकार, किशोर स्वर्णकार, नारायण स्वर्णकार, गणेश स्वर्णकार,रामा स्वर्णकार, सुदामा स्वर्णकार, दिनेश स्वर्णकार, मिंटू स्वर्णकार, दीपक स्वर्णकार सहित कई लोग मौजूद थे।

कटकमदाग प्रखंड के कुसुंभा पंचायत में ग्रामीणों ने किया वोट का बहिष्कार

● बूथ न. 183,184 में नहीं पड़े एक भी वोट

डीसी नैंसी सहाय एवं एसपी अरविंद कुमार सिंह के प्रयासों ने भी नहीं लाया रंग

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड के कुसुंभा पंचायत के कुसुंभा ग्राम में बूथ नंबर 183,184 में ग्रामीणों ने वोट का पूर्ण रूपेण बहिष्कार किया है, इस बूथ पर लगभग 2000 से अधिक लोगों का वोट है, लेकिन आज अहले सुबह से ही एक भी वोटर वोट देने केंद्र पर नहीं आया, वोट नहीं देने का वजह यह बताया गया कि एनटीपीसी के द्वारा बनाया जा रहा अंडरग्राउंड पुल से ग्रामीण नाराज है, ग्रामीणों की मांग है कि अंडरग्राउंड पुल की जगह ओवरब्रिज बनाया जाए क्योंकि अंडरग्राउंड पुल जिसकी लंबाई लगभग 300 फीट होगी सुरक्षा दृष्टिकोण से सही नहीं होगी, ग्रामीणों के अनुसार आए दिन वहां पर चोरी डकैती की घटनाएं होते रहेगी एवं ग्रामीणों को हमेशा इसका सामना करना पड़ेगा क्योंकि अंडरग्राउंड पुल की लंबाई ज्यादा है, ग्रामीणों की लगातार गुहार लगाने के बाद भी एनटीपीसी के द्वारा कोई संतोषजनक कार्य नहीं किया गया, एवं पुल का निर्माण अंडरग्राउंड ही किया जा रहा है, ग्रामीणों ने सदर विधायक मनीष जायसवाल से भी इस विषय में संपर्क किया और इस विषय पर संज्ञान लेने को कहा परंतु किसी भी तरह का अभी तक निराकरण नहीं निकल पाया तत्पश्चात ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया की लोकसभा चुनाव में वह अपना वोट नहीं देंगे अर्थात वोट का बहिष्कार करेंगे।

प्रखंड के अधिकारियों को जैसे ही इसकी सूचना मिली वे सुबह ही कुसुंभा पहुंच गए जिसमे अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ-साथ कटकमदाग थाना प्रभारी भी उपस्थित थे, लोगों को समझाने बुझाने के बाद भी जब कोई भी रास्ता नजर नहीं आया तो जिले से उपायुक्त नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, आदि अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की परंतु कोशिश नाकाम नजर आई।

आपको बताते चले की झारखंड की तीन संसदीय सीटों चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में 20 मई को दूसरे चरण (लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण) का मतदान हो रहा है। सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट पड़ेंगे। इन तीन सीटों पर 58,34,618 मतदाता मतदान करेंगे।

जिला टास्क फोर्स की बैठक सह TOT आहूत किया गया

स्वतंत्र प्रभात

साहेबगंज झारखंड उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में वयस्क बीसीजी टीकाकरण के सफल संचालन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक सह TOT आहूत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने वयस्क टीकाकरण से जुड़े बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत बीसीजी का टीका 18 वर्ष से अधिक आयु के 6 श्रेणियों के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। इसमें जिन व्यक्तियों को पूर्व में टीबी हुई हो, टीबी मरीजों के सम्पर्क में रहने वाले व्यक्तियों, 60 वर्ष और उससे अधिक के बुजुर्ग, कुपोषित वयस्क, धूम्रपान करने वाले व्यक्ति तथा मधुमेह के मरीजों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा।उन्होंने कहा- भारत में जन्म के समय या जीवन के पहले वर्ष के भीतर बच्चों को बीसीजी दी जाती है। यही टीका व्यस्को मे भी इस्तेमाल किया जायेगा।उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को हेड काउंट सर्वे करने हेतु निर्देश दिया। वहीं बताया गया कि जुलाई 2024 से अभियान का शुभारंभ किया जायेगा, जो 03 माह(जुलाई, अगस्त, सितंबर) तक चलेगा। इसके अलावा नियमित टीकाकरण।इस दौरान डब्लूएचओ के सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर ने पीपीटी के माध्यम से इस अभियान से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा सिविल सर्जन- सह- अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविन्द कुमार, ष्ठक्रष्टाह्र डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, अस्पताल उपाधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ0 सुमन गुप्ता, सभी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अन्य संबंधित उपस्थित थे।

झामुमो कार्यकर्ताओं ने विजय हाँसदा को विजय दिलाने के लिए झोंकी ताकत

स्वतंत्र प्रभात

पाकुडिया सोमवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा,केन्द्रिय कमेटी सदस्य हरिवंश चौबे,प्रखंड सचिव मइनुद्दीन अंसारी, झा.यु.मो. प्रखंड अध्यक्ष मुनीराम मरांडी के अगुआई में झामुमो कार्यकर्ता द्वारा प्रखंड के डेढ़ दर्जन गाँवों पाकुडिया, मोंगलाबाँध, लकड़ापहाडी, श्यामसुन्दरपुर, राजपोखर, सिंद्रीसोल, सलगापाड़ा, महुलपहाड़ी, बलिडीह, बरमसिया, ढोलकट्टा, धावाड़गाल, तालवा, लागडुम, तेतुलिया, छोटाबरमसिया, बीचपहाड़ी सहित अन्य गाँवों मे बाइक रैली निकाल कर जनसंपर्क अभियान चलाया एवं सभी लोगो को राजमहल लोकसभा से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी विजय हाँसदा के पक्ष में अधिक से अधिक वोट देकर जिताने की अपील ग्रामिणों से किया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया की आगे भी इसी तरह का जनसंपर्क अभियान प्रत्येक पंचायत के सभी गांवों में स्थानीय विधायक एवं झामुमो प्रत्याशी को साथ लेकर चलाया जायेगा। मौक़े पर मंजर आलम, मंटु भगत, विश्वनाथ मुर्मू, ऐनोस मुर्मू, सिकंदर अली, मंजुर अंसारी, हफाजुद्दीन अंसारी, पांचु हाँसदा, रघुनाथ किस्कु,जोगे मरांडी, आपेल माल, शिवराम सोरेन, मंटू मरांडी, महेश टुडू, बाबुलाल सोरेन, सानु हाँसदा, प्रेम पाउरिया, संजित मरांडी, अबिस सोरेन, दिपक सोरेन, पहलवान अंसारी, सफरूल अंसारी, शिवधन हाँसदा, सुनील मुर्मू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

भीषण गर्मी में लोकतंत्र के पर्व पर जमकर बरसे वोट

● जनपद में प्रथम श्रेणी से पास हुए मतदाता

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ मतदान

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। देश के सबसे लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर भारतीय संसद यानी लोकसभा के लिए पूरे देश में हो रहे पांचवे चरण के मतदान में बांदा जनपद में भी लोगों में जोश देखेने को मिला। सुबह सात बजे मतदान शुरू होने से पूर्व लोगों की लंबी-लंबी लाईने सभी पोलिंग स्टेशनों में लगी रहीं। मतदान शुरू होते ही उत्साहपूर्वक लोगों ने अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अपने मनपसंद प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। उधर जिला प्रशासन द्वारा लगातार चलायी जा रही मुहिम के पहले मतदान, फिर जलपान का असर लोगों में साफतौर पर देखने को मिला। यही वजह थी कि सुबह मतदान शुरू होते ही लंबी-लंबी कतारों में लगकर लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। खासतौर पर युवा वर्ग में मतदान के प्रति ज्यादा ही जोश देखने को मिला।

सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान में सुबह नौ बजे तक पूरे जनपद में मतदान का प्रतिशत 14.15 रहा। जबकि प्रातः 11 बजे तक जनपद बांदा में 28.23 प्रतिशत मतदान रहा। वहीं लोकसभा क्षेत्र में प्रातः 11 बजे तक 29 प्रतिशत मतदान रहा। वहीं दोपहर में तेज धूप होने की वजह से मतदान का प्रतिशत धोड़ा धीमा हो गया। जिसमें दोपहर 1 बजे तक पूरे जनपद में 39.25 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं पूरे लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 40.20 रहा। वहीं दोपहर 3 बजे तक जनपद बांदा का मतदान प्रतिशत 47.27 रहा तो लोकसभा क्षेत्र का प्रतिशत 48.65 रहा। इसी प्रकार शाम पांच बजे पूरे लोकसभा क्षेत्र में 57.3 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं जनपद बांदा में शाम पांच बजे तक 56.76 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार यदि विधानसभा वार शाम पांच बजे तक देखा जाये तो नरैनी में 58.11 प्रतिशत, बांदा में 57.61 प्रतिशत, बबेरू 56.7 प्रतिशत, चित्रकूट में 58.79 प्रतिशत व मानिकपुर में 55.74 प्रतिशत रहा। वहीं खबर लिखे जाने तक लगभग 60 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की संभावना है।

पूर्व मंत्री ने किया मतदाधिकार का प्रयोग

बांदा। पूर्व मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने हर बार की तरह इस बार भी अपने गृह जनपद में पहुंचकर अपने मतदान केन्द्र आदर्श बजरंग इण्टर कालेज में मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सुबह 10.30 बजे मतदान स्थल में पहुंचर कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी की।

भाजपा सरकार पर नसीमुद्दीन ने साधा निशाना

बांदा। मतदान करने के बाद मीडिया से मुखाबित हुए पूर्व काबीना मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने केन्द्र व प्रदेश के भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हरकोई परेशान है। महंगाई अपने चरम सीमा पर पहुंच गई। युवाओं को बेरोजगारी का दंश झेलना पड़ रहा है। सरकार द्वारा आम जनता के के साथ लगातार छलावा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि केन्द्र में पूर्ण बहुमत से इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। साथ ही बताया कि 4 जून को उनका जन्मदिवस है, उसी दिन मतगणना भी होना है। उनको सरकार बनाने व जन्मदिन की दोहरी खुश इस दिन मिलेगी।इसके अलावा उन्होंन कहा कि उनकी सरकार बनने पर बेरोजगारों को रोजगार के अवसर निश्चित ही प्राप्त होंगे। जनपद में अधूरे रह गये विकास कार्यों को फिर से रफ्तार मिलेगी।

मतदाता सूची में नाम न होने से परेशान हुए लोग

बांदा। मतदाता सूची में बहुत से लोगों के नाम न होने से लोग अपने मताधिकार का प्रयोग नही कर पाये। वहीं लोगों ने मतदाता सूची में नाम गायब होने पर रोश देखने को मिला। लोगों ने बताया कि पिछली बार विधानसभा चुनाव में उनका नाम सूची में था लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते उनके नाम मतदाता सूची से गायब हो गये। जिह वजह से वह अपने मताधिकार का प्रयोग नही कर पाये। इस लोगों के खासा रोस देखने को मिला।

युवाओं में मतदान को लेकर दिखा उत्साह

बांदा। पहली बार मतदान करने आये युवाओं में मतदान को लेकर कुछ ज्यादा ही उत्साह देखने को मिला। मतदान करने के बाद लोगों में मतदान केन्द्र के बाहर बने सेल्फी प्लवाइंट में सेल्फी लेने की होड़ मची रही। यही वजह थी कि लोगों की सुबह से लंबी-लंबी कतारे में मतदान केन्द्रों में देखने को मिलीं। पहली बार मतदान करने आयीं डीएवी कालेज में मतदाता निशात आरिफ ने बताया कि पहली बार मतदान करने का अवसर प्राप्त होने पर उनको बहुत ही अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने वाली सरकार बने तो देश का विकास निश्चित ही होगा।

पानी को तरसते रहे मतदाता

बांदा। मतदान केन्द्रों में जलसंस्थान की लापरवाही खुलेआम देखने मिली। जहां पर ज्यादातर मतदान केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था न होने से लोगों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ा। भीषण गर्मी में मतदान के लिए कतारों मे लगे लोगों पेयजल की समस्या से दो चार होना पड़ा।

देर रात तक चलता रहा ईवीएम जमा होने का सिलसिला

बांदा। मतदान कराने के बाद अपने-अपने पोलिंग स्टेशनों से मण्डी समिति में स्थित मतगणना स्थल में संगीनों के साये में ईवीएम मशीनों को जमा कराने का सिलसिला देर शाम से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। ईवीएम जमा करने के बाद मतदान कर्मियों ने राहत की सांस ली। शहर के मददान कर्मी को ईवीएम जमा करके जल्दी ही फर्सत हो गये। उधर दूर दराज के मतदान कर्मी काफी देर रात तक मतदान कराने के बाद ईवीएम मशीनों को जमा कराने के लिए जुटे रहे।

मतदाता पर्ची ने मिलने लोग हुए परेशान

ओरन/बांदा। मतदाता पर्चीया न मिलने से मतदाता रहे परेशान। इधर-उधर बस्तों में पर्चियों के लिए भटकते रहे मतदाता। पर्चियां न मिलने से कई मतदाता वापस अपने घर को लौट गए। सुबह मतदान स्थल पर लंबी लाइन देखी गई मगर दोपहर मेंभीषण लू के थपेड़ों के बीच मतदान केंद्रों में सन्नाटा छा गया। शाम 3 बजे के बाद दोबारा मतदान केंद्रों में लाइन देखी गई।

चिकित्सा विज्ञान को बहुत कुछ करना होगा

आजादी के बाद भारत में चिकित्सा विज्ञान विज्ञान ने बहुत तरक्की की।इंसान का जीवन काफी सरल कर दिया।गंभीर बीमारी का इलाज खोज लिया। दर्द रहित आपरेशन होने लगे। दिल -दिमाग समेत सभी क्षेत्र में तरक्की होने से आदमी बहुत आराम और सुख महसूस कर रहा है, किंतु इतना सब होने के बाद भी अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।मरीज की छोटी -छोटी परेशानी के इलाज के भी उपाए करने होंगे। चिकित्सा विज्ञान इंसान के जीवन को सरल करने की हर बेहतर कोशिश में लगा है,इस सबके बावजूद अभी बहुत कुछ होना है।हाल में गुजरात में राजकोट के स्टर्लिंग हास्पिटल में मेरे हृदय की बाई-पास सर्जरी हुई।छोटे बेटे के पास यहां आए थे।यहीं तबियत खराब होने का पता चला।इसलिए मुझे यहीं आपरेशन कराना पड़ा। मुझे सवेरे सात बजे आपरेशन थियेटर में ले लिया गया।आपरेशन थियेटर की टेबिल पर मुझे लिटाकर स्टाफ मेरे हाथ टेबिल में बांधता है।यहां तक मुझे याद है। अब तक सिर्फ दो आपरेशन थियेटर सहायक ही मेरे आसपास थे। इसके बाद कब चिकित्सक आ गए। कब आपरेशन हो गया। मुझे कुछ पता नही। दुपहर बाद दो बजे के आसपास मुझे लगा कि रोशनी जली है। मुंह में भी कोई पाइप का चुभा। मैनें आख खोलीं।एक बड़े हाल में कुछ बैड पर मेरे जैसे मरीज लेटे थे। सामने लगी घड़ी दो बजा रही थी। मेरे मुंह में दिया हुआ पाइप हलका चुभ रहा था। बोलना चाहा तो लगा कि किसी चीज से मुंह बंद किया हुआ। थकान महसूस हुई। मैंने आंखे बंद कर लीं।ये भी लगा कि सात घंटे बाद होश आया है।कुछ समय बाद लोगों के बोलने की आवाज आई। आंखे खोली तो डाक्टर के साथ मास्क लगाए मेरे बिस्तर के पास मेरी पत्नी खड़ी है।उसके पूछने पर मैने इशारों से कहा कि ठीक हूं। डाक्टर ने मुझे बताया कि आपरेशन बढिया हुआ है। सब ठीक है। चिंता की कोई बात नहीं। डाक्टर का आभार जताने के लिए मैं हाथ जोड़ना चाहता हूं कि लगता है कि हाथ अभी टेबिल में बंधे हैं। पत्नी मुझे देखकर चली जाती हैं। कुछ देर में स्टाफ मुंह से टेप हटाकर मुंह में दी टयूब निकाल देता है। हाथ भी खोल दिए जाते हैं। अब मैं आराम महसूस कर रहा हूं । आपरेशन कब हो गया पता ही नही चला। स्टाफ ने इतना जरूर कहा कि आपके आपरेशन में छह घंटे लगे हैं।आपरेशन तो दर्द रहित हो गया किंतु परेशानी की कहानी अब शुरू होती है।लगता है कि होठ सूख रहें हैं। जीभ अकड़ रही है। देखरेख के लिए तैनात स्टाफ नर्स से मैं पीने के लिए पानी मांगता हूं।वह मनाकर देती है। कहती है कि शाम छह बजे चाय दी जाएगी। उसके पच जाने पर थोड़ा- थोड़ा पानी मिलेगा। राउंड पर आए डाक्टर से मैं होथ सूखने और जीभ के अकड़ने की बात कहतां हूं।वह कहते हैं कि इसे तो बर्दाश्त करना होगा।किंतु होठ भिगोने के लिए एक -दो बूंद पी देने के कह जाते हैं।एक महीना इसी में निकल जाता है। मुह में छाले हो जाने से कुछ खाना संभव नही होता। न खाने से सूखी उलटी होती हैं।दर्द रहित आपरेशन के बाद चिकित्सा विज्ञान को इस एक माह की परेशानी का इलाज भी खोजना होगा।

एक बात और उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर में आपरेशन को जाने वाले को आपरेशन की जरूरत के लिए खून का प्रबंध खुद करना पड़ता है। मैं इसी को लेकर परेशान था कि हम तो घर से बहुत दूर यहां गुजरात में हैं ,हमें खून कौन देगा कौन तीमारदारी करेगा,किंतु अस्पताल में पता भी नही चला।आपरेशन के स्टीमेट में दो बोतल बल्ड का मूल्य जुड़ा देखकर मैं संतुष्ठ हो गया कि अब रक्त का प्रबंध हमें नही करना होगा। अस्पताल करेगा। आपरेशन के बाद और बाद में आईसीयू और अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान स्टाफ का व्यवहार और सेवा कार्य लाजवाब था। रविवार 12 मई को अंतराष्ट्रीय नर्सेज डे मनाया गया।राष्ट्रीय नर्स सप्ताह प्रत्येक वर्ष छह मई को शुरू होता है और 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर समाप्त होता है। फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग आन्दोलन का जन्मदाता माना जाता है। दया व सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल ÷द लेडी विद द लैंप÷ (दीपक वाली महिला) के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनका जन्म एक समृद्ध और उच्चवर्गीय ब्रिटिश परिवार में हुआ था। लेकिन उच्च कुल में जन्मी फ्लोरेंस ने सेवा का मार्ग चुना।

आज अस्पताल के स्टाफ और उसके कार्य को देखता हूं तो सभी नर्स में मुझे फ्लोरेंस नाइटिंगेल नजर आती हैं। सेवा करते वह कभी बहिन नजर आती है तो कभी बेटी और कभी मां। ये अलग बात है कि ये पैसे के लिए अस्पताल में कार्य कर रही है किंतु इनका समर्पण कही



भी फ्लोरेंस नाइटिंगेल से कम मुझे नजर नही आया। चिकित्सक भी अपने में लाजवाब हैं। मेरे हृदय का आपरेशन करने वाले डा सर्वेशवर प्रसाद हृदय के प्रतिदिन तीन -चार आपरेशन करते हैं किंतु न उनके चेहरे पर कभी तनाव नजर आता है, थकान। ये ही हालत डा सर्वेशवर प्रसाद के जूनियर्स की भी है।फोन पर डाक्टर और उनके सहायक दिन राज-उपलब्ध हैं।उनके कार्य सेवाभाव और समर्पण को देखकर लगता है कि यह सब ऐसे ही नही है।इसके लिए उनका त्याग और मरीज के लिए सेवाभाव उन्हें प्रसिद्धि दे रहा है। आपरेशन के दूसरे दिन स्टाफ मुझे ही नही, हृदय के आपरेशन के सभी मरीज को सहारा देकर बैठाकर देता है। बाद में उसे खड़ाकर धीरे- धीरे हाल में घुमाया जाता है।एक से दो घंटे के लिए कुर्सी पर बैठाया जाता है। कहा जाता है कि आपका आपरेशन हो गया। अब नियमित जीवन शुरू की जीइए।घूमिए।

इतना सब होने के बाद महसूस होता है कि अन्य अस्पतालों की तरह इस अस्पताल में भी लोकल कंपनी की अधिकतर दवाएं मल्टीनेशनल कंपनी से काफी मंहगी है। मेरे आपरेशन के टांकों में पानी आने के कारण मुझे इंट्रावेनस एंटीबाइटिक इंजैक्शन लिखा जाता है।ये इंजैक्शन अस्पताल में मैडिकल स्टोर पर 1100 रूपये के आसपास है, जबकि राजकोट के दवाई के होलसेल मार्केट में यह तीन सौ रूपये का मिल रहा है। होलसेल मार्केट में बस दवाई का बिल नही मिलता।सरकार को अस्पताल के मैडिकल स्टोर पर बिकने वाली दवा पर नियंत्रण करना पडेगा। एक चीज और देखने में आई कि प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना के कार्डधारक अब अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।लगभग सभी अस्पताल में आपरेशन के लिए आने वालों से रिसेप्शन पर ही पूछा जाता है कि आयुष्मान कार्ड है। कार्ड देने पर मरीज के प्राय- लगभग सभी आपरेशन पूरी तरह निशुल्क हैं। इसमें कोई भेदभाव नही। मरीज हिंदू हो या मुस्लिम बस कार्डधारक होना चाहिए। प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्डधारक की चिकित्सा सरकार ने निशुल्क करके आम आदमी का उपचार बहुत सरल कर दिया।उसका जीवन सरल बना दिया। इस योजना में अभी सुधार की जरूरत है।किसी भी प्राइवेट मेडिक्लेम में आपरेशन के बाद दो महीने का दवा का व्यय भी कंपनी की ओर से देय है, जबकि आयुष्मान योजना में अस्पताल की ओर से मात्र दस दिन की दवा देने का प्रबंध है, जबकि काफी मरीजों का उपचार लंबा चलता है। देखने में आया है कि कुछ अस्पताल आपरेशन के बाद की दस दिन की दवा भी मरीज को नही देते।इसलिए इस योजना में अभी बहुत सुधार की जरूरत है।

संपादकीय

किए जाएं कोई भी बोलने की हिमाकत नहीं कर सकता है।

चुनाव में नहीं दिख रही मुद्दों की बात

चुनाव में नहीं दिख रही मुद्दों की बात

धीरे-धीरे चुनाव अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। तापमान बहुत अधिक है लेकिन तापमान रैली और रोड शो में भीड़ को कम नहीं कर पा रहा है। यह पार्टी कार्यकर्ताओं का अपनी पार्टी के लिए लगाव को दर्शाता है। जनता शांत है। चर्चा दबे जुबान से हो रही है। आरोप प्रत्यारोप की बौछार हो रही है लेकिन मुद्दों का अभाव इस चुनाव में साफ नजर आ रहा है। या यह कहना सही है कि विपक्ष मुद्दों को सही ढ़ंग से नहीं उठा पाया है। इस चुनाव में कोई मैजिक भी नहीं चल रहा है। लेकिन जनप्रतिनिधियों के लिए जनता में रोष व्याप्त है। ज्यादातर मतदाताओं का यही मानना है कि जनप्रतिनिधि जीतने के बाद क्षेत्र में नहीं आते और न ही ऐसे कोई काम किए हैं जिनसे जनता खुश हो। हां यह सत्य है कि धर्म और जाति का बहुत बड़ा असर चुनाव पर है। सत्ताधारी पार्टी एक धर्म की दुहाई दे रही है तो विपक्ष दूसरे धर्म की। जातियों का संयोजन अच्छी तरह से किया गया है। इसी लिए पूर्वांचल में ऐसी पार्टियां को बड़ी अहमियत मिली है जो अकेले दम पर एक सीट जीतने की भी हिम्मत रखते हों। लेकिन जातियों का संयोजन करने में यह पार्टियां अच्छी तरह से कार्य कर रही हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपना दल सोनेलाल, अपना दल कमेराबादी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, निषाद पार्टी, महान दल, भारतीय शोषित समाज पार्टी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल, और आजाद समाज पार्टी अकेले चुनाव में उतरने पर कतरातीं हैं क्योंकि उनको एहसास है कि वह एक सीट नहीं जीत सकते। इसलिए यह समय और माहौल देखकर ही गठबंधन का विचार करते हैं। और गठबंधन करने से इनको अहमियत भी अच्छी खासी मिल रही है।

जिस चुनाव में विपक्ष के पास मुद्दे नहीं हैं तो शायद यह उनकी सबसे बड़ी कमजोरी है। दूसरों की कमियां निकाल कर बार बार चुनाव नहीं जीता जा सकता है। आपको उनसे अधिक अच्छा कार्य करना पड़ेगा कुछ अलग हट कर करना पड़ेगा तभी आप सत्ता तक पहुंच सकते हैं अन्यथा हमेशा की तरह आप इस बार भी छटपटाते ही नजर आएंगे। भारतीय जनता पार्टी दस वर्ष पहले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब चुनाव में लड़ी थी तो उसके मुद्दे अलग हटकर थे। उसने देश के मन को पढ़ लिया था।? और दस साल बाद वह आज भी उसी मुद्दे पर कायम है। भारतीय जनता पार्टी के पास कार्यकर्ताओं का एक लंबा हुजूम है जो उसको बुलंदियों तक पहुंचाने की दम रखता है। विपक्ष के पास न तो मुद्दे दिख रहे हैं और न ही अच्छे जुझारू कार्यकर्ता हैं।? यह चुनाव केवल एक दूसरे की कमियों को उजागर करके ही लड़ा जा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि देश में मुद्दे ही नहीं बचे हैं लेकिन उन मुद्दों पर विपक्ष खुलकर नहीं बोल पा रहा है। इसमें उसकी कोई मजबूरी भी हो सकती है। बहुजन समाज पार्टी का उत्तर प्रदेश में जो हस्र है वह किसी से छिपा नहीं है। बसपा केवल वोट कटुआ पार्टी के रुप में ही नजर आ रही है। विदित हो कि पहले के चुनावों में मायावती के भाषणों में कितना पैनापन होता था लेकिन आज न वह सरकार के खिलाफ कुछ भी बोल पा रही हैं और न ही अन्य समकक्ष दलों के खिलाफ।

राजनैतिक दल मुद्दों पर चर्चा न करके मतदाताओं को डराने की कोशिश ज्यादा कर रहे हैं कि यदि फलां पार्टी सत्ता में आ गई तो ऐसा करेगी कि आपका जीना दुश्वार हो जाएगा। मुद्दों की कमी नहीं है। गरीबी पर खुल कर बोला जा सकता है। महंगाई को एक बहुत बड़े मुद्दे के रूप में उठाया जा सकता है। युवाओं को साथ में लाने के लिए बेरोजगारी पर बोला जा सकता है।? माना कि विकास कार्य हुए हैं लेकिन अभी भी बहुत से क्षेत्रों में विकास की बहुत संभावनाएं हैं जिस पर खुल कर बोला जा सकता है।? भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ा मुद्दा है। किसी भी सरकारी विभाग में बिना खर्चा किए कोई काम नहीं होता है, इसको मुद्दा बनाकर बोला जा सकता है। रेलवे का हाल किसी से छिपा नहीं है जहां एक तरफ हम बंदे भारत जैसे ट्रेनों का संचालन कर रहे हैं वही दूसरी तरफ अन्य ट्रेनों में जो सवारियों का लोड है उस पर बहुत कुछ बोला जा सकता है।? भारत में रेलवे को सबसे सस्ता यातायात का माध्यम माना जाता है और देश की 90 फीसदी आबादी इन्हीं सस्ती रेलों में ही सफ़र करती है लेकिन एक वोगी जो सिर्फ 80 सीटों की होती है उसमें 150 से अधिक यात्री मजबूरन यात्रा करते हैं। हम इस रेल सेवा को नहीं सुधार पा रहे हैं और बंदे भारत जैसी ट्रेनों की संख्या में लगातार इजाफा कर रहे हैं। यह एक बहुत बड़ा मुद्दा है। देश में कितने प्रतिशत आबादी है जो बंदे भारत जैसी महंगी ट्रेन में सफर कर सकती है। जब कि महंगी ट्रेनों में शताब्दी और राजधानी जैसी ट्रेनों का संचालन पहले से ही हो रहा था।

मुद्दा विहीन विपक्ष भी किसी काम का नहीं होता क्योंकि आज के नेता केवल चुनाव के समय में ही जनता के बीच आते हैं। धूप, सर्दी और वर्षात में निकलने में उन्हें परेशानी होती है। यदि हम पुराने नेताओं की बात करें तो कांग्रेस ने देश में 70 साल राज्य किया है लेकिन पुराने नेताओं ने अपने विपक्षी धर्म को बहुत ही उम्दा तरीके से निभाया था। उनमें सरकार में आने की छटपटाहट नहीं होती थी लेकिन वह सरकार के किसी ग़लत कार्य का खुलकर विरोध करते थे भले ही उसके लिए उन्हें जेल जाना पड़े। विपक्ष में एक से बढ़कर एक काबिल नेता थे लेकिन उनमें सत्ता की लोलुपता नहीं थी। जिस तरह कि आज के नेता विपक्ष को छोड़कर सत्ता की तरफ भागते दिख रहे हैं। ऐसा नहीं है कि जनता सिर्फ सरकार के कार्यों पर ही निगाह रखती हो वह विपक्ष के कार्यों को भी गहराई से अध्ययन करती है। और दोनों में फर्क महसूस करती है। दलबदल भी हमारे देश की एक बहुत बड़ी बीमारी है जो कि लगातार विपक्ष को कमजोर करती है। आज हर नेता सत्ता की तरफ भागता नजर आ रहा है। इसलिए विपक्ष और कमजोर होता जा रहा है। नेताओं में कोई भी विचारधारा नहीं बची है वह समय देखकर अपनी विचारधारा को भी बदल देते हैं। पुराने नेताओं में बहुत से नेता ऐसे रहे जिन्होंने पूरा जीवन विपक्ष में ही काट दिया लेकिन सत्ता के लिए विचारधारा का त्याग नहीं किया। इसीलिए वह नेता अमर है आज भी लोग उनकी चर्चा करते हैं। उनके विचारों को सुनते हैं। लेकिन आज ऐसे नेताओं का अभाव है। केवल धर्म और जाति की राजनीति का बोलबाला है। आरक्षण को किस तरह से समायोजित किया जाए या उसमें कौन कौन से संसोधन किए जाएं कोई भी बोलने की हिमाकत नहीं कर सकता है।

झुलसते शहरों में बढ़ती दुश्वारियां

कुछ वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि बढ़ते तापमान के साथ 'सीजनल इफेक्टिव डिसार्डर 'की स्थिति बनती है। इससे लोगों के दिमाग में पाए जाने वाले न्यूरो ट्रांसमीटर में तेजी से बदलाव आते हैं। ये परिवर्तन लोगों को आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाने को प्रेरित करते हैं। वर्ष 2018 में अमेरिकी विश्वविद्यालय स्टैनफोर्ड के शोधकर्ताओं ने गर्म मौसम और बढ़ती आत्महत्या दर के बीच एक मजबूत संबंध चिह्नित किया था। स्टैनफोर्ड के अर्थशास्त्री मार्शल वर्क के नेतृत्व में हुए अध्ययन में दावा किया गया था कि 2050 तक अनुमानित तापमान वृद्धि से संयुक्त राज्य अमेरिका और मैक्सिको में अतिरिक्त इक्कीस हजार आत्महत्याएं हो सकती हैं।

गर्मी, लू और उमस किस तरह जानलेवा बन गई हैं- इसके उदाहरण दुनिया भर के शहरों में दिख रहे हैं। भारत में शहरों को बेहतर बुनियादी ढांचे, शानदार जनसुविधाओं और रोजगार के अवसरों के केंद्र के रूप में देखा जाता रहा है। वहां रहने वाले लोग एक अच्छी जीवनशैली वाली जिंदगी की उम्मीद करते हैं। पर अब शहर ही दुनिया के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। आबादी के बोझ से कराहते और सुविधाओं के नाम पर भयानक प्रदूषण झेलते ये शहर बुनियादी ढांचे पर भीषण दबाव, महंगाई और कामकाज की जगहों से रिहाइश की बढ़ती दूरियों के कारण उनमें रहने वालों की सुविधा के बजाय दुविधा का केंद्र बन रहे हैं। इधर कुछ वर्षों में उन्हें एक नई समस्या ने घेर लिया है। यह समस्या गांवों के मुकाबले शहरों में ज्यादा गर्मी पड़ना है। इस समस्या को वैज्ञानिकों ने 'अर्बन हीट 'कहा है। इसे शहरी लू भी कहा जा रहा है।

इस शहरी लू पर नजर वर्ष 2018 में तब गई थी, जब 'यूएस जर्नल प्रोसिडिंग्स आफ द नेशनल एकेडमी आफ साइंसेज ' ने दुनिया के चौवालीस शहरों में बढ़ते तापमान पर एक रपट प्रकाशित की थी। उस शोध रपट में दक्षिण एशिया के छह महानगरों में पैदा होने वाली शहरी लू (अर्बन हीट) पर केंद्रित करते हुए बताया गया था कि वर्ष 1979 से 2005 के बीच जिस कोलकाता शहर में सालाना सोलह दिन भयंकर लू चलती थी, अब वहां ऐसे दिनों की संख्या बढ़कर चौवालीस तक हो गई है। शोध में दावा किया गया था कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों की करोड़ों की आबादी के सामने आने वाले वक्त में शहरी लू झेलने का खतरा चार गुना तक बढ़ गया है। इसमें एक चेतावनी भी दी गई थी कि अब शहरियों को इस 'अर्बन हीट 'के साथ रहना और लगातार उसका खतरा सहना सीखना होगा।

इधर, 'सेंटर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट 'ने अपनी पत्रिका 'डाउन टू अर्थ 'में एक विस्तृत रपट में इस समस्या का खुलासा किया है। इसमें सवाल उठाया गया है कि कंक्रीट के जंगलों में बदलते हरियाली विहीन शहरों में आखिर इंसान कितनी अधिक गर्मी झेल सकता है। सवाल यह भी है कि आखिर बड़े शहरों या महानगरों में ऐसा क्या है, जो वहां प्राकृतिक रूप से पैदा होने वाली गर्मी या लू के मुकाबले कई गुना ज्यादा गर्मी पैदा हो रही है। इसका गंभीर पक्ष यह है कि शहरी लू केवल मई-जून में नहीं, घोर सर्दी में भी अपना असर दिखा सकती है।

'अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन ' के 'जियोफिजिकल रिसर्च लेटर जर्नल ' में एक शोधपत्र 'अर्बन हीट आईलैंड ओवर दिल्ली पंचेज होल्स इन वाइडस्प्रेड फाग इन द इंडो-गैंगेटिक प्लेन्स 'शीर्षक से प्रकाशित हुआ था। उसमें बताया गया था कि 2018 में देश की राजधानी दिल्ली में पिछले सत्रह वर्षों के मुकाबले प्राकृतिक कोहरे का सबसे कम असर इसलिए हुआ, क्योंकि यहां पैदा हुए प्रदूषण और गर्मी ने कोहरे में छेद कर दिए थे। सिर्फ दिल्ली नहीं, दुनिया भर के शहरों में शहरी प्रदूषण के कारण सर्दियों में कोहरे की सघनता में भारी कमी देखी गई। आइआइटी, मुंबई और देहरादून स्थित 'यूनिवर्सिटी आफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज 'ने 'नासा 'के सत्रह वर्षों के उपग्रह डेटा का विश्लेषण कर कोहरा छंटने की प्रक्रिया को 'फाग होल 'की संज्ञा देते हुए बताया था कि दिल्ली में जनवरी, 2018 में नब्बे से ज्यादा फाग होल हो गए थे। शोधकर्ताओं ने कहा था कि शहरों की गर्मी कोहरे को जला रही है, जिसकी वजह से ग्रामीण इलाके के

मुकाबले शहरों का तापमान चार से पांच डिग्री ज्यादा हो जाता है।

बताया गया कि शहरों में तेजी से हो रहे हर किस्म के निर्माण कार्यों, बढ़ रहे शहरीकरण, हरित पट्टी में तेज गिरावट और कंक्रीट से तैयार हो रही संरचनाओं के कारण जमीन के अंदर की गर्मी सतह में या सतह के करीब फंसकर रह जाती है। आज की सच्चाई यही है कि दिल्ली- मुंबई समेत देश के तेईस शहरों की करीब बारह-पंद्रह करोड़ आबादी की जरूरतों के मद्देनजर हुए शहरीकरण ने शहरों को ऐसे 'हीट 'और 'गैस चैंबरो ' में बदल डाला है, जो मौसम की अतियों का कारण बन रहे हैं। ये शहर क्यों ऐसे बन गए हैं, इसकी कुछ स्पष्ट वजहें हैं। जैसे, कम जगह में ऊंची इमारतों का अधिक संख्या में बनना और उन्हें ठंडा, जगमगाता और साफ-सुथरा रखने के लिए बिजली का अंधाधुंध इस्तेमाल करना। चाहे घर हो या दफ्तर, मौसम से लड़ने के लिए उन्हें वातानुकूलित बनाना और आने-जाने के लिए कारों आदि का बढ़ता इस्तेमाल । अगर किसी शहर में एक वक्त में लाखों-करोड़ों एयर कंडीशनर रेफ्रिजरेटर (एसी-फ्रिज) चल रहे हों, पेट्रोल-डीजल से चलने वाली लाखों कारें ग्रीनहाउस धुएं के साथ गर्मी भी वातावरण में घोल रही हों, तो शहरों में नकली रूप से पैदा होने वाली इस लू की संहार क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है। सवाल है कि इस शहरी लू से कैसे निपटा जाए। अभी तक सामान्य मौसमी बदलावों से मुकाबले के लिए जो साधन और उपाय आजमाए जा रहे हैं, उनमें कोई फेरबदल लाए बगैर संभव नहीं है कि हम शहरी लू का मुकाबला कर पाएं। जाहिर है, इसके लिए शहरीकरण की योजनाओं के बारे में नए सिरे से कोई सोच बनानी होगी। अभी तो हमारे योजनाकार देश की आबादी की बढ़ती जरूरतों और गांवों से पलायन कर शहरों की ओर आती आबादी के मद्देनजर आवास समस्या का ही समाधान खोज रहे हैं, उनके सामने शहरों की आबोहवा को बिगाड़ने वाली चीजों का कोई खाका ही मौजूद नहीं है। कुछ भारतीय योजनाकारों के मत में कंक्रीट की ऊंची इमारतों के बल पर होने वाला शहरीकरण असल में भारत के विकास के गांधीवादी नजरिये को आघात लगाता है।

वास्तुकार एजीके मेनन ने इस बारे में कहा था कि अच्छा हो कि हम भावी शहरों के निर्माण के मामले में विकसित कहे जाने वाले पश्चिमी मुल्कों की नकल न करें और अपनी परंपराओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाएं। अगर ऐसा होगा, तभी हम शहरी लू और इसी किस्म की अन्य शहरी त्रासदियों का कुछ मुकाबला कर पाएंगे।

न जाने कितने मुखौटों में जिंदगी तू है

एक तरफ राजनीति है और दूसरी तरफ जिंदगी । दोनों के पास असंख्य मुखौटे हैं। इसीलिए न जिंदगी का असल चेहरा सामने आ पाता है और न राजनीति का। लोग एक चेहरे पर कई चेहरे लगाए बैठे हैं। हमारे साथी कवि स्वर्गीय प्रदीप चौबे ने सियासत पर कम जिंदगी पार ज्यादा लिखा । वे कहते थे -

कभी जुकाम,कभी पीलिया,कभी फ़्लू है
न जाने कितने मुखौटों में जिंदगी तू है

यकीनन जितनी दुश्वारियां जिंदगी के साथ बाबस्ता हैं, उतनी ही दुश्वारियां सियासत के साथ भी हैं। दोनों गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर है। आप कह सकते हैं कि उस्ताद हैं। न आप जिंदगी से पार पा सकते हैं और न सियासत से। जिंदगी और सियासत के बिना काम भी नहीं चलता। आप समाज में वीतरागी होकर तो रह नहीं सकते । सियासत का का हर फैसला आपकी जिंदगी को प्रभावित करता है ,भले ही आपका सियासत से कोई रिश्ता हो या न हो ? आप किसी दल या विचारधारा के साथ हों या न हों ? मार तो आपको खाना ही पड़ेगी। लेकिन सवाल ये है कि आखिर कब तक और कितनी मार खाई जा सकती है ? आजकल जिंदगी पर मौसम भी भरी पद रहा ह। पारा 47 डिग्री को पार कर चुका है । जैसे नेताओं को कोई केंचुआ आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने से नहीं रोक सकता, उसी तरह मौसम को भी कोई अपने तेवर दिखने से नहीं रोक सकता। अकेले वृक्ष रोक सकते थे लेकिन उन्हें भी बेरहमी के साथ कत्ल किया जा रहा है। कल ही पढ़ा की पांच साल में 53 लाख से ज्यादा छायादार वृक्ष हमारे राष्ट्रवादी, देशभक्त, अंधभक्त समाज ने काट कर फेंक दिए। अब आसमान से बरसती आग को रोकने के लिए कोई छाता हमारे पास नहीं है। एयर कंडीशनर हमें भीतर ठंडक देते हैं लेकिन बाहर वे भी इतनी आग उगलते हैं की सांस लेना मुश्किल हो रहा है। दुर्भाग्य से इस बार सियासी पारा और मौसम का पारा एक साथ चढ़ा हुआ है। इसीलिए गर्मी दो गुना ज्यादा है। परिंदों और पशुओं की तो छोड़िये किसी को इंसानों की जिंदगी की फ़िक्र नहीं है। सारे फ़िक्र तौसवीं इन दिनों चुनाव में व्यस्त है। कुछ लड़ रहे हैं और बाकी के चुनाव लड़ा रहे हैं। दिल्ली में तो केजरीवाल, मालीवाल आपस में ही लड़ रहे हैं। जनता के बारे में सोचे कौन ?

लोकतंत्र में आम चुनाव सत्यनारायण कथा के अध्यायों की तरह होने लगे है। चुनाव में मौसम का मिजाज नहीं बल्कि सत्तारूढ़ दल की सहूलियत देखी जाती है । इस बार भी केंचुआ ने मतदान की तारीखें तय करते वक्त मौसम विभाग से नहीं भाजपा मुख्यालय से विमर्श किया। इसी का नतीजा है कि इस बार मतदान अपेक्षाकृत कम हो रहा है। अब आप ही सोचिये की आदमी मतदान के जरिये अपना लोकतंत्र, अपना विचार, अपना भविष्य बचाये या जिंदगी बचाये ? अगर मतदान के लिए घर से निकले और लू ने आपकी लू-लू कर दी तो न घर के रहिएगा और न घाट के। जिंदगी से हाथ धोना पड़ेंगे सो अलग। लू से मरने पर कोई भी सरकार अपने परिजनों को दो-चार लाख रूपये का मुआवजा भी नहीं देने वाली। यदि आपने बीमा करवा रखा होगा तो कम्पनी दावा स्वीकार नहीं करेगी । कहेगी- 'भरी दोपहर में घर से निकले ही क्यों थे मरने के लिए ?'

अग्निदग्ध मौसम में नयी सरकार चुनना भी लोहे के चने चबाने जैसा है । एक तरफ अपीलें की जा रहीं हैं कि - 'पहले मतदान ,बाद में जलपान 'और दूसरी तरफ मतदान के बाद जलपान कराने वाला कोई दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण -प्रतिष्ठा समारोह में जाने के लिए निमंत्रण के साथ घर-घर पीले चावल बांटने वाले इस बार मतदाता पर्चियां बांटने भी नहीं आये । सबने सोच लया है कि राम जी के नाम पर जिसे वोट देना है वो पीले चावलों या मतदाता पर्चियों का इन्तजार थोड़े ही करेंगा ? भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने ये मान लिया है कि जिसे अपनी बीबी का मंगलसूत्र बचाना है, पुरखों कि जमीन बचाना है, आरक्षण बचाना है और मुसलमानों को भगाना है तो हर कोई झक मारकर वोट डालने आएगा। अर्थात अब अटकी मतदाता की है, भाजपा की नहीं। भाजपा को तो जो हासिल करना था सो उसने कर लिया। प्रचंड गर्मी में हो रहे मतदान के नतीजे भी प्रचंड ही आएंगे। आप जब इस लेख को पढ़ रहे होंगे तब तक मतदान का पांचवां चक्र समाप्त हो चुका होगा। टीवी चैनलों और यू- ट्यूब चैनलों पर एक तरफ गोदी मीडिया और दूसरी तरफ गैर मोदी मीडिया की चिड़ियाँ चहकती नजर आएँगी। वे किस को हरा रही होंगी तो किसी को जिता रही होंगी। पांचवें चरण में मोदी से लेकर गांधी तक का भविष्य दांव पर है ।देश के भविष्य की बात कोई नहीं कर रहा और न किसी को देश के भविष्य की फ़िक्र है। सबको अपना-अपना भविष्य दिखाई दे रहा है। इतने आत्मकेंद्रित नेताओं के भविष्य के मुकाबले आपको, हमको देश के भविष्य की चिंता करना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
स्वतंत्र प्रभात
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

संक्षिप्त ख़बरें

रास्ते के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने महिला को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

सहजनवां/गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरघाट निवासिनी ईस्लामुनिशा पत्नी मोहम्मद हाकिम ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसियों पर मारपीट कर घायल कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरघाट निवासिनी ईस्लामुनिशा पत्नी मोहम्मद हाकिम ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 मई को रात करीब 12 बजे पड़ोसियों ने रास्ते के विवाद को लेकर कौसर पुत्र हबीबुल्लाह, सबाना पत्नी कौसर, नशीमा पत्नी गुलाम मोहम्मद और सन्नो पत्नी शाह आलम ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि ईस्लामुनिशा पत्नी मोहम्मद हाकिम की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

फोन पर बात कर रही महिला का मोबाइल छीनकर उचक्का हुआ फरार

सिकरीगंज पुलिस नहीं दर्ज कर रही एफआईआर

सिकरीगंज / गोरखपुर । सिकरीगंज इलाके के पठखौली में शनिवार की रात सड़क पर टहल रही महिला का मोबाइल पल्सर सवार तीन उचक्के छीनकर फरार हो गए।पीड़ित महिला ने सिकरीगंज पुलिस को तहरीर दी है।पीड़िता थाने का चक्कर काट रही है, लेकिन इस मामले में अभी तक सिकरीगंज पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं की गई। जानकारी के मुताबिक पठखौली निवासी सुमन शर्मा शनिवार की रात अपने गांव स्थित पक्की सड़क पर टहलने निकली थी।आरोप है कि इसी दौरान पल्सर सवार तीन उचक्के पीछे से आकर महिला के हाथ से मोबाइल छीनकर सिकरीगंज की तरफ फरार हो गए।मोबाइल के कवर में 400 सौ रुपये व आधार कार्ड भी रखा था।पीड़ित महिला ने सिकरीगंज पुलिस को रविवार को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है।

समाजसेवी ने कम्युनिकेशन (आनलाईन सेंटर)का किया उद्घाटन

सहजनवां/गोरखपुर। सहजनवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत कटाईटीकर के मिश्रवलिया नहर चौराहे पर माँ समय कम्युनिकेशन एंड आनलाईन सेंटर का उद्घाटन समाजसेवी मनीष मिश्रा ने किया ने किया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी मनीष मिश्रा ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान समाजसेवी ने कहा कि इस आनलाईन सेंटर के खुलने से ग्रामीणों को सरकार के योजनाओं की जानकारी लेने व लाभ लेने में काफी में काफी सुविधा होगी। इस डिजिटल युग प्रमाणपत्र बनाने से लेकर किसानों के जमीन आनलाईन इंतखाब, बिजली बिल,जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र, जाति एवं आय, आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड लगभग सभी कार्य आनलाईन शुरू हो चुका है। ऐसे में डिजिटल सेंटर खुलने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। इस मौके पर धनंजय मिश्रा. भोलू मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, सुजीत यादव, राहुल यादव, दुर्गेश मिश्रा, सुरेन्द्र प्रजापति, आलोक मिश्रा, आदि लोग मौजूद रहें।

चालीस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, एक गिरफ्तार

महराजगंज। परसामलिक पुलिस ने थाना क्षेत्र के परसामलिक निवासी चिखुरी पुत्र श्रीराम के कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है। पुलिस ने थाना स्थानीय पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की गई है।



पानी और लागत बचाएगी धान की सीधी बुवाई विकाश पाठक

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर । गोला थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव में डॉक्टर रेड्डी फाउंडेशन द्वारा आयोजित चौपाल कार्यक्रम में विकाश पाठक ने कहा कि धान की सीधी बुवाई किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। इस विधि में धान का उत्पादन भी परम्परागत तरीके लगाए गए धान के बराबर ही होता है। पानी और श्रम कम लगने से फसल की लागत में कमी आती है।धान की सीधी बुवाई पानी और श्रमिकों की कमी से जूझ रहे किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। इस विधि में 50 फीसदी पानी की बचत हो जाती है। इसमें न तो धान की नर्सरी तैयार की जाती है और न ही रोपाई होती है। इसमें सीधे धान की बुवाई सीड ड्रिल या सुपर सीडर के माध्यम की जाती है। इसे लगाने की लागत और पानी की खपत में कमी आती है। इसमें खेत को अच्छी तरीके से तैयार कर उचित नमी होने पर सीड ड्रिल के माध्यम से बीज की सीधी बुवाई होती है। धान की सीधी बुवाई के लिए सबसे उपयुक्त समय 25 मई से लेकर 20 जून तक है। बीज की गहराई दो सेंटीमीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। उर्वरक भी बुवाई के समय ही दिए जाते हैं। सीधी बुवाई में सबसे अधिक समस्या खरपतवार नियंत्रण की होती है। इसलिए किसान बुवाई के तुरंत बाद खरपतवारनाशी रसायन का स्प्रे करना चाहिए। अन्य सभी कार्य सामान्य विधि के अनुसार ही होते हैं। इस मौके पर उमेश जायसवाल, कृष्णदेव शर्मा,रामानन्द मौर्य, रामप्रकाश, सुरेश, सुरेन्द्र, रविन्द्र सहित किसान मौजूद रहे।

वैदिक शिक्षा हासिल कर नजीर बन रहे अनिकेत

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाज़ार गोरखपुर । गोला उपनगर के गोपालपुर निवासी आचार्य संतोष पांडेय के पुत्र अनिकेत पांडेय युवाओं के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं।वह अथर्व वेद की शौनक शाखा की शिक्षा हासिल कर रहे हैं।बिते पंद्रह मई को उनके परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें उन्होंने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। जहां यूपी बोर्ड, आईसीएसई व सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में छात्रों ने सर्वाधिक अंक पाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और आइएस , आईपीएस आईआईटीयन सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ने का ख्वाब बूना तो वहीं इन्हीं सब युवाओं के बीच कोई धर्म व वेद की शिक्षा हासिल कर भारतीय परंपराओं को आगे बढ़ाने की तैयारी में लगा है।बिते पंद्रह मई को वेद विभूषण द्वितीय वर्ष बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें अनिकेत ने अथर्व वेद की वेद संहिता में 91% व सहगामी आधुनिक विषय में 70% अंक प्राप्त किया है। उनके पिता ने बताया कि वे वर्ष 2016 में वाराणसी से संस्कृत विषय की पढ़ाई किए फिर पिछले दो वर्ष से महर्षि सांदीपनी राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षा बोर्ड उज्जैन मध्य प्रदेश से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।वह आगे चलकर विश्व में वैदिक साहित्य व भारतीय परंपराओं को स्थापित करने में अपनी भूमिका स्थापित करना चाहते हैं।

चाचा भतीजी ने की आत्महत्या, ससुराल में पत्नी विवाद पर नाराज होकर चाचा को मनाने गई भतीजी ने भी खाई जहर, इलाज के दौरान मौत

स्वतंत्र प्रभात

गोरखपुर जनपद के खजनी थाना के चौकी महुआडाबर के ग्राम महुआडाबर में बीते शाम ससुराल देवकली थाना बेलीपार से नाराज़ होकर आया मृतक करन पुत्र उमाशंकर उम्र 35 वर्ष ने बीते शाम शराब के नशे में घर आकर भतीजी के सामने जहर खाने लगा भतीजी संजना पुत्री जयप्रकाश उम्र18वर्ष ने पूछा कि क्या खा रहे हैं चाचा ने कहा जहर खा रहे हैं भतीजी ने कहा मैं भी जहर खा रही हूं और जहर खा लिया जहर खाने के की सूचना पर परिजन उसके गांव के बाहर छप्पर पर पहुंचे और गोबर पिला कर उल्टी कराने की कोशिश की गई लेकिन दोनों की हालत बिगड़ता ही गया परिजन दोनों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे और सदर के डाक्टरों ने बी आर डी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया घटना लगभग साढ़े सात बजे बीते शाम की है बीते रात 11बजे के लगभग बी आर डी मेडिकल कॉलेज में चाचा व भतीजी की मौत हो गई।

मृतक करन को दो लड़के रनन 7 व कार्तिक 5 वर्ष है मृतिका संजना 18 वर्ष की शादी नहीं हुई थी मृतक करन चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। मृतक चार भाई जयप्रकाश, शिवप्रकाश, करने, व हरिश्चंद्र थे हरिश्चंद्र की शादी नहीं हुई थी।

राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय कंपनियों के निवेश से उत्तर प्रदेश उत्तम की ओर विजय लक्ष्मी

स्वतंत्र प्रभात

सलेमपुर, देवरिया। संसदीय क्षेत्र के चौमुखा गांव में राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने भाजपा सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के समर्थन में लोगो के जनसंवाद कर वोट मांगा।

राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने ग्राम वासियों से जनसंवाद करते हुए पिछले 10 वर्ष की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अर्थ है देश के गरीबों के कल्याण की चिंता करना, देश को विकसित बनाना, जनजातियों के सम्मान की चिंता करना और हमारे उत्तर प्रदेश को पहले नंबर का राज्य बनाना है। डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंदर माफियाओं को समाप्त कर सुशासन का वातावरण बनाया है। जिस उत्तर प्रदेश में लोग उद्योग और व्यापार करने में हिचकते थे, आज उसी उत्तर प्रदेश में देसी ही नहीं बल्कि विदेशी कंपनियां भी लाखों करोड़ों के निवेश कर रही है।

ये चुनाव मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है। हम मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं,10 वर्ष पहले, राजनीति उदासीनता से भरी हुई थी। सामान्य आम जन मानस ये बोला करता था कि राजनीति से कुछ नहीं बदलेगा,10 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति की परिभाषा और राजनीति की संस्कृति बदल दी है।

शव मिलने की सूचना पर घंटों हलकान रही पुलिस, नहीं मिला शव

स्वतंत्र प्रभात

महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के स्थानीय परसामलिक के सीवान में रविवार की रात करीब आठ बजे कुछ शरारती तत्वों द्वारा शव मिलने की खबर सरेआम कर दिया गया। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नौतनवां तथा स्थानीय पुलिस ग्रामीणों के साथ शव को ढूंढने में घंटों हलकान रही। देर रात तक पुलिस का सर्च आपरेशन जारी रहा लेकिन कुछ भी संदिग्ध वस्तु हाथ नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस व ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया।

जानकारी के मुताबिक स्थानीय थाना क्षेत्र के परसामलिक स्थित सप्ताहिक बाजार के पास सीवान में कुछ शरारती तत्वों द्वारा शव देखे जाने की खबर को सरेआम कर दिया गया। शव होने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नौतनवां जयप्रकाश त्रिपाठी व थानाध्यक्ष परसामलिक प्रिंस कुमार व चौकी प्रभारी अमित सिंह अपने हमराहियों के साथ शव को ढूंढने में घंटों हलकान रहे। करीब तीन घंटे के सर्च आपरेशन के बाद भी कहीं कोई संदिग्ध वस्तु पुलिस के हाथ नहीं लगा। क्षेत्राधिकारी नौतनवां जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर खोजबीन किया गया है लेकिन कहीं शव नहीं मिला है।

भीषण गर्मी चलते बेजुबानों के पानी पीने हेतु रखा गया नांद

बांदा। रविवार को मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए अवगत कराया कि बांदा जनपद में इस समय गर्मी का पारा 43 डिग्री पार करता दिख रहा है जोकि बेहद ही खतरनाक साबित हो सकता है। आम जनमानस तो अपना बचाव किसी न किसी तरह कर लेंगे, लेकिन बेजुबान जानवरो के हालात पानी न मिलने के वजह से खराब हो सकते हैं। विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के तत्वाधान में इसी बात को ध्यान में रखते हुए बांदा जनपद के शहरी क्षेत्रों में कई जगहों पर नांद रखकर उनमें पानी भरा जा रहा है, और एक अभियान चलाया जा रहा है जिससे गौवंश के साथ ही साथ अन्य बेजुबान जानवरो को भी गर्मी में पानी प्राप्त हो सके। इसी कड़ी में आज रविवार को खुटला में इमामबाड़ा के पास एक नांद रखवाया गया है जिससे कि जानवर पानी पी सके और गर्मी से थोड़ा राहत प्राप्त कर सकें। इस दौरान समित के जिलाध्यक्ष ने सभी से निवेदन किया कि आम जनमानस भी अपने आसपास के क्षेत्रों में बेजुबानों पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था अवश्य करें क्युकी ये सभी हम सब पर ही तो आश्रित हैं इसलिए हमे इन सबका भी ध्यान रखना है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया नगर अध्यक्ष कुलदीप नामदेव लोग मौजूद रहे।

भाजपा सरकार में युवा,किसान सहित आमजन हताश और परेशान अजय

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। इण्डिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के परसौना,मथौली, करनपट्टी, पथरवा, माधोपुर खुर्द, गोड़ईता, मंझरिया, मोखन, मुन्नीपट्टी सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि सत्तासीन जनप्रतिनिधियो ने तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है, जिस कारण यह क्षेत्र विकास से पूरा अछूता है। इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधा है, ना कृषि के संसाधन जिस कारण युवा, किसान सहित आमजन हताश और परेशान है। इस क्षेत्र के बांधो की हालत जर्जर है जिस कारण क्षेत्र के लोग हर साल भयंकर बाढ़ की विभीषिका झेलते हैं । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय लल्लू ने कहा की यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह देश की एकता, अखंडता, और संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा की सरकार और इनके नेता झूठ की पराकाष्ठा पार कर दिए हैं और झूठे विकास की बात कर अपनी पीठ थपथपाते हैं अब इनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है आने वाला समय इण्डिया गठबंधन का है। इस दौरान प्रभारी लोकसभा अशोक कुशवाहा, लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मधुश्याम राय, पूर्व ब्लाक प्रमुख उदयनारायण गुप्ता,राजेश यादव, धुआं सिंह, राजन यादव, बी एन सिंह कुशवाहा, अरविन्द यादव,लालमन यादव,मान सिंह चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

दो लाख रुपये से अधिक के बैंक ट्रांसजेक्शन पर रखे निगाह व्यय पर्यवेक्षक

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया 20 मई। व्यय प्रेक्षक एम रतन कुमार की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के नव निर्मित वीवीआईपी भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने बैंक ट्रांजेक्शन पर विशेष निगाह रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दो लाख से अधिक के लेनदेन पर निगाह रखे और दस लाख रुपये के प्रत्येक ट्रांजेक्शन की सूचना आयकर विभाग को अनिवार्य रूप से दी जाए। आयकर विभाग एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण टीम ध्यान दे कि बड़ी धनराशि का प्रयोग मतदाताओं को प्रभावित करने में न हो। व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में दिए गए विज्ञापन एवं पेड न्यूज के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यदि पेड न्यूज का कोई भी प्रकरण सामने आता है तो उसे विज्ञापन मानते हुए प्रत्याशियों के निर्वाचन खर्च में जोड़ा जाए। व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी तथा एसएसटी को अधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। कहा कि जैसे-जैसे मतदान की तिथि निकट आ रही है, प्रत्येक संदिग्ध वाहन की जांच की जाए। जांच करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग हो और लोगों को असुविधा न हो। व्यय प्रेक्षक ने आबकारी अधिकारी, जीएसटी, बैंक व आयकर के नोडल अधिकारियों को जांच बढ़ाने व अवैध लेन-देन, शराब के अवैध वितरण आदि पर प्रतिबन्ध लगाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, जिला सूचना अधिकारी शांतनु श्रीवास्तव, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा अबरार आलम, वित्त एवं लेखाधिकारी स्वास्थ्य विभाग दिव्या प्रधान, आबकारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम तथा मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर का किया निरीक्षण

व्यय प्रेक्षक एम रतन कुमार ने निर्वाचन कंट्रोल रूम तथा मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीविजिल एप के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की। व्यय प्रेक्षक ने एफ़एसटी टीम की जिओ लोकेशन चेक की तथा उनके द्वारा अब तक जब्त की गई संपत्ति के ब्यौरे के साथ एमसीएमसी एवं मीडिया मॉनिटरिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज़, पेड न्यूज, अफवाह एवं हेट स्पीच को लेकर विशेष एहतियात बरता जाए। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित न्यूज़ कंटेंट का भी रिकॉर्ड मेंटेन किया जाए।

यूपीए सरकार ने पिछड़ों का छीना है हक=अनुप्रिया पटेल

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर/पचपेड़वा, अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल सोमवार को रतन पुर में लोकसभा प्रत्यासी साकेत मिश्रा और गैसड़ी विधान सभा उप चुनाव प्रत्यासी शैलेश कुमार सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यूपीए सरकार ने पिछड़ों का हक छीना है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार नहीं दिया। पीएम मोदी के सामने यह बात आई तो उन्होंने इसे सहर्ष स्वीकार्य कर लिया। एनडीएम व भाजपा ने भय, भूख व भ्रष्टाचार को देश से खत्म किया है। भ्रष्टाचारियों पर वैज्ञानिक तरीके अपनाकर लगाम कसी है। कांग्रेस ने अपने समय से देश को लूट लिया है। भाजपा ने जब उस लूट को बंद किया तो कांग्रेसी सड़क पर आ गए। अब वे मोदी की बुराई कर रहे हैं। अपना देश नए युग में प्रवेश कर रहा है। देश की तरक्की रोकने वालों को देशद्रोही कहना गलत नहीं होगा। भाजपा व एनडीए गठबंधन गरीबों के हितार्थ काम कर रही है। गठबंधन के दलों ने कभी गरीबों के हित से खिलवाड़ नहीं किया। बल्कि उनकी लड़ाई लड़ती रही। 51 करोड़ भारतीय ऐसे हैं, जिनके खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि बिना मांगे पहुंच जाती है। यदि भारतीयों को अपने सम्मान की रक्षा करनी है तो उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा।

प्रेक्षक व डीएम ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

● बुजर्ग व दिव्यांग मतदाताओं का ध्यान रखे जाने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पं. जेएनपीजी कालेज बांदा, हिन्दू इण्टर कालेज अतर्रा, उच्च प्राथमिक विद्यालय फौजदार पुरवा विधानसभा क्षेत्र नरैनी, प्राथमिक विद्यालय पनगरा नरैनी, आदर्श मतदान केन्द्र राजकुमार इण्टर कॉलेज नरैनी, प्राथमिक विद्यालय बरौली, प्राथमिक विद्यालय बबेरू तथा कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय तिन्दवारी सहित अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मतदान को शान्तिपूर्वकढंग से सम्पन्न कराये जाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित पीठासीन अधिकारियों से शान्तिपूर्वक मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए मतपत्र लेखा सहित अन्य प्रपत्रों को ठीक प्रकार से तैयार करने के निर्देश दिये। इससे पूर्व उन्होंने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए मॉकपोल को समय से कराये जाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए छाया/टेन्ट, शुद्ध पेयजल, बैठने हेतु व्यवस्था की गयी है तथा आदर्श मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था करते हुए उन्हें सुसज्जित किया गया है और मतदाताओं को अपने मताधिकार के उपयोग के पश्चात सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये हैं। मतदान केन्द्रों पर पुलिस की समुचित व्यवस्था की गयी है, जिससे कोई भी मतदाता सुरक्षित माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर शान्तिपूर्वक व्यवस्था के साथ मतदान कार्य सम्पन्न होना पाया गया। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय बनखंडी नाका , राजकीय इंटर कालेज इंटर कालेज मोबाइल बुजुर्ग सहित मतदान केदो का निरीक्षण किया, तथा सभी मतदाताओं का मतदान कराई जाने के निर्देश दिए।

जनपद सामान्य प्रेक्षक श्रीमती वी.कलाईराशि ने भी जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने भी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को देखने के साथ पुलिस सेक्टर अधिकारियों एवं सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदाताओं को वोट करने के बाद सीधे अपने घर जाने के सम्बन्ध मे अवगत करायें तथा बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यकतानुसार ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार सहित निर्वाचन से जुडे सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गर्मी से बिलबिला उठे लोग, पारा 45 डिग्री तक पहुंचा

सुबह-शाम चहल-पहल, दोपहर में सन्नाटे का रहा आलम
22 तक पड़ेगी भीषण गर्मी, 47 तक जा सकता है तापमान

बांदा। तापमापी पारे की सुई लगातार ऊपर चढ़ती जा रही है। सोमवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस अधिकत तक पहुंच गया। इससे लोग बेचौन हो उठे। सुबह 10 बजे के बाद जबरदस्त धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को दुबकने पर मजबूर कर दिया। मजबूरन जो लोग घरों से बाहर निकले वह गमछा, छतरी और तौलिया का इस्तेमाल करते हुए नजर आए। मालुम हो कि मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी जारी की थी, अगले तीन दिन तक भीषण गर्मी पड़ेगी और गर्म हवाओं के चलने से लू का खतरा उत्पन्न होगा। शनिवार से ही गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया था। रविवार को को तापमान अधिकतम 44 और न्यूनतम 31 पर रहा। सोमवार को तापमान में एक डिग्री का इजाफा हुआ और पारा 45 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तक पहुंच गया। विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक गणेश शाहा ने बताया कि अभी तापमान और भी बढने की संभावना है।

सुप्रीम लीडर खामनेई ने कर दिया ऐलान, रईसी की मौत बाद मोखबर को मिली ईरान की कमान

● - इजरायल की तरफ से आया क्या बयान

स्वतंत्र प्रभात

ईरान के पास अब रायसी के उत्तराधिकारी को चुनने के लिए राष्ट्रपति चुनाव कराने से पहले 50 दिनों की समय सीमा है। ईरानी सर्वोच्च नेता ने कहा कि मोखबर कार्यकारी शाखा का प्रबंधन करेंगे और अधिकतम 50 दिनों के भीतर एक नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए विधायी और न्यायिक शाखाओं के प्रमुखों के साथ व्यवस्था करने के लिए बाध्य हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की मृत्यु के बाद उनके लिए पांच दिनों के सार्वजनिक शोक की घोषणा की और देश में मतदान होने तक अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर की पुष्टि की। आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए द्वारा दिए गए एक बयान में खामेनेई ने कहा कि मैं पांच दिनों के सार्वजनिक शोक की घोषणा करता हूं और ईरान के प्रिय लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस घोषणा के साथ, ईरान के पास अब रायसी के उत्तराधिकारी को चुनने के लिए राष्ट्रपति चुनाव कराने से पहले 50 दिनों की समय सीमा है। ईरानी सर्वोच्च नेता ने कहा कि मोखबर कार्यकारी शाखा का प्रबंधन करेंगे और अधिकतम 50 दिनों के भीतर एक नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए विधायी और न्यायिक शाखाओं के प्रमुखों के साथ व्यवस्था करने के लिए बाध्य हैं।

इज़राइल ने रायसी की मौत में शामिल होने से इनकार किया है

एक इजरायली अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यहूदी राष्ट्र ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और उनके विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन की मौत में शामिल नहीं था। नाम न छापने का अनुरोध करने वाले एक अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि यह हम नहीं थे। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि वर्तमान में सभी संकेत यही हैं कि हेलीकॉप्टर खराब मौसम और खराब दृश्यता के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

ईरान ने पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शिष्य और ईरान-इराक युद्ध के अंत में 1988 में हजारों राजनीतिक कैदियों को सामूहिक फांसी दिए जाने में शामिल रहे ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की सोमवार को एक हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उत्तर-पश्चिमी ईरान में रविवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों की ऐसे समय में अचानक मौत हो गई जब ईरान आंतरिक असंतोष और दुनिया के कई देशों के साथ अपने संबंधों को लेकर संघर्ष कर रहा है। रायसी की मृत्यु के कुछ घंटों बाद, स्थानीय रिपोर्टों ने सुझाव दिया कि ईरान ने पांच दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। ईरान के राष्ट्रपति की मृत्यु की आधिकारिक घोषणा में यही कहा गया था, यह घोषणा इमाम रज़ा की दरगाह पर की गई थी

सुप्रीम लीडर खामेनेई के उत्तराधिकारी कहलाते थे रईसी

63 साल के रईसी को ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई का उत्तराधिकारी माना जाता था। रईसी एक कट्टरपंथी और धार्मिक रूप से रूढ़िवादी नेता थे। ईरान का राष्ट्रपति बनने से पहले वे कई न्यायिक पदों पर काम कर चुके थे। उन्होंने सबसे पहले 2017 में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में उन्होंने खुद को भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले एक योद्धा के तौर पर पेश किया, मगर उदार माने जाने वाले हसन रूहानी से वे चुनाव हार गए। रूहानी को लगातार दूसरी बार जीत मिली। हसन रूहानी को 57त्न वोट मिले, जबकि रईसी 38त्न वोट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहे। हालांकि इस हार के बाद भी रईसी की छवि पर कोई खास असर नहीं पड़ा। आयतुल्लाह खामेनेई ने 2019 में उन्हें एक और बड़ी जिम्मेदारी देते हुए ईरान का चीफ जस्टिस बना दिया। वह दो सालों तक इस पद पर रहे। इसके बाद रईसी ने एक बार फिर से साल 2021 के राष्ट्रपति चुनावों में अपनी किस्मत आजमाई। इस चुनाव में उन्होंने शानदार जीत हासिल की। उन्हें 62त्न वोट हासिल हुए। रूहानी की तरफ से उम्मीदवार नियुक्त किए गए अब्दोलनासेर हिम्माती को सिर्फ 8.4त्न वोट मिले। कहा जाता है कि इस चुनाव में खामेनेई का करीबी होने का रईसी को फायदा मिला था। चुनाव के ठीक बाद अंतरराष्ट्रीय मीडिया से जुड़ी कई रिपोर्ट्स में ईरान के चुनावों में धांधली के दावे किए गए थे। चुनाव से पहले ईरान की गार्जियन काउंसिल ने कई विपक्षी और उदारवादी नेताओं के चुनाव लड़ने पर भी बैन लगा दिया था।

संक्षिप्त ख़बरें

सिसिबरगांव में करिश्मा नाथ के नागारा नाम अनुष्ठान देखने मध्य रात तक लोगों ने किया बीड़

असम धेमाजी- 20 मई। ऊपरी असम के धेमाजी जिले की सिसिबारगांव में नागारा नाम के पाठिका करिश्मा नाथ पहली बार आए है। करिश्मा नाथ के नागारा नाम अनुष्ठान देखने के लिए इलाके के लोगों ने बीड़ लगा दी। पाठिका के नागारा नाम ओर व्यंग्यात्मक संवाद और नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का दिल जीतने में सक्षम हुवा। दर्शकों ने भी पहली बार नागार नाम के प्रिय पाठिका को सामने से देखकर आनंद लिया और पाठिका को ढेर सारे आशीर्वाद दिया। गौरतलब है कि हाल ही में निधन हुए स्वास्थ्य विभाग के लोकप्रिय कर्मचारी भोलानाथ भुया उर्फ (गारो) के श्रद्धांजलि समारोह में करिश्मा नाथ के मिलिजुली नागारा नाम दल को बेटे डंबरू भुया के नागारा नाम दल को आमंत्रित किया था। पहली बार, धेमाजी जिले के सिसिबार गांव में नागारा नाम पेश करते हुए मेडिया से बातचीत करते हुए करिश्मा ने कहा धेमाजी में इए मेरा पहला कारिक्रम है या ओर लोगों की आशीर्वाद से में आनंदित हूँ।

असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा में भाषा शहीद दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

असम करीमगंज- हर साल की तरह इस साल भी करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा जीपी रोड स्थित 11वीं भाषा शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। यह दिन पिछले 19 मई (रविवार) को 11वीं बांग्ला शहीद बेदी निर्माण समिति के प्रबंधन के तहत मनाया गया था। एसोसिएशन के अनुसार उक्त वेदी की स्थापना 19 मई 2011 को संस्थापक दिलीप रंजन दास एवं वन बीट पदाधिकारी सादेक अहमद चौधरी के प्रयास से की गयी थी. हालाँकि, उद्यमी दिलीप रंजन दास अब नहीं रहे और कालीगंज निवासी वन बीट अधिकारी सादेक अहमद चौधरी दुल्लभछड़ा से स्थानांतरित होकर दूसरे स्थान पर चले गए और उपस्थित लोगों ने आभार व्यक्त किया कि उन्हें बंगाली भाषा प्रेमियों के दिलों में हमेशा याद किया जाएगा। दिवस के समारोह में शिक्षक प्रदीप चंद्र दास ने मातृभाषा शहीदों की जीवनी पर प्रासंगिक भाषण दिया और उनके बलिदान पर रचित एक गीत भी प्रस्तुत किया। आयुष दास ने अपनी लिखी कविताएं भी प्रस्तुत कीं. कृष्णपद मालाकार, चंदन देव, अपू मजूमदार, मिहिर भौमिक, राजाराम कलवार, सुवेन्दु कुमार दास, किशोर मालाकार, सौरभ शुक्लावद्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

12 चक्का ट्रक सहित 30.750 लीटर विदेशी शराब के साथ ड्राइवर, खलासी सहित दो और व्यक्ति गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

सहरसा में रविवार को उत्पाद विभाग की पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। उत्पाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की पश्चिम बंगाल से 12 चक्का ट्रक से विदेशी शराब की खेप आ रही है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव मुख्य मार्ग पर गाड़ी की जांच की। जांच के दौरान जब तलाशी ली गई तो 30.750 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही साथ ड्राइवर खलासी सहित दो व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें दो व्यक्ति जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं, आज रविवार को सहायक आयुक्त (मद्य निषेध) संतोष कुमार ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सूचना मिली थी जो खगड़िया साइड से सिमरी बख्तियारपुर की

तरफ छोटी, बड़ी गाड़ी से विदेशी शराब आ रही है। इसी सूचना पर उत्पाद बल को लगाया गया था। जांच के क्रम में एक ट्रक की तलाशी ली गई। जिसमें 30.750 लीटर शराब बरामद किया गया।

उन्होंने ये भी बताया कि इधर से ये लोग मवेशी लेकर जाता है बंगाल उधर से लौटते समय पुआल से ढक कर शराब लाता था। इस कार्रवाई में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति में में एक ड्राइवर है जिसका

सहायक आयुक्त संतोष कुमार ठाकुर

नाम सुधीर कुमार है जो सौरबाजर का रहने वाला है दूसरा व्यक्ति खलासी है जिसका नाम मन्नू यादव है जो सौरबाजर का रहने वाला है। तीसरे व्यक्ति का नाम संतोष यादव है जो खगड़िया का रहने वाला है। चौथे व्यक्ति का नाम दुर्बल यादव है, जो सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। सभी गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

संसद भवन की सुरक्षा अब सीआईएसएफ के हवाले

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। पिछले 10 साल से संसद भवन की सुरक्षा में तैनात रहे सीआरपीएफ के जवान और दिल्ली पुलिस के करीब 150 जवानों को सोमवार से संसद की सुरक्षा से हटा लिया गया है। अब सोमवार से इनकी जगह (सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटीज फोर्स) सीआईएसएफ के 3316 जवानों के हवाले नए पार्लियामेंट हाउस की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंप दी है। दरअसल 13,दिसंबर, 2023 में संसद भवन की दर्शक दीर्घा से दो शख्स कूद गए थे। तब इस घटना को गृह मंत्रालय ने इसे संसद की सुरक्षा में बडी चूक माना था। मंत्रालय ने सुरक्षा चूक को लेकर एक कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने गृह मंत्रालय को अपनी पेश रिपोर्ट में पुराने सुरक्षा कवच में तब्दील करने की सिफारिश की थी। हालांकि पिछले 10 साल से संसद भवन की सुरक्षा में तैनात(सीआरपीएफ) के सुरक्षा कवच में कोई कमी तो नहीं निकाली। अलबत्ता कमेटी ने सीआरपीएफ की जगह (सीआईएसएफ) के जवानों को तैनात करने की सिफारिश की थी। इसी सिफारिश के मद्देनजर ही शुक्रवार को सीआरपीएफ के1400 जवानों को भी पुराने संसद भवन से भी सुरक्षा कर्मियों को हटा लिया गया है। वहीं सोमवार 20 मई से (सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स)

(सीआईएसएफ) के 3316 जवानों ने संसद भवन की नई इमारत की जिम्मेदारी संभाल ली है। (सीआईएसएफ) के इन 3316 जवानों को पिछले कई दिनों से एनएसजी कमांडो द्वारा सघन ट्रेनिंग दी जा रही थी। ट्रेनिग के बाद ही आज सोमवार 20 मई को तमाम 3316 (सीआईएसएफ) जवानों के हवाले संसद भवन की सुरक्षा का जिम्मा सौंप दिया है। वहीं दिल्ली पुलिस के 150 सुरक्षा कर्मियों को भी हटा दिया है। अब संसद के नए सत्र से नई सिक्योरिटी की तैनाती से संसद भवन की रंगत बदली-बदली नजर आएगी। उल्लेखनीय है कि देश में बेहद महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, इंडस्ट्रियल समेत मैट्रो रेल कॉर्पोरेशन की पूरी सिक्योरिटीज का जिम्मा सीआईएसएफ जवानों के हवाले है।

मैट्रो में युवती का अश्लील कैबरे डांस भडके यात्री

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली। दिल्ली मैट्रो में सिक्योरिटी के सख्त पहरे के बडे-बडे दावे करने वाले अधिकारियों की नाक तले एक बार फिर युवती ने अश्लील कैबरे डांस कर तमाम सिक्योरिटी के दावों को ठेंगा दिखा दिया है। इससे साबित होता है कि मैट्रो में रील बनाने का सिलसिला थमता दिखाई नहीं दे रहा है। उल्टे बिकनी गर्ल, खुल्लर खुल्ला किसिंग सीन से लेकर मस्टरबेसन जैसी हरकतों से मैट्रो सवार आम यात्रियों को मुंह ढकना पड रहा है। मैट्रो सिक्योरिटी को ठेंगा दिखाती एक ऐसी ही युवती का विडियो वायरल हो रहा है। विडियो में युवती मैट्रो के सपोर्टिंग पिलर को पकडकर

अध नंगी ड्रेस में अश्लील पोल डांस बडी ही बेशर्मी से कर रही है। इस बार डांस कर रही बेखौफ युवती ने अपने सोशल मिडिया प्लेटफार्म से इस विडियो को बाकायदा शेयर किया है। डांस कर रही युवती का नाम मनीषा बताया जा रहा है।जिसके इस्टाग्राम और यूट्यूब पर लाखों फॉलोअर हैं।हालांकि बेखौफ युवती ने दिल्ली मैट्रो में उक्त युवती ने एक के बाद एक कई अश्लील डांस विडियो शेयर किए है। जो तमाम यात्रियों के बीच फिल्माए गए हैं।विडियो को लेकर लोगों ने मैट्रो से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

तलाकशुदा महिला दो बच्चों के साथ लापता, गुमशुदगी दर्ज

शाहाबाद हरदोई। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला चौक में दो बच्चों सहित तलाकशुदा महिला के मायके से लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की मां के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला चौक निवासी सरोज वर्मा पत्नी चंद्र प्रकाश वर्मा ने बताया वह अपने पति के साथ अपनी पुत्री के ससुराल प्रतापगढ़ गई थी। उसकी छोटी तलाक शुदा पुत्री अपने दो बच्चों के साथ घर पर मौजूद थी। 18 मई को उसकी तलाक शुदा पुत्री अपने दोनों बच्चों के साथ कहीं चली गई है।जिसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। उसने 2014 में पुत्री का विवाह कानपुर में किया था, लेकिन दामाद के गलत आचरण के कारण 2022 में हरदोई न्यायालय में तलाक की अर्जी डाली थी, जिस पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी को एक पक्षीय तलाक कोर्ट ने मंजूर कर लिया। जिसकी कापी अभी नहीं मिल सकी है।उसे पूर्ण शक है उसकी पुत्री के गायब होने में दामाद का हाथ है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर महिला की गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की है।

नासमझी के हैं तमाम फायदे, कोई कहे आपमें है 'कॉमन सेंस' की कमी, तो गौर करें वीर दास की इस सलाह पर

● - आज के बाद आपको नासमझ बनने के फायदे दिखने लगेंगे. ये फायदे आपको ज्यादा समझदार होने के घमंड, न होने के डर और समाज के प्रेशर से बचाएंगे. वीर दास की बात में दम तो है.

स्वतंत्र प्रभात

गो गोवा गॉन में कुणाल खेमू, आनंद तिवारी और सैफ अली खान के साथ मस्ती करते दिखे वीर दास की कॉमिक टाइमिंग और बोलने का तरीका दोनों उन्हें बाकी एक्टर्स से अलग बनाते हैं. बदमाश कंपनी से बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाले वीर दास ने डेली बेली जैसी फिल्म में इमरान खान और कुणाल रॉय कपूर के साथ भी दिखे और रिफ्लेशिंग भी लगे. बॉलीवुड में करीब डेढ़ दर्जन फिल्में करने के बावजूद उन्होंने सिर्फ फिल्मों को अपना करियर नहीं बनाया.

वो थमे नहीं, वो दुनियाभर के बेस्ट स्टैंडअप कॉमेडियन में गिने जाने लगे. उन्होंने कई इंटरनेशनल शो किए हैं और करते रहते हैं. वीर ने अब तक करीब 35 नाटक और 100 से ज्यादा स्टैंडअप कर डाले हैं. इसके अलावा, टीवी शोज का भी वो हिस्सा रहे हैं. उनकी बातें इंस्पिरेशनल हैं. सिर्फ एक स्पीच में उन्होंने जीवन का सार बता दिया था . क्योंकि उनकी लेखनी और उस लेखनी को जुबान से पेश करने का तरीका, दोनों अलग हैं. इस स्पीच के बारे में बात करते हैं और कुछ एनर्जी लेते हैं.

वीर दास की सलाह जो आपके काम आ सकती है

उत्तराखंड के देहरादून में पले-बढ़े वीर दास ने इकोनॉमिक्स में डिग्री ली है. उन्होंने अमेरिका स्थित नॉक्स कॉलेज में जब डॉक्टरेट की उपाधि ली तो उस समय उन्होंने एक स्पीच दी. स्पीच में उन्होंने सलाह ऐसी दी, जो सुनने में न सिर्फ अलग थी बल्कि कमाल भी थी. उन्होंने इस स्पीच में कहा, 'बी स्टुपिड'. युवाओं के लिए उनकी ये सलाह थोड़ी अजीब लग सकती है, लेकिन समझने लायक है.

ढेर सारा नॉलेज नहीं तो क्या डिप्रेशन में चले जाना चाहिए?

दरअसल वीर दास की ये स्पीच इसी बारे में थी. वो बताना चाह रहे थे कि जरूरी नहीं है कि हर चीज का ज्ञान या सामान्य ज्ञान ही आपके पास हो. अगर नहीं है तो ये भी अच्छा है, क्योंकि इससे आप अपनी लाइफ ढंग से जी पाते हैं.

वीर दास ने कहा, "मूर्ख या नासमझ बन जाओ कम से कम एक बार, या फिर कोशिश करो कि अक्सर ऐसा हो. क्योंकि जब आप इस नासमझी को अपनाते हो तो आप सच में अपनी ढंग से जीते हो."

वीर दास ने समझाई नासमझी की परिभाषा

वीर दास ने स्टूपिडिटी यानी नासमझी की परिभाषा भी समझाई. उन्होंने बताया- "डिक्शनरी के मुताबिक, मूर्ख होने का मतलब होता है जब किसी शख्स के पास कॉमन सेंस की कमी हो. मैं आपको बताना चाहता हूं कि ये बहुत ही ओवररेटेड है."

वीर दास के मुताबिक क्यों जरूरी है नासमझी का होना

वीर दास ने बताया कि लाइफ बहुत अलग-अलग रंग दिखाती है. इसमें बहुत करेज की भी जरूरत है और ये दर्द भरा भी है. इसमें मजा है और ये बहुत खुशी देने वाला भी है. इसलिए इनका सामना करने के लिए जरूरी है कि आप नासमझ हो जाओ.

जब कोई मुश्किल कोई परेशानी आए

वीर दास ने बताया कि ये स्टुपिडिटी आप प्यार में दिखाओ, दोस्ती, मीटिंग्स, सफलता और असफलता हर जगह अपने साथ रखो. चाहे दुख हो चाहे दर्द या बीमारी. अपने आर्ट के साथ भी ऐसा ही बिहेव करो. और इसी नासमझी के साथ वो करके दिखाने का साहस रखो जिसे समाज कॉमन सेंस की वजह से बेवकूफी भरा मान रहा हो.

वीर दास ने क्यों कही इतनी बड़ी बात

वीर दास ने अपनी स्पीच के आखिर में कहा था, "ज्यादा से ज्यादा क्या होगा कोई तुम्हें मूर्ख कह देगा बस. कोई ये भी कह सकता है कि तुम्हारी जिंदगी मजाक है. लेकिन जब आप जिंदगी के आखिरी पलों में होंगे तो वो पल ही याद आएंगे जब आपने ऐसी कोई स्टुपिडिटी की होगी और आपकी हंसी फूट जाएगी. और खुश रहना ही तो जिंदगी है."

वीर दास की बात का असल मतलब क्या है?

असल मतलब सिर्फ इतना है कि आप कोई फैसला लेने से पहले या समाज या स्थितियों का प्रेशर लेने से पहले ये जरूर सोच लें कि जिंदगी एक ही है. और सबसे ज्यादा जरूरी है कि खुश रहा जाए, न कि ये सोचा जाए कि कोई और क्या सोचेगा. वीर की बात का ये मतलब बिल्कुल भी नहीं था कि वो स्टुपिड होने का मतलब बदतमीज होना बता रहे हैं. उनका मतलब था कि ऐसे स्टुपिड हो जाओ कि जिंदगी खुशी से भर जाए. तो आज मंडे है और अगर जरूरत है मोटिवेशन की तो बस वीर की ये सलाह मानकर देखिए...बी स्टुपिड...जिंदगी देखने का नजरिया बदल जाएगा. आखिर में वीर दास की एक बात जो आपको जरूर जाननी चाहिए. उन्होंने एक दिन अपने फेसबुक अकाउंट से अपने बोर्ड एग्जाम्स की मार्कशीट की फोटो पोस्ट कर दी. इस मार्कशीट में साफ दिख रहा था कि उनके नंबर बहुत खराब थे. उन्होंने सलाह दी, "आपके नंबर कैसे हैं ये सब आपको सफल बनाने से नहीं रोक सकते. आखिर में लोग आपको आपकी सफलता से याद करते हैं न कि इन मार्कशीट के नंबरों से. और अफसोस भी करते हैं कि काश कि वो भी कुछ ऐसा कर पाते.